फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 157 प्रभात जयपुर, शनिवार 7 जनवरी , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



**Making Of The National Scouts Jamboree in Raj**

Arya insisted that the tents should look big and spacious. Thus each tent area was given a space of 3 feet by 40 feet.

**A Letter To Yourself**

**Breakdancing is heading to the Olympics** The practice risks losing its subcultural edge



*सफेद रंग का एक स्नोई आउल (उल्लू की एक प्रजाति), जो मूलतः आर्कटिक में मिलता है, 100 साल में पहली बार सदर्न कैलिफोर्निया में दिखा है। पूरे राज्य से बर्ड वॉचर्स इसकी झलक देखने आ रहे हैं। विश्व में इस प्रजाति के मात्र 30 हजार पक्षी ही बचे हैं। पिछले एक हफ्ते में कई बार यह पक्षी एक छत से दूसरी छत पर फुदकता नज़र आया। यह उल्लू 2000 मील दूर दक्षिण में कैसे आ गया, इसे लेकर रहस्य बना हुआ है। कुछ लोगों का मत है कि या तो यह किसी जहाज में बैठकर आया है या संरक्षण केन्द्र से भागा हुआ है। स्नोई आउल आर्कटिक टुंड्रा में मिलते हैं। लेकिन सफेद -काले रंग के ये पक्षी कई बार कैनेडा के दक्षिण तक प्रवास पर जाते हैं और आमतौर पर रेतीले समुद्र तटों पर ही पड़ाव डालते हैं। सदर्न कैलिफोर्निया तक तो शायद ही कभी आते हैं। स्नोई आउल सबसे बड़े नॉर्थ अमेरिकन आउल हैं। अपना अधिकांश समय ये आर्कटिक में गुज़ारते हैं और सर्दियाँ कैनेडा व अलास्का में। यह भी देखा गया कि कुछ स्नोई आउल वर्ष भर अपने ब्रीडिंग ग्राउण्ड में रहे। सैंटा एना रिवर वाइल्डलाइफ के साथ काम करने वाले रॉब यंग ने कहा, ''मेरे लिए गर्व की बात है कि मैं इस पक्षी को देख पाया।'' कुछ लोगों का तो यह भी मानना है कि, यह वही स्नोई आउल है, जो कुछ सप्ताह पहले लॉस एंजलिस काउन्टी में दिखा था। एक शोधकर्ता, स्कॉट वाइनडैनसॉल ने कहा कि, स्नोई आउल विश्व के उस भाग में रहते हैं जहां इंसान का अस्तित्व ना के बराबर है और जहां पेड़ पौधों का नाम निशान नहीं होता। स्कॉट एक नॉन प्रॉफिट प्रौजैक्ट, स्नोस्टॉर्म के लिए काम करते हैं, जो स्नोई आउल का मूवमैंट ट्रैक करता है। स्कॉट का कहना है कि, कुछ स्नोई आउल हर साल सर्दी में आर्कटिक से दक्षिण की ओर जाते हैं पर यह संख्या हमेशा कम ज्यादा होती रहती है। उन्होंने कहा कि, स्नोई आउल का प्रिय भोजन लैमिंग्स (एक तरह का चूहा) हैं, जिनकी आबादी हर तीन से 5 साल में बढ़ जाती है। जब लैमिंग्स की संख्या बढ़ती है तो स्नोई आउल के ज्यादा चूज़े जिंदा रहते हैं। इन वर्षों को ''इरप्शन'' वर्ष कहते हैं। इन ''इरप्शन'' वर्षों में ज्यादा पक्षी माइग्रेट करते हैं। अधिकांशतः सर्दियों में स्नोई आउल ग्रेट लेक्स या केप कॉड क्षेत्र से आगे नहीं जाते, पर ''इरप्शन'' वर्षों में वो आगे तक जा सकते हैं।*

# कर्नाटक में चला पर तमिलनाडू में नहीं चल पा रहा भाजपा का हिन्दुत्व का नारा

## कई बार भाजपा ने हिन्दुओं के मंदिरों को सरकार से मुक्त कराने का मामला उठाया, पर मुद्दा भावनात्मक जड़ें नहीं पकड़ पा रहा तमिलनाडू में

**-लक्ष्मण वेंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 जनवरी। भाजपा का हिन्दुत्व का मुद्दा, जो कर्नाटक में अपना प्रभाव दिखा रहा है, पड़ोसी राज्य तमिलनाडु में चारों खाने चित दिखाई दे रहा है। तमिलनाडु में, धार्मिक मुद्दों को जोर-शोर से उठाने की भाजपा की बार-बार की जा रही कोशिशें लोगों की भावनाओं को उभारने में असफल रही हैं। ज्ञातव्य है कि भाजपा की इस प्रकार की कोशिशें देश में लगभग हर स्थान पर उसे राजनैतिक लाभ देती आ रही हैं।

यही कारण है कि द्रमुक प्रमुख एम.के. स्टालिन के नेतृत्व वाली तमिलनाडु सरकार ने भाजपा की इस माँग की अनदेखी कर दी है कि मंदिर सरकारी नियंत्रण से मुक्त कर दिये जायें। अगर भाजपा का विश्वास किया जाये तो सरकार को मंदिरों पर नियंत्रण रखने का कोई अधिकार नहीं है तथा यह सरकार से अक्सर सवाल करती रहती है कि सरकार अन्य धर्मों एवं सम्प्रदायों के मंदिरों तथा धार्मिक स्थलों पर इस प्रकार का नियंत्रण सचमुच रखती है। साफ बात यह है कि भाजपा चाहती है कि इस मुद्दे पर हिन्दू समुदाय को लामबंद एवं सक्रिय किया जाये।

- **तमिलनाडू में 44,000 मंदिर हैं, जिन पर हिन्दू रिलिजस चैरिटेबिल एन्डाओमैंट एक्ट 1959, के मार्फत राज्य सरकार का नियंत्रण है।**
- **भाजपा बार-बार सवाल उठाती है कि, सरकारी नियंत्रण की यह विशेष व्यवस्था क्या अन्य धर्मों के धार्मिक स्थलों पर भी लागू है।**
- **डी.एम.के. सरकार, मु.मंत्री स्टालिन के मार्फत यह तर्क देती है कि, वह हिन्दू धर्म के खिलाफ नहीं है, पर मंदिरों के धन व सम्पदा का दुरूपयोग व अव्यवस्था व धर्मान्तरण को रोकने के लिये मंदिरों को अपने नियंत्रण में लिया है।**
- **तमिलनाडू की जनता सरकार व धर्म के मामले में भाजपा से ज्यादा द्रविड़ पार्टियों पर विश्वास करती है।**
- **यहां तक कि, भाजपा की सहयोगी पार्टी अन्नाद्रमुक भी मंदिरों के मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए है तथा भाजपा के समर्थन में नहीं खड़ी है।**
- **यह भांपते हुए डी.एम.के. का सार्वजनिक स्टैण्ड है, वह मंदिरों को ऐसे धार्मिक स्थल के रूप में विकसित करना चाहती है, जहां जाति, धर्म आदि के नाम पर भेदभाव न हो।**

लेकिन, अन्य राज्यों से अलग हट कर, यह मुद्दा तमिलनाडु की आम जनता की कल्पना को अपनी गिरफ्त में लेने में असफल रहा है। जहाँ तक तमिलनाडु के स्थानीय शासन का प्रश्न है, यहाँ की जनता द्रविड़ पार्टियों पर भरोसा करती है तथा राष्ट्रीय दलों के दावों को सिरे से खारिज़ कर देती है। भाजपा की नज़रें 39 लोकसभा सीटों की बहुत बड़ी संख्या पर तथा तमिलनाडु की सत्ता पर लगी हैं लेकिन अभी तक तो भाजपा को तमिलनाडु की जनता अपनी सोच पर अडिग ही दिखाई दे रही है। ज्ञातव्य है कि तमिलनाडु की राजनीति को गंभीरता से लेने के लिये ही, भाजपा ने अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन किया है।

लेकिन जहाँ तक मंदिरों और उन पर सरकार के नियंत्रण का प्रश्न है, केवल भाजपा ही इस बिन्दु पर शोर-गुल करती तथा विरोध प्रदर्शन करती नज़र आ रही है, उसकी गठबंधन पार्टनर अन्नाद्रमुक के इस मुद्दे पर खामोश है तथा इससे सुरक्षित दूरी बनाये हुये है। इस स्थिति को देखते हुये, द्रमुक सरकार ने भाजपा की माँग को सरसरी तौर पर खारिज़ कर दिया है तथा वह भाजपा को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# धीरे-धीरे सुधर रही है सोनिया की तबियत

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 जनवरी। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की हालत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है, पर गंगाराम हॉस्पीटल, जहां बुधवार को उन्हें सांस में तकलीफ की वजह से भर्ती करवाया गया था, के डॉक्टर्स का कहना है कि उनकी हालत स्थिर बनी हुई है।

- **पर, सर गंगाराम अस्पताल, जहां उन्हें श्वसन संक्रमण होने पर भर्ती करवाया गया था, के चिकित्सकों का कहना है कि, सोनिया की हालत स्थिर है।**

सोनिया के साथ अस्पताल में उनकी बेटी प्रियंका गांधी हैं। प्रियंका ने कहा कि उनकी मां को श्वसन संक्रमण हुआ है। राहुल गांधी उत्तर प्रदेश में अपनी भारत जोड़ो यात्रा बीच में छोड़कर अपनी मां से मिलने आए हैं।

# क्या नेपाल आतंकवादियों के भारत में अतिक्रमण का नया केन्द्र बनेगा?

## पाकिस्तान से आतंकवादियों के अतिक्रमण को गति मिली, जब अन्तर्राष्ट्रीय एजेंसियों ने पाकिस्तान की वित्तीय स्थिति गड़बड़ होने के बाद उसे ''ग्रे लिस्ट'' (संदिग्ध देशों की सूची) में डाला था

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 जनवरी। भारत-पाकिस्तान सीमा लाइन ऑफ कंट्रोल (एल.ओ.सी.) से ही जैसे सीमापार आतंकवाद पर्याप्त नहीं था, अब संभावना है कि नेपाल को ऐसे देशों की ग्रे लिस्ट में डाला जा रहा है, जिनमें मनी लॉँड्रिंग और टैरर फायनैंसिंग का मुकाबला करने में रणनीतियां बनाने की कमी है। भारत को सावचेत रहना होगा क्योंकि ऐसी स्थिति नेपाल को अपने यहां आतंकवादियों को पनाह देने का दूसरा स्रोत हो सकती है।

हालांकि नेपाल ने मनी लॉँड्रिंग और टैरर फायनैंसिंग का मुकाबला करने के लिए कानूनों में संशोधन करना शुरू कर दिया है, लेकिन उसके कानूनों और उनके प्रवर्तन में ऐसी कमियां हैं जिसका सरकार को समाधान करना है।

फायनैंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफ.ए.टी.एफ.) एक अन्तर्राष्ट्रीय नीति निर्माण इकाई है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर अन्तर्राष्ट्रीय मानदण्डों की स्थापना करना, नीतियां बनाकर आगे बढ़ाना और मनी लॉँड्रिंग और आतंकवाद के

- **एफ.ए.टी.एफ. की विशेषज्ञों की टीम नेपाल के दौरे पर है तथा फरवरी में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।**
- **रिपोर्ट का मुद्दा होता है, उस देश में ''मनी लॉण्डरिंग'' के मामलों में कितने कानून हैं तथा उन पर कितनी सख्ती से कार्यवाही होती है।**
- **टीम साथ ही यह भी देखती है कि, उस देश (नेपाल) की आतंकवाद को की जाने वाली फायनैंसिंग रोकने की कितनी क्षमता है और वह देश आतंकवादी गतिविधि फाइनैंसिंग का ''हब'' तो नहीं बन रहा।**
- **काठमांडू टाइम्स के एक वरिष्ठ पत्रकार के अनुसार, नेपाल को ''ग्रे लिस्ट'' में शामिल करने की काफी संभावना है, क्योंकि उक्त पत्रकार के अनुसार मनी लॉण्डरिंग कानूनों में कई खामियाँ हैं तथा अनुपालना भी लचर है।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 44 हाई कोर्ट जजों की नियुक्ति

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 जनवरी। केन्द्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट को आश्वासन दिया कि सुप्रीम कोर्ट कोलीजियम की 104 लम्बित सिफारिशों में 44 हाई कोर्ट जजों के नामों को इस सप्ताहांत तक मंजूरी देकर उन्हें सुप्रीम कोर्ट भेज दिया जाएगा।

- **केन्द्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को आश्वासन दिया है कि, कोलीजियम ने जिन 104 नामों की सिफारिश की है, उनमें से 44 नामों को इसी सप्ताह केन्द्र सरकार क्लियरैंस दे देगी।**

यह आश्वासन एटॉर्नी जनरल आर. वैंकटरमानी ने न्यायिक नियुक्तियों की समय सीमा का समर्थन करते हुए दिया। उन्होंने जजों की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट के साथ टकराव कम करने के संकेत दिए। उन्होंने जस्टिस संजय किशन कौल और अभय एस. ओका की बैंच के समक्ष कहा कि सरकार सर्वोच्च

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# इस साल के अंत तक कुछ ''हैरिटेज ट्रेन'' हाइड्रोजन से चलने लगेंगी

## छोटी लाइन की गाड़ियां हिमालय के पर्वतीय इलाकों में चल रही हैं तथा हाइड्रोजन ईंधन के उपयोग से ये रेल गाड़ियां पूर्णतया ''ग्रीन'' हो जायेंगी, क्योंकि प्रदूषण के रूप में केवल पानी ही निकलेगा, इन रेलगाड़ियों से

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 जनवरी। अश्विनी वैष्णव ने नैरो गेज रूट्स पर संचालित हैरीटेज ट्रेन्स में से किसी एक को वर्ष 2023 के अंत तक देश की पहली ''हाइड्रोजन ट्रेन'' बनाने की योजनाओं की घोषणा की है। जर्मनी ने पिछले वर्ष जुलाई माह से ही एक पैसेन्जर रूट पर एक प्रोटोटाइप हाइड्रोजन चालित ट्रेन शुरु की है जिसकी अधिकतम स्पीड 160 किमी. प्रति घंटा है। यद्यपि यह तकनीकी फिलहाल ओपन मार्केट के बजाए कारखानों में ही उपलब्ध है, इसलिए दिसम्बर 2023 की अंतिम समय सीमा मुश्किल प्रतीत होती है।

इस स्थिति में संबंधित एक अन्य मुद्दा यह है कि जर्मनी या यूरोपीय देशों के विपरीत भारतीय रेलवे की 70 प्रतिशत ईंधन जरुरतें अब भी कोयला, तेल व पैट्रोलियम जैसे फासिल फ्यूल्स से पूरी होती हैं। भारत के मामले में इन ट्रेनों का संचालित करने वाले हाइड्रोजन सिलैण्डर्स को चार्ज करने के लिए फिर भी फॉसिल फ्यूल्स की आवश्यकता पड़ेगी। इसलिए पटरियों पर दौड़ रही ट्रेन से कार्बन उत्सर्जन कम हो जाएगा, लेकिन थर्मल पावर प्लांट्स पर पर्यावरणीय प्रदूषण जारी रहेगा। इसलिए ''ग्रीन टैक्नॉलजी'' का सूत्रपात करने के रेलवे के दावे अनुपयुक्त हैं।

फ्रांस की ट्रांसपोर्टेशन की दिग्गज कंपनी ''ऑस्तम'' वर्ष 2016 में दुनिया की पहली कार्बन उत्सर्जन रहित क्षेत्रीय ट्रेन ''कोरोदिया आईलिन्त'' की शुरुआत की। इस ट्रेन का अब जर्मनी के एक पैसेन्जर रुट संचालन करने की कोशिश की जा रही है। इस देश ने ब्रेमेर्बेदे में दुनिया का पहला हाइड्रोजन फिलिंग स्टेशन भी बनाया है। फ्यूल सैल्स और हाइड्रोजन उत्पादन करने वाले उपकरण की खोज कर रहे हैं। भारत की योजना

- **छोटी लाइन की प्रमुख हैरिटेज रेलगाड़ियां हैंः दार्जिलिंग हिमालयन रेल, नीलगिरी माउन्टेन रेल, कालका शिमला रेलवे, माथेरन हिल रेलवे, कांगड़ा वैली रेल, बिलिमोरिया वागाई रेल तथा मारवाड़-देवगढ़-मडरिया रेल।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# क्या मोदी ने अपनी पत्नी को नज़रबंद किया था?

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 जनवरी। क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी पत्नी जसोदा बेन को घर में ही नज़रबंद कर दिया था ताकि वे अहमदाबाद में उनकी मां हीरा बेन के अंतिम संस्कार में शामिल ना हो पाएं। यह जानकारी एक मीडिया रिपोर्ट से मिली है।

- **एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार प्र.मंत्री मोदी की पत्नी जसोदा बेन अपनी सास हीरा बेन के अंतिम संस्कार में शामिल होने जाना चाहती थीं, पर उनके घर को पुलिस ने घेर लिया और बाहर नहीं निकलने दिया।**

अपनी सास हीरा बेन की मृत्यु से दुखी जसोदा बेन अपने भाईयों के साथ उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने जाने को तैयार थी कि तभी उनके घर को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भारत जोड़ो यात्रा को वैस्टर्न यू.पी. में भारी समर्थन मिला

## जम्मू-कश्मीर के भी कई वरिष्ठ नेता, जो गुलाम नबी की पार्टी में शामिल हो गये थे, पुनः कांग्रेस में लौटे

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 जनवरी। इस समय जारी राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का स्पष्ट प्रभाव दिखाई देने लगा। जहाँ इसे देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में जबरदस्त जन-समर्थन मिला है, वहीं जम्मू-कश्मीर के कई वरिष्ठ नेता, जिनमें पूर्व उपमुख्यमंत्री ताराचन्द भी शामिल हैं, आज सुबह कांग्रेस में वापस आ गये हैं। ज्ञातव्य है कि इन लोगों ने गुलाम नबी आज़ाद के साथ पार्टी छोड़ दी थी।

हरियाणा में प्रवेश करने पर, भारी भीड़ ने यात्रा का स्वागत किया तथा पानीपत में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी ने एक विशाल जनसभा को संबोधित किया।

रैली को संबोधित करते हुये, रोज़गार के मोर्चे पर केन्द्र सरकार की असफलता को लेकर खड़गे ने सरकार पर हमला बोला। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि देश का युवा वर्ग पिछले 4-5 साल से बेरोज़गारी की सबसे बुरी स्थिति का सामना कर रहा है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह 2 करोड़ रोज़गार सृजित करने के चुनावी वादे निरन्तर किये जा रहे हैं, लेकिन इस प्रकार के वादे कभी पूरे नहीं होते।

उत्तर प्रदेश में, यात्रा प्राथमिक रूप से उन क्षेत्रों से गुजरी, जो राष्ट्रीय लोक दल के गढ़ हैं। आर.एल.डी. के नेताओं ने इस मिशन का स्वागत किया तथा पार्टी के अध्यक्ष जयंत चौधरी के विशेष निर्देशों पर, उन लोगों ने यात्रा में सहभागिता की। ज्ञातव्य है कि जयंत चौधरी इस समय विदेश में हैं। यात्रा में किसान नेताओं तथा सामान्य किसानों की सहभागिता रही। शामली में हुई सार्वजनिक सभा में भारी भीड़ थी। ज्ञातव्य है कि उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव आर.एल.डी. और समाजवादी पार्टी ने मिलकर लड़ा था।

इससे पूर्व, जम्मू कश्मीर के नेताओं का ए.आई.सी.सी. मुख्यालय में स्वागत किया गया। ताराचन्द के अलावा कांग्रेस में वापस आने वाले अन्य प्रमुख नेताओं में शामिल थे- पूर्व मंत्री पीरज़ादा मोहम्मद सईद, मनोहर लाल तथा बलवान सिंह।

गुलाम नबी आज़ाद के प्रति वफादार माने जाने वाले ये सभी नेता कांग्रेस छोड़कर डेमोक्रेटिक आज़ाद पार्टी (डी.ए.पी.) में शामिल हो गये थे। लेकिन आज़ाद ने ''पार्टी-विरोधी गतिविधियों'' को लेकर पिछले महीने ताराचन्द को पार्टी से निष्कासित कर दिया था।

ताराचन्द, मनोहर लाल तथा बलवान सिंह कांग्रेस के ऐसे पहले नेताओं में से थे, जो उस समय आज़ाद के पीछे आकर खड़े हो गये, जब आज़ाद ने पाँच दशक तक कांग्रेस से जुड़े रहने के बाद पिछले वर्ष अगस्त में कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था।

किन्तु आज़ाद ने अपनी पार्टी का नाम चुनाव आयोग में पंजीकृत कराया ही था कि उन्होंने ताराचन्द, बलवान सिंह तथा पूर्व मंत्री डॉ. मनोहर लाल शर्मा को पार्टी-विरोधी गतिविधियों के आरोपों को लेकर डी.ए.पी. से निष्कासित कर दिया था।

ए.आई.सी.सी. महासचिव तथा संगठन प्रभारी के.सी. वेणुगोपाल, ए.आई.सी.सी. महासचिव जयराम रमेश तथा राज्य की ए.आई.सी.सी. प्रभारी रजनी पाटिल की मौजूदगी में ये तीनों ही नेता कांग्रेस में शामिल हो गये।

घर-वापसी पर उनका स्वागत करते हुये, वेणुगोपाल ने कहा कि यात्रा (के जम्मू-कश्मीर पहुँचने) से पहले ही, पार्टी के लिये प्रसन्नता का अवसर है कि जम्मू-कश्मीर कांग्रेस के ये दिग्गज नेता, जो कुछ गलतफहमियों के कारण हमें छोड़ गये थे, घर वापस आ गये हैं।'' उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा है कि इन नेताओं ने पार्टी से दो माह की छुट्टी ली थी। उन्होंने कहा, ''अवकाश समाप्त हो गया और ये लोग वापस आ गये हैं।''

ताराचन्द, मनोहरलाल तथा बलवान सिंह के अलावा, कांग्रेस में लौटने वाले अन्य प्रमुख नेताओं में शामिल हैं- पूर्व पी.सी.सी. अध्यक्ष तथा तीन बार मंत्री रहे पीरज़ादा मोहम्मद सईद, मो. मुजफ्फर पर्रे, महेन्द्र भारद्वाज, भूषण डोगरा, विनोद शर्मा,

- **इनमें प्रमुख थे, पूर्व उप मुख्यमंत्री तारा चंद, पूर्व मंत्री पीरजादा मोहम्मद सईद, डॉ. मनोहर लाल व बलवान सिंह।**
- **इन नेताओं का महासचिव वेणुगोपाल ने ए.आई.सी.सी. मुख्यालय में स्वागत किया और कहा, ये नेता गण दो महीने की छुट्टी पर गये थे और अब छुट्टी खत्म होने पर वापस लौट आए।**
- **वैस्टर्न यू.पी. में राष्ट्रीय लोक दल के नेता व कार्यकर्ताओं ने पार्टी अध्यक्ष जयंत चौधरी, जो विदेश में हैं, के स्पष्ट आदेशों की अनुपालना में भारत जोड़ो यात्रा में जोश व उत्साह से भाग लिया।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सरकारी बैंकों का निजीकरण नहीं होगा

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 जनवरी। नीति आयोग ने इस बात से इंकार किया है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण के प्रस्ताव से संबंधित कोई भी दस्तावेज जारी किया गया है।

- **नीति आयोग ने इस बात से इंकार किया कि, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण का कोई प्रस्ताव जारी किया गया है।**

मीडिया में सर्कुलेट हो रहे एक फर्जी मैसेज का नीति आयोग ने खंडन किया।

उक्त संदेश में उन बैंकों की लिस्ट हैं, जिनका नीति आयोग निजीकरण करना चाहता हैं।

नीति आयोग ने कहा, ऐसी कोई लिस्ट जारी नहीं की गई है।

## विचार बिन्दु

खुद के लिये जीने वाले की ओर कोई ध्यान नहीं देता पर जब आप दूसरों के लिये जीना सीख लेते हैं तो वे आपके लिये जीते हैं।

–श्री परमहंस योगानंद

# जनतंत्र नहीं, जन प्रतिनिधि अपराधी हैं

बात 10-15 वर्षों की नहीं 75 वर्षों की है। बात यह भी नहीं है कि किस सरकार ने क्या किया। बात है सभी केन्द्र व राज्य सरकारों की। 75 वर्ष का कालखंड किसी भी देश के इतिहास में बहुत छोटा नहीं होता। स्वतंत्रता की शताब्दी में मात्र 25 वर्ष शेष है। देश अमृत महोत्सव मना रहा है। निश्चय ही यह कहना अनुचित होगा कि स्वतंत्रता के बाद कुछ नहीं हुआ। परंतु हमें यह स्मरण रखना होगा कि कुछ भौतिक विकास देश के विकास का प्रतीक नहीं होता। इस भौतिक विकास की तुलना में समाज में क्या सुधार हुआ है, यह महत्वपूर्ण है। समाज में नैतिक-पक्ष सबल हुआ है या दुर्बल, और क्या समाज में स्वस्थ परम्पराऐं स्थापित हुई हैं या विकृतियाँ बढ़ी हैं? यक्ष प्रश्न यह भी है कि यदि विकृतियाँ बढ़ी हैं तो इन सभी के लिये कौन ज़िम्मेदार है?

स्वतंत्रता से पूर्व अंग्रेज़ और मुग़ल शासन को दोष दे सकते थे, परंतु स्वतंत्रता के बाद किसे दोष देंगे। स्वतंत्रता के बाद तो हमारा देश एक प्रभुता संपन्न जनतांत्रिक गणतंत्र बन गया। अर्थ यह कि हमारा शासन हमारे हाथों में आया और सुविधा की दृष्टि से निर्वाचित जन-प्रतिनिधि शासन का संचालन करने लगे। अत: सुशासन और कुशासन दोनों के लिये वे ही ज़िम्मेदार माने जायेंगे।

हमारा देश आबादी की दृष्टि से विश्व में सबसे बड़ा जनतंत्र है। अमेरिका का संपूर्ण इतिहास ही ढाई सौ तीन सौ वर्ष का है। वहाँ भी संयुक्त राज्य अमेरिका का वर्तमान स्वरूप बहुत संघर्षों के बाद आया है। चीन की स्वतंत्रता हमारी समकालीन है। दोनों ही देश आज 'सफलतम देशों' में से हैं। समस्याएँ उनकी भी हैं पर हमारी समस्याएँ अत्यंत गंभीर हैं।

यह तो निर्विवाद हो जाता है कि हमारी समस्याओं के लिये हमारा जनतंत्र अपराधी नहीं है, उसे चलाने वाले जन-प्रतिनिधि अपराधी हैं। आज सर्वत्र महँगाई की चर्चा है। बार-बार घोषणा की जाती है कि हम विश्व में पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और सन् 2030 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेंगे। प्रश्न यह है कि 75 वर्ष में ऐसा क्यों नहीं हुआ? हमने अपने विशाल खनिज भंडारों का दोहन उचित रीति-नीति से क्यों नहीं किया? बेतरतीब दोहन व भ्रष्टाचार का समावेश क्यों हुआ? यह देश प्रकृति का वरदान है। यहाँ सभी जलवायु हैं, सभी कुछ खाद्य पदार्थों का उत्पादन होता है। पहाड़, रेगिस्तान, पठार व मैदान सभी हैं। अरावली जैसी प्राचीन पर्वत श्रृंखला है और अपेक्षाकृत हिमालय की नवीन पर्वत श्रृंखलाएँ, यहाँ रेत से लेकर स्वर्ण सभी खनिज उपलब्ध हैं। हमने किसान और मज़दूर को 75 वर्ष में सशक्त व सबल क्यों नही बनाया? कृषि व खनिज के समस्त लाभ संपन्न लोगों ने तो लिये ही, सबसे ज़्यादा लाभ भूमि व खदानों के माफिया बनकर जन-प्रतिनिधियों ने या तो स्वयं लिया या रिश्वत लेकर अपने चहेतों व भाई भतीजों को प्रश्रय दिया। कृषि व खदानों के अधिकांश लाभ इन्हीं बिचौलियों, दलालों ने हड़प लिये। बीज, खाद, पानी, भंडारण, बिक्री में अव्यवस्था बनी रही। प्रत्येक स्तर पर लाभ भ्रष्टाचार, कालाबाज़ारी से दलालों व बिचौलियों ने किसान-मज़दूर तक पहुँचने ही नहीं दिया।

**प्रत्यक्षतः अधिकांश जनप्रतिनिधि बनते ही इसलिये हैं कि वे जनता का शोषण करना चाहते हैं, संपन्न होना चाहते हैं और ऐसा हो भी रहा है। उन्हें सचेत हो जाना चाहिये कि वे सुधर जायें अन्यथा वह दिन दूर नहीं कि जिस दिन जनतंत्र को दोषी बताने वाले जनप्रतिनिधि अपने अपराधों की सज़ा भुगत रहे होंगे।**

बेरोज़गारी एक दूसरी समस्या है जिसकी चर्चा होती है। ज़रा बताइये कि चीन ने घर-घर विशिष्ट व चिन्हित उत्पादों को प्रश्रय देकर सारे विश्व के बाज़ारों को कैसे भर दिया? किस प्रकार वहाँ प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी रोजगार में लग गया। अमेरिका व चीन की ही भाँति कई अन्य देश भी हैं जिन्होंने जनतंत्रात्मक देश की भाँति प्रगति की है, फर्क यही है कि उनमें देशहित की भावना है और हमारे भीतर सामान्यत: स्वार्थ सर्वोपरि है। हमारे जन प्रतिनिधि अपने अथवा दलीय स्वार्थ के लिये किसी भी सीमा तक गिर सकते हैं। इस देश की अन्य समस्याओं में नक्सलवाद और आतंकवाद हैं। क्या विदेशी आतंकवाद के अलावा नक्सलवाद को हमारे देश के नेता किसी न किसी रूप में पोषण करने के लिये ज़िम्मेदार नहीं हैं? नक्सलवाद इसी देश के नेताओं ने पैदा किया और उसी तरह बाह्य आतंकवाद को भी हमारे ही कई नेता व जनप्रतिनिधि प्रश्रय देते हैं।

हमारे जन प्रतिनिधि ही विधानसभाओं और संसद में बैठकर नियम कानून बनाते हैं, संविधान बनाते हैं, संशोधन करते हैं। इन्हीं नियमों व कानून के अन्तर्गत, संविधान के दायरे में न्यायपालिका व कार्यपालिका काम करती हैं और मीडिया भी उसका पालन करता है। फिर बताइये इन चारों स्तंभों के किसी भी भ्रष्टाचार के लिये कौन दोषी हैं? केन्द्र के अधिकारों के साथ राज्य के स्वतंत्र अधिकार भी हैं। उनके अपने साधन भी हैं। सिवाय सीमा विवाद, जल विवाद, भाषा विवाद, आरक्षण और अन्य महत्व हीन, निरर्थक एवं विभाजनकारी मुद्दों को उठाकर मुख्य मुद्दों से भटकाना जनप्रतिनिधियों का काम रहा है। जाति, वर्ग और संप्रदाय संबंधी भावनात्मक मुद्दों को भड़काते रहते हैं और हिंसा, लड़ाई-झगड़े, तोड़-फोड़ को बढ़ावा ही नहीं देते, पैदा भी करते हैं।

सबसे अधिक भर्त्सना योग्य बिंदु यह है कि ये जनप्रतिनिधि येन केन प्रकारेण, धनबल और बाहुबल के आधार पर जनप्रतिनिधि बने रहना चाहते हैं, सत्ता से चिपके रहना चाहते हैं और उनकी अधिकांश शक्ति इसी में लगी रहती है। इस देश को सबसे अधिक हानि शिक्षा में सुधार न होने के कारण हुई है। शिक्षा राज्य का विषय है, हाँ केन्द्र एक रीति-नीति अवश्य बनाता है। किसी भी राज्य का यह दावा नहीं हो पाया कि वह गुणात्मक शिक्षा दे पाया है या विश्वस्तरीय शिक्षा संस्थान दे पाया है। आज भी हमारे देश में शिक्षा विश्व में सबसे निचले पायदान पर है। जनप्रतिनिधियों की रुचि कभी भी शिक्षा में मूलभूत सुधार करने की नहीं रही। उनकी प्राथमिकता में वह आता ही नहीं है। वे शिक्षा को मात्र खर्च का निमित्त मानते हैं। वे यह नहीं समझते कि शिक्षा ही समाज को सबल बनाने का, उपयोगी व सभ्य नागरिक बनाने का, देश प्रेम के विकास का, नैतिक व चारित्रिक गुणों के जन्म व पोषण का, और अंततोगत्वा स्वस्थ, सबल, सुखी और संपन्न राष्ट्र बनाने का एक मात्र साधन है।

कहा जा सकता है कि जनप्रतिनिधियों को हम ही तो चुनते हैं। जैसा समाज होगा, वैसे ही तो प्रतिनिधि होंगे। परंतु यह भी तो सच है कि रावण और कंस के अत्याचारों के कारण ही तो राम और कृष्ण का जन्म हुआ। गुलामी का दंश झेलते हुए भी वीर शिवाजी और प्रणवीर प्रताप का स्वतंत्रता संग्राम उत्पन्न हुआ। क्या हम भूल जाते हैं कि इसी भूमि से नेताजी सुभाष और शहीद भगतसिंह जैसे क्राँतिकारियों का जन्म हुआ और उन्होंने विदेशी हुकूमत की नींव हिला दी। जनप्रतिनिधियों को स्मरण रखना चाहिये कि वे अपने स्वार्थ व भ्रष्टाचार के कारण ऐसे क्रांतिकारियों को जन्म देंगे जो भ्रष्ट स्वार्थी व गद्दार जनप्रतिनिधियों को सबक सिखायेंगे, उन्हें अपमानित करेंगे और यूँ कहना चाहिये कि दुष्टों का संहार करेंगे। लेकिन तब तक देश का काफी नुकसान हो चुका होगा और सुधार में विलम्ब भी। अभी भी समय है कि जनप्रतिनिधि सचेत हों और अहिंसक या हिंसक क्रांति का आवाहन न करें।

कई प्रकाशित साँख्यिकी के अनुसार प्रत्येक दल में धनबली और बाहुबलीयों की भरमार है। उनमें से कई के विरुद्ध गंभीर मामले न्यायालय में दर्ज हैं। वे अपराधी प्रमाणित होकर जेल में भले ही न रहे हों, जनता उनकी असलियत जानती है। वे अपने धनबल, व बाहुबल के आधार पर तथा इस देश के जातिगत अभिशाप के कारण भले ही चुनकर आ जाते हों, उन्हें स्मरण रखना चाहिये कि एक न एक दिन उनके पापों का घड़ा भरेगा ही और उनको अपने किये की सज़ा मिलेगी ही। प्रत्यक्षत: अधिकांश जनप्रतिनिधि बनते ही इसलिये हैं कि वे जनता का शोषण करना चाहते हैं, संपन्न होना चाहते हैं और ऐसा हो भी रहा है। उन्हें सचेत हो जाना चाहिये कि वे सुधर जायें अन्यथा वह दिन दूर नहीं कि जिस दिन जनतंत्र को दोषी बताने वाले जनप्रतिनिधि अपने अपराधों की सज़ा भुगत रहे होंगे।

**–अतिथि सम्पादक,**
**कैलाश विहारी वाजपेयी,**
**( स्वतंत्र चिंतक व लेखक )**

# वैश्विक मंदी में भारत की विकास दर सबसे तेज

भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। भारत ने पिछले 10 सालों में शानदार आर्थिक विकास दर हासिल की है और जहां एक दशक पहले भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी इकोनॉमी था वहीं अब ये 6 स्थान आगे बढ़कर 5वें स्थान पर आ गया है।

भारत की इस उपलब्धि के साथ ब्रिटेन छठें स्थान पर फिसल गया है। वर्ष 2022 में पृथ्वी की आबादी 8 अरब के पार पहुंच गई। वैश्विक अर्थव्यवस्था ने 100 ट्रिलियन डॉलर का आंकड़ा पर कर लिया।

घ्इ के डेटा के अनुसार, दुनिया की अर्थव्यवस्था 101.6 ट्रिलियन डॉलर हो गई है। सबसे अहम बात ये है कि दुनिया की इस विशाल अर्थव्यवस्था में भारत का अहम योगदान है। भारत दुनिया की टॉप पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया है।

प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय ने कहा है कि साल 2047 तक भारत की अर्थव्यवस्था 20 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगी। इसी दौरान तक प्रति व्यक्ति आय भी 1000 अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगी। कोरोना महामारी के बाद अब आर्थिक सूचकांक में तेजी आई है। अब हर किसी की निगाह 2023-24 दौरान विकास दर पर रहने वाली है और साथ ही 2047 तक भारत की अर्थव्यवस्था कैसी होगी इस पर भी नजरें हैं।

माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ सत्या नडेला ने कहा कि भारत को इस दशक के अंत तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने वाली तीन


डॉ. मोनिका ओझा खत्री

सकारात्मक बातें तकनीकी क्षेत्र में नजर आ रही हैं। इनमें तेजी से बढ़ते कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रोजेक्ट, भारतीय कार्य बल द्वारा अपनी क्षमताएं लगातार सुधारना और गिटहब पर डेवलपर्स की गतिविधियां शामिल हैं।

ब्रिटेन की प्रतिष्ठित कंसल्टेंसी, सेंटर फॉर इकोनॉमिक्स एंड बिजनेस रिसर्च (सीईबीआर) ने अपनी रिपोर्ट का नवीनतम संस्करण सोमवार को जारी किया गया है। सीईबीआर ने अपनी नवीनतम वर्ल्ड इकोनॉमिक लीग टेबल-2023 में अनुमान जताया है कि भारत 2035 में 10 लाख करोड़ डॉलर की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। थिंकटैंक ने भविष्यवाणी की है कि 2037 तक भारत तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनेगा। रिपोर्ट में भारत की ग्रोथ को अनस्टॉपेबल बताया गया है।

सीईबीआर ने भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास पर प्रकाश डालते हुए, रिपोर्ट में कहा गया है: 2035 में, हम अनुमान लगाते हैं कि भारत तीसरी 10-ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बन जाएगा। महामारी के थमने के साथ आर्थिक गतिविधियों में तेज उछाल आया। इसके फलस्वरूप वित्त वर्ष 2021-22 में भारत की जीडीपी में 8.7प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया। वैश्विक मांग में गिरावट और महंगाई के दबाव को रोकने के लिए मौद्रिक नीति को कड़ा करने के बावजूद हम अब भी उम्मीद करते हैं कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत की विकास दर 6.8 प्रतिशत देखने को मिलेगी। वित्त वर्ष 2022-23 में भारत की आर्थिक विकास दर 13.5 फीसदी की दर से बढ़ी है।

**( लेखक पूर्णिमा यूनिवर्सिटी, जयपुर के बीबीए की विभागाध्यक्ष है। )**

**–डॉ. मोनिका ओझा खत्री**

# 500 स्काउट-गाइड्स ने परंपरागत वेशभूषा में पाली शहर का भ्रमण किया

- **रैली ने भारत दर्शन कराया, पाली ने बिछाए पलक पावड़े**

**पाली**, (निसं)। राष्ट्रीय स्काउट गाइड जम्बूरी के तीसरे दिन शुक्रवार को विभिन्न प्रांतों से आए 500 स्काउट गाइड के दल ने परंपरागत वेशभूषा में पाली शहर का भ्रमण किया। इससे पालीवासियों को मानो भारत दर्शन सी अनुभूति हुई। अतिथि सत्कार के लिए विख्यात पाली ने इन नन्हें पावणों का पलक पावड़े बिछा कर स्वागत किया।

रोहट स्थित जम्बूरी स्थल से विभिन्न प्रान्तों के 500 स्काउट गाइड का दल दोपहर करीब 1:00 बजे सेवा समिति आश्रम पहुंचा। वहां से भोजन के पश्चात दल बांगड़ विद्यालय खेल मैदान आया। यहां स्काउट-गाइड की रैली को अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन श्री चंद्रभानसिंह भाटी, एडीएम सिलिंग श्री जब्बरसिंह, समाजसेवी महावीरसिंह सुकरलाई ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान स्काउट राज्य संगठन आयुक्त श्री बाबूसिंह राजपुरोहित, सीओ स्काउट पाली गोविंद मीणा, सहायक जिला कमिश्नर बसंत परिहार आदि भी उपस्थित रहे। रैली में सभी प्रान्तों के बच्चे अपने वहां की परंपरागत वेशभूषा धारण किये थे।

वहीं हाथों में राष्ट्रीयता और सद्भावना से ओतप्रोत नारों की तख्तियां थामे चल रहे थे। रैली बांगड़ स्कूल से शुरू होकर अहिंसा सर्कल, नवलखा रोड, गुलजार चौक, गोल निंबड़ा, सर्राफा बाजार, सोमनाथ मंदिर, सूरजपोल, अंबेडकर सर्कल, गांधी मूर्ति, शहीद स्मारक होते हुए मिल गेट बस स्टैंड पहुंची।

वहां से वाहनों में जंबूरी स्थल के लिए रवाना हुए। रैली का जगह-जगह पर विभिन्न संस्था-संगठनों ने स्वागत किया।



विभिन्न प्रांतों से आए 500 स्काउट गाइड के दल ने परंपरागत वेशभूषा में पाली शहर का भ्रमण किया।

# निवाई के युवाओं ने केदारकन्ता चोटी पर तिरंगा फहराया

**निवाई**, (निसं)। निवाई शहर के एक पर्वतारोही ने उत्तराखण्ड में स्थित केदारकन्ता चोटी पर भारतीय तिरंगा फहराया है।

पर्वतारोही विजय कुमार बुवावत व उसके साथी रोहित तिवाडी ने माइनस 3 डिग्री के तापमान में पर्वत की चौटी पर तिरंगा लहराया है।

पर्वतारोही श्यामाप्रसाद मुखर्जी नगर निवाई निवासी विजय कुमार ने बताया कि केदारकन्ता चौटी पर सर्दियों में औसतन तापमान माइनस 3 डिग्री से माइनस 20 डिग्री तक रहता है।

केदारकन्ता चौटी की ऊंचाई माउन्ट एवरेस्ट की आधी है। ०



उत्तराखण्ड स्थित केदारकन्ता चौटी पर निवाई के पर्वतारोही।

# रामकृष्ण परमहंस और उनके आध्यात्मिक उत्तराधिकारी विवेकानंद के बीच बातचीत के अंदर छिपा है खुशहाल जिंदगी जीने का रहस्य

राम कृष्ण जी ने बतलाया कि वही इन्सान सार्थक जीवन जीते हैं, जो दूसरों के लिए जीते हैं। अगर धन-सम्पत्ती दूसरों की भलाई करने में मदद करे या उनके काम आए तो इसका कुछ मूल्य है, अन्यथा यह धन सिर्फ बुराई का एक ढेर और कूड़ा ही है और इससे जितना जल्दी छुटकारा मिल जाये उतना बेहतर है। एक समय में एक काम करो, और ऐसा करते समय अपनी पूरी आत्मा उसमे डाल दो और बाकी सब कुछ भूल जाओ। यदि तुम ईश्वर की दी हुई शक्तियों का सदुपयोग नहीं करोगे तो वह अधिक नहीं देगा, इसलिए प्रयत्न आवश्यक है ईश-कृपा के योग्य बनाने के लिए भी पुरुषार्थ चाहिए. कर्म के लिए भक्ति का आधार होना आवश्यक है। एकमात्र ईश्वर ही विश्व का पथ प्रदर्शक और गुरु है। पानी और उसका बुलबुला एक ही चीज है उसी प्रकार जीवात्मा और परमात्मा एक ही चीज है, अंतर केवल यह है कि एक परीमीत है दूसरा अनंत है। एक परतंत्र है दूसरा स्वतंत्र है। जब हवा चलने लगे तो


डॉ. जे. के. गर्ग

पंखा छोड़ देना चाहिए, पर जब ईश्वर की कृपा दृष्टि होने लगे तो प्रार्थना-तपस्या नहीं छोड़नी चाहिए।

रामकृष्ण परमहंस और स्वामीजी (गुरु और शिष्य) के बीच सवाल-जबावों में छिपा है खुशहाल जिन्दगी का राज

विवेकानन्द जी ने अपने गुरु से पूछा कि-'हमें जीवन की जटिलता में अपना उत्साह कैसे बनाये रखना चाहिए।'



तब गुरु जी ने बताया कि-'इसका सबसे अच्छा उपाय है कि उसे याद करो जो तुमने पाया है, जो हासिल नहीं हो सका उसे नहीं। तुम्हें कहाँ पहुंचना है की बजाय, कि तुम कहाँ पहुँच गये हो।'

इन्होने दूसरा सवाल पूछा कि- 'कई बार मुझे लगता है कि- 'मैं बेकार में प्राथनाएं कर रहा हूँ, इसका कोई अर्थ नहीं है।'

परमहंस ने उत्तर दिया- 'शायद तुम डर गये हो, इससे बचो। जीवन कोई समस्या नहीं है, जिसे तुम्हें सुलझाना है। मुझे लगता है कि तुम यह जान जाओ कि जीना कैसे है, तो जीवन बेहद आश्चर्यजनक और सुंदर है।'

उन्होंने तीसरा सवाल किया कि- 'हमारे हमेशा दुखी रहने का कारण क्या है?'

रामक्रष्ण बोले- 'जीवन की जटिलता से परेशान होना लोगों की आदत बन गई है, यही प्रमुख वजह है कि लोग खुश नहीं रह पाते हैं।'

उन्होंने चौथा सवाल किया कि- 'अच्छे लोग हमेशा दु:ख क्यों पाते हैं?'

परमहंस बोले- 'जिसे तुम दु:ख कह रहे हो, दरअसल वह एक परीक्षा है। परीक्षा से प्राप्त अनुभव से उनका जीवन और बेहतर होता है, बेकार नहीं। रगड़े जाने पर ही हीरे में चमक आती है। आग में तपने के बाद ही सोना शुद्ध होता है।'

विवेकानन्द ने वापस सवाल किया- 'क्या इसका मतलब है दु:ख से प्राप्त अनुभव उपयोगी होता है?'

इसके जबाव में गुरुदेव बोले- 'बिल्कुल ठीक समझ रहे हो, अनुभव एक कठोर शिक्षक की तरह है। पहले वह परीक्षा लेता है और फिर सीख देता है।'

**–डॉ. जे. के. गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक कालेज शिक्षा जयपुर**

## राशिफल


पंडित अनिल शर्मा

**शनिवार 7 जनवरी, 2023**

माघ मास, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2079, पुनर्वसु नक्षत्र रात्रि 3:08 तक, ऐन्द्रयन योग प्रात: 8:51 तक, बालव करण सांय 5:53 तक, चन्द्रमा रात्रि 8:24 से कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-वृष, बुध-धनु, गुरू-मीन, शुक्र-मकर, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 8:39 से 9:57 तक, चर 12:33 से 1:51 तक, लाभ-अमृत 1:51 से 4:26 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 7:20, सूर्यास्त 5:55

### मेष
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा।

### वृष
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

### मिथुन
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।

### कर्क
घर-परिवार के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। व्यक्तिगत कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।

### सिंह
आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

### कन्या
व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित अड़चनें दूर होने लगेंगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### तुला
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

### वृश्चिक
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा।

### धनु
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

### मकर
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कुंभ
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मीन
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

# प्रदेश में कड़ाके की ठंड का पहरा जारी, फसल खराब होने के कगार पर

## चूरू में छाया कोहरा, वाहनों की रफ्तार पर लगे ब्रेक



**चूरू में तापमान में गिरावट आने से सुबह के समय वनस्पतियों पर बर्फ की परत जम गई।**

**चूरू,** (कासं)। चूरू में सुबह साढ़े ग्यारह बजे तक कोहरा छाया रहने से लोग सर्दी में ठिठुरते दिखाई दे रहे हैं। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को यहां का अधिकतम 17.0 व न्यूनतम 1.0 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। यहां पर आज भी सुबह दिन निकलने से लेकर करीब साढ़ ग्यारह बजे तक धूप नहीं निकली। चारों ओर कोहरा छाया रहा। जिसके कारण अल सुबह आवश्यक कामों से बाहर जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पिछले करीब पांच रोज से लगातार यहां पर कोहरे का असर बना हुआ हैं। कड़ाके की ठंड का असर रहने से लोग शाम ढलते ही अलाव सेकना शुरु कर देते हैं। जानकारी के अनुसार यहां पर छाये घने कोहरे ने वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिये। इसी के साथ सुबह चली बर्फीली हवाओं ने आम-जन की धूझणी छुटा कर रख दी। कोहरे के कारण सुबह चूरू आने वाली एक ट्रेन निर्धारित समय से करीब आधा घंटा देरी से पहुंची।

वाहन ड्राइवरों को सुबह के समय हेड लाइट जलाकर चलना पड़ा। कोहरे की दृष्यता लगभग 100 मीटर से भी कम रही। मौसम विभाग की मानें तो न्यूनतम तापमान में अभी गिरावट हो सकती है। 9 जनवरी के बाद तापमान में उछाल आयेगा। इससे पहले जिले में शीतलहर का प्रकोप जारी रहेगा। एक दिन बाद फिर न्यूनतम तापमान में गिरावट आ सकती है। गुरुवार की अपेक्षा शुक्रवार को अधिकतम तापमान में 3 डिग्री बढ़ोतरी हुई है। सर्दी से राहत पाने के लिए लोगों ने अलाव व गर्म वस्त्रों का सहारा लिया। कृषि अधिकारी कुलदीप शर्मा ने बताया कि तापमान माइनस में आने से सरसों की फसल को नुकसान हो सकता है।

## बीकानेर में लगातार गिर रहा तापमान, किसान चिंतित

**बीकानेर,** (कासं)। पिछली रात तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, वहीं खुले व मैदानी क्षेत्रों में ये माइनस में रहा। मौसम विभाग मुरलीधर व्यास नगर के तापमान को नोट करता है जबकि खुले क्षेत्रों में पारा इससे भी काफी कम होने से जनजीवन काफी प्रभावित हुआ है।

तापमान में लगातार हो रही गिरावट ने बीकानेर में देर रात तक लोग अलाव जलाकर सर्दी से बचने की कोशिश कर रहे हैं। घर, मोहल्ला और गांव की चौपाल तक अलाव जला रहे हैं तो खेतों में जम रही बर्फ अब किसान के लिए चिंता का विषय बन गया है। बीकानेर में तापमान में लुढ़ककर कल महज दो डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया था, जो रात में शून्य डिग्री सेल्सियस रहा। मैदानी क्षेत्रों में तापमान इससे भी कम है जो मौसम विभाग की रिपोर्ट में नहीं आ रहा। बीकानेर से सीकर तक कोहरा होने से तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस और इससे कम ही रहा। ये ही कारण है कि श्रीडूंगरगढ़ के पास बस और बोलेरो के बीच सड़क हादसे में एक युवक घायल हो गया। शून्य डिग्री तापमान और खेतों में जमी बर्फ के कारण अब किसान परेशान है। खेत में खड़ी फसलों के लिए किसान चिंता कर रहा है।

दरअसल, ऐसे हालात में पाला पड़ने से फसल खराब हो जाती है। इंदिरा गांधी नहर से जुड़े खाजूवाला, लूणकरनसर और श्रीकोलायत में भी पाला पड़ने की आशंका है तो श्रीडूंगरगढ़ और बीकानेर के ग्रामीण क्षेत्रों में कुओं से हो रही सिंचाई से भी फसलें खेत में खड़ी है। यहां भी फसलों को भारी नुकसान हो सकता है। बीकानेर के अनेक मोहल्लों में इन दिनों अलाव का सहारा है। खासकर मोहता चौक, हर्षों का चौक, दम्माणी चौक, बैदों का चौक, बड़ा बाजार, आचार्यों का चौक सहित अनेक क्षेत्रों में देर रात तक लोग पाटे पर रहते हैं। धरणीधर मैदान पर भी मित्र मंडली देर रात तक अलाव के साथ बतियाते नजर आए।

## फुलेरा में तापमान माइनस में



**फुलेरा कस्बे में खेतों में खड़ी फसलों पर जमी बर्फ।**

**फुलेरा,** (निसं)। पश्चिमी विक्षोभ में कमी के चलते तथा उत्तरी हवाओं के ठण्डी होने के कारण फुलेरा कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र का तापक्रम माइनस में चला गया है। जिसके चलते सुबह फसल एवं पेड़-पौधों की पत्तियों व टहनियों पर एवं खेत पर रखे पानी के पाइपों में भी बर्फ जम गई। वहीं जमीन पर पड़ी मिट्टी पर भी बर्फ की सफेद चादर बिछी दिखाई दी।

फसल पर बर्फ जमने से पत्तियां गलने व जलने लगी हैं। इसके चलते फसल खराब होने के कगार पर आ गई है। लोग सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़े पहनने के साथ ही अलाव का सहारा ले रहे हैं। तीव्र सर्दी के कारण सुबह और शाम को तो सडकों पर मानो कर्फ्यू ही लग गया है। क्षेत्र में निराश्रित गौवंश एवं आवारा पशुओं का तो भगवान ही मालिक है। पिछले कुछ वर्षों से स्कूल खेल मैदान पर निराश्रित गौवंश एवं आवारा पशुओं की सर्दी से बचाव के लिए व्यवस्था की जा रही थी। परन्तु इस वर्ष अब तक तो कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

# संदीप सेठी हत्याकांड के मुख्य आरोपी सहित तीन गिरफ्तार

- **नागौर न्यायालय परिसर के बाहर दीप्ति गैंग के लोगों ने सुपारी किलर संदीप सेठी की हत्या की थी**
- **अब तक 8 आरोपियों को कर चुकी है गिरफ्तार, एक बाल अपचारी निरूद्ध**

**नागौर,** (निसं)। पिछले साल सितंबर माह में न्यायालय परिसर के बाहर हरियाणा के सुपारी किलर संदीप सेठी की गोलियों से भूनकर हत्या करने के मामले में नागौर पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई की है। पुलिस ने तीन आरोपियों को और गिरफ्तार किया है। इसमें हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता दीप्ति यादव सहित कुल तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं।

नागौर पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी ने बताया कि 19 सितंबर 2022 को नागौर न्यायालय के बाहर जिन बदमाशों ने सुपारी किल्लर संदीप सेठी की गोली मारकर हत्या की थी उसमें दीप्ति गैंग का नाम जांच में सामने आया था। अब पुलिस ने इस हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता दीप्ति यादव निवासी शिशवाल थाना आदमपुर जिला हिसार, अनूप दावा निवासी शिशवाल थाना आदमपुर जिला हिसार सहित एक अन्य को बापर्दा गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि दीपक उर्फ दीप्ति यादव के खिलाफ पूर्व में भी अनेक जघन्य अपराध दर्ज है। पुलिस अब गहनता से जांच कर रही है। जिला पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी ने बताया कि पुलिस अब तक इस प्रकरण में कुल 8 आरोपी गिरफ्तार कर चुकी है। अब नए गिरफ्तार मुलजिमों से पुलिस मनोवैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान करेगी।

शुक्रवार को इन आरोपियों को यहां न्यायालय में पेशी पर लाया गया। इस दौरान न्यायालय परिसर के आस पास भारी मात्रा में पुलिस जाब्ता तैनात रहा। न्यायालय परिसर के मुख्य गेट को बंद कर पुलिस जाब्ता लगाया गया। वकीलों के अलावा किसी भी अन्य शख्स को अंदर नहीं जाने दिया। पुलिस पेशी के दोरान मुख्य मार्गों पर तैनात रही। गौरतलब है कि नागौर में गैंगवार की आशंका के मद्देनजर पुलिस सतर्क हैं इसीलिए यहां आरोपियों की पेशी के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस जाब्ता तैनात किया गया।

## चाइनीज मांझा जब्त कर किया नष्ट

**बीदासर,** (निसं)। कस्बे मे शुक्रवार को कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी तहसीलदार द्वारका प्रसाद शर्मा के निर्देशानुसार चाइनीज मांझे के खिलाफ पालिका प्रशासन के कनिष्ठ अभियंता मुकेश कुमार स्वामी के नेतृत्व मे टीम ने बाजारों में खुलेआम बिक रहे चाइनीज मांझे पर छापे मार कर अवैध चाइनीज की 7 चक्करी जब्त की। टीम द्वारा जब्त किये गये चाइनीज मांझे को पालिका कार्यालय में जलाकर नष्ट किया।

कस्बे के हाई स्कूल रोड़ तथा पटवार घर के पास दो दुकानों से चाइनीज मांझा जब्त कर भविष्य मे दुकानदारों को चाइनीज मांझा नहीं बेचने की हिदायद दी। स्वामी ने बताया कि मकर संक्राति के पर्व को देखते हुये कस्बे मे प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। पालिका की कार्रवाई टीम मे सफाई निरीक्षक गिरधारी लाल, विजेश कुमार, मोनू, दिलीप, शैलेन्द्र सिंह, भरत आदि कर्मचारी साथ थे।

# राजोता की पहाड़ियों में पैंथर की दहशत

## इलाके में कई शिक्षण संस्थानों में पढ़ते हैं हजारों बच्चे

**खेतड़ी,** (निसं)। उपखंड के राजोता ग्राम की पहाड़ियों में एक पैंथर होने की सूचना पर इलाके में दहशत का माहौल है तथा लोग डरे-सहमे अपने घरों में छुप गए हैं। जानकारी के अनुसार एक पैंथर होने की सूचना पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए तथा तुरंत वन विभाग की टीम को सूचना की।

साथ गांव के ही अशोक कुमार की सुबह से बकरी नहीं मिल रही थी। जिसको ढूंढने के लिए वह पहाड़ियों में चला गया। पहाड़ियों में जाकर देखा तो एक जंगली जानवर उसकी बकरी को खा रहा था। थोड़ा और पास जाकर उसने अपने फोन से वीडियो और फोटो बनाए तो वह पैंथर की दहाड़ से डर गया और तुरंत नीचे आ गया। इसकी सूचना उसने ग्रामीणों को दी तथा वन विभाग के रेंजर विजय कुमार फगेड़िया को दूरभाष के द्वारा सूचना दी गई।



**पैंथर को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम पहाड़ियों पर चढ़ी।**

मामले की गंभीरता को देखते हुए रेंजर विजय कुमार तुरंत मौके पर पहुंचे और अपनी टीम के साथ पैंथर का रेस्क्यू करने के लिए पहाड़ियों में चढ़ गए। दो घंटे की कड़ी मेहनत के बाद पैंथर पहाड़ियों में नहीं मिला। रेंजर विजय कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिली कि राजोता की पहाड़ियों में एक पैंथर है। जिसका फोटो और वीडियो भी उन्होंने बनाया है। तुरंत मौके पर टीम के साथ पहुंचकर पहाड़ियों में पैंथर की तलाश की जा रही है। अलग-अलग कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर रेस्क्यू के लिए कार्य किया जा रहा है।

साथ ही उन्होंने बताया कि राजोता ग्राम में कई शिक्षण संस्थान है। जिसमें कॉलेज और स्कूलों में हजारों बच्चे पढ़ते हैं। प्रत्येक शिक्षण संस्थान के निदेशक को विशेष तौर पर सूचित किया गया है। साथ ही ग्रामीणों को भी सचेत किया गया है व आमजन से अपील की गई है कि पैंथर को नुकसान नहीं पहुंचाए। इस मौके पर अशोक कुमार, राकेश, शंकर, सुनील, प्रभु राजोता सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# अदालत ने कसी नकेल, सी.ई.टी. नहीं दे सकेंगे नकल के आरोपी

- **पेपर लीक मामले में नकल करते पकड़ गये थे तीनों आरोपी**
- **अंतरिम जमानत पर रिहा करने के आदेश को अदालत ने निरस्त किया**
- **वहीं तीन मुख्य आरोपियों को रिमांड के बाद जेल भेजा**

**उदयपुर,** (कास)। सेकंड ग्रेड शिक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में गिरफ्तार तीन आरोपियों को गुरुवार को अंतरिम जमानत पर रिहा करने के आदेश को अदालत ने शुक्रवार को निरस्त कर दिया। दरअसल बस में नकल करती पकड़ी गई आरोपी सरोज पुत्री सुखराम विश्नोई, निवेदिता पुत्री नरेंद्र शर्मा और मालमसिंह को गुरुवार को जमानत दी गई थी। तीनों को सीईटी (कॉमन एंट्रेस टेस्ट) देने के लिए जमानत मिली थी जो 7 और 8 जनवरी को होगा। तीनों को सिर्फ पेपर देने के लिए जमानत दी गई थी। दोनों पक्षों की बहस एवं दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने तीनों आरोपियों को 50-50 हजार रुपए की जमानत व एक-एक लाख रुपए के मुचलके पर अंतरिम जमानत दी। तीनों आरोपियों को दोनों दिन सिर्फ एग्जाम के लिए जमानत दी गई लेकिन शुक्रवार को अभियोजन पक्ष ने नियमों का हवाला देते हुए अदालत को बताया कि आरोपियों पर किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में बैठने के लिए आजीवन प्रतिबंध का प्रावधान है, ऐसे में तीनों आरोपियों की अदालत ने ज़मानत ख़ारिज कर दी।

इधर, सेकंड ग्रेड शिक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में तीन मुख्य आरोपियों से पूछताछ में सामने आया है कि पकड़े जाने से पहले 20 और 21 दिसंबर को भी बस लेकर उदयपुर आए थे। इन दो दिनों में आरोपियों ने कुल 75 लोगों को पेपर सॉल्व करवाए थे। तीनों आरोपियों की रिमांड अवधि पूरी होने पर शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया। यहां से जेल भेज दिया गया है। रिमांड अवधि समाप्त होने पर पुलिस ने तीनों सरगनाओं को नरेश कुमार पुत्र भागीरथ राम विश्नोई, पीराराम पुत्र के रघुनाथराम विश्नोई और सुरेश कुमार पुत्र जगदीश विश्नोई को जेल भेज दिया है। तीनों को अपर लोक अभियोजक मुस्तकिल खान के जरिए एडीजी क्रम एक के समक्ष पेश किया था।

आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि वे पकड़े जाने से पहले 20 और 21 दिसंबर को गोगुंदा टोल नाके से दो बार गुजरे। 21 दिसंबर को होने वाली परीक्षा से एक दिन पहले 20 दिसंबर को उन्होंने वातड़ा होटल के सामने बस को खड़ी कर 40 स्टूडेंट को पेपर हल करवाया। फिर 22 दिसंबर की परीक्षा से पहले 21 दिसंबर की रात को करीब 35 अभ्यर्थियों को भी पेपर सॉल्व करवाया। इसके बाद उन्हें भुवाणा चौराहे पर छोड़ दिया गया। उल्लेखनीय है कि अभ्यर्थियों से भरी बस को पुलिस ने 24 दिसंबर को बेकरिया थाना क्षेत्र से पकड़ा था। पूछताछ में सामने आया कि दो दिन तक बस रैकी करने नहीं, बल्कि अभ्यर्थियों को लेकर आई थी। 21 दिसंबर को ग्रुप ए का सामान्य ज्ञान और सोशल साइंस का पेपर था। 23 दिसंबर को उर्दू व अंग्रेजी का पेपर हुआ था। बस में पुलिस ने 24 दिसंबर को सामान्य ज्ञान का पेपर सॉल्व करते 55 अभ्यर्थियों एवं अन्य को पकड़ा।



**सुजानगढ़। चाइनीज मांझे के खिलाफ कार्यवाही करते हुए नगरपरिषद की टीम ने 12 रोल बरामद किए हैं। सफाई निरीक्षक ओमप्रकाश स्वामी, मुन्नालाल मीणा के नेतृत्व में गठित टीम ने शास्त्री प्याऊ के पास अस्थाई दुकान लगा कर पतंग-मांझा बेचने वाले चाइनीज मांझे के 6 रोल तथा भोजलाई बास स्थित पारीक भवन के पास की एक दुकान से 6 रोल चाइनीज मांझे के बरामद किए है।**

# नशे के अवैध कारोबार पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## हिण्डौन में छब्बीस लाख की स्मैक बरामद, सप्लायर गिरफ्तार



**पुलिस की गिरफ्त में स्मैक तस्कर।**

- **आरोपी ने किए नशे के नेटवर्क से जुड़े खुलासे, बारां जिले से होती है सप्लाई**

**हिण्डौन सिटी,** (कासं)। नई मंडी थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ स्मैक के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 260 ग्राम स्मैक के साथ एक सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी के तार बारा जिले के एक बडे सप्लायर से जुडे होने की बात भी सामने आई है।

जिला पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस ने शुक्रवार को नई मंडी थाने में कार्रवाई को लेकर खुलासा किया। जिला पुलिस अधीक्षक टोगस ने बताया कि थाना प्रभारी बृजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान आरोपी सनोज मीना को रीको औद्योगिक क्षेत्र स्थित बाजना फाटक के पास गिरफ्तार किया है। आरोपी से बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 26 लाख रुपए है। उन्होंने बताया कि आरोपी के विरुद्ध सदर थाना में 3 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी के विरुद्ध कोतवाली थाना में भी मामला दर्ज है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के दौरान कई जानकारियां भी हासिल की हैं, जिसमें बताया कि मुख्य सरगनाओं से स्मैक खरीद उन्हें जिले के विभिन्न क्षेत्रों में एक नेटवर्क के जरिए मादक पदार्थों की सप्लाई पिछले कई वर्षों से करता आ रहा है।

करौली जिले में इसमें की आवक बारां जिले से होती है, जिसमें आरोपी सनोज मीणा ने बताया कि नशे के मुख्य कारोबारी रमेश उर्फ रामनरेश मीणा निवासी बारां से स्मैक की खरीद की गई है। कुड़गांव क्षेत्र निवासी सौरव उर्फ खुशी मीना भी उसके साथ मादक पदार्थ स्मैक की सप्लाई में शामिल है।

## दूध के टैंकर में छुपाकर लाई जा रही शराब पकड़ी



**पुलिस ने शराब का जखीरा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया।**

**चौमू/कालाडेरा,** (निसं)। दौलतपुरा आबकारी पुलिस ने अवैध शराब का जखीरा पकड़ा है। पुलिस ने अंग्रेजी शराब के 3000 बोतल बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की कीमत करीब 30 लाख रुपए बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक टैंकर में अवैध रूप से शराब छुपाकर ले जाई जा रही है। इस पर आबकारी पुलिस ने नाकाबंदी कर टैंकर को रुकवाया और तलाशी ली। इस दौरान टैंकर में अवैध शराब भरी मिली। इस पर पुलिस ने आरोपी दिनेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया तथा टैंकर व शराब जब्त कर ली।

## मॉडल उत्तर कुंजियां वेबसाइट पर जारी

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा प्राध्यापक (माध्यमिक शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 के ग्रुप ए,बी,सी व ई के सामान्य ज्ञान विषय की मॉडल उत्तर कुंजियाँ वेबसाइट पर जारी कर दी गई है।

आयोग द्वारा 11 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक इस परीक्षा का आयोजन किया गया था। आयोग सचिव एचएल अटल ने बताया कि यदि किसी भी अभ्यर्थी को इन मॉडल उत्तर कुंजियों पर कोई आपत्ति हो तो निर्धारित शुल्क के साथ 8 जनवरी से 10 जनवरी को रात्रि 12 बजे तक अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है। आपत्तियां आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध मॉडल प्रश्न पत्र के क्रमानुसार ही प्रविष्ट करनी होंगी।

इस परीक्षा के मॉडल प्रश्न-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आपत्ति प्रामाणिक (स्टैंडर्ड, ऑथेंटिक) पुस्तकों के प्रमाण सहित ऑनलाईन ही प्रविष्ट करें। वांछित प्रमाण संलग्न नहीं होने की स्थिति में आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। उक्त परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के अतिरिक्त यदि कोई अन्य व्यक्ति आपत्ति दर्ज करवाते हैं, तो उन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

# नकल गिरोह के 46 परीक्षार्थी आजीवन परीक्षा से वंचित

- **द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा का मामला**

**उदयपुर,** (कासं)। द्वितीय श्रेणी भर्ती परीक्षा में नकल गिरोह में शामिल 46 परीक्षार्थियों को आजीवन भर्ती परीक्षाओं में सम्मिलित होने से डिबार कर दिया गया है। पेपर लीक के सरगना भूपेंद्र बिश्नोई एवं सुरेश ढ ाका का गिरफ्तारी वारंट जारी करवाया गया है। वहीं इनकी संपतिया जप्त करवाने की भी कार्यवाही की जा रही है।

एसपी विकास शर्मा ने बताया कि हाल ही में आयोजित हुई द्वितीय श्रेणी भर्ती परीक्षा के संबंध में 23 दिसम्बर को नकल गिरोह के विरुद्ध दो प्रकरण दर्ज करते हुये कुल 57 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर सभी को न्यायिक हिरासत में भिजवाया गया है। इन अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए कुल 46 परीक्षार्थियो के संबंध में राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर को उनकी सूचना भिजवाते हुए उनको आजीवन भर्ती परीक्षाओं में सम्मिलित होने से डिबार किया जाने का अनुरोध किया गया। जिस पर चयन बोर्ड द्वारा उक्त समस्त 46 परीक्षार्थियो को आजीवन राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा भर्ती परीक्षाओं से विवर्जित किया गया है। प्रकरण के फरार सरगना भूपेन्द्र विश्नोई पुत्र पाबुराम सारण निवासी परावा थाना चितलवाना जिला जालोर एवं सुरेश ढाका पुत्र मांगीलाल ढाका निवासी अचलपुर थाना साचोर जिला जालोर के खिलाफ न्यायालय से गिरफ्तारी वांरट जारी करवाये जाकर उक्त हर दोनो की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

वांछित आरोपी भूपेन्द्र विश्नोई व सुरेश ढाका व उनके परिवार के स्वामित्व की जो सम्पत्तियां और जमीन इत्यादि अपराध धारा 12 राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनो की रोकथाम) संशोधन अधिनियम 2022 के तहत अनुचित साधनो से अर्जन किया जाना प्रथम दृष्टया पाया जाने से उक्त दोनो अपराधियों की संपतियों को जब्त सरकार किया जाने हेतु अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। इन अपराधियों की अवैध तरीको से अर्जित अन्य संपतियों की भी जानकारी जुटाई जा रही है। जिन्हे भी नियमानुसार जब्त किये जाने की अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# बिजनेसमैन को ब्लैकमेल कर 26 लाख रुपये ऐंठने वाले युवक-युवती गिरफ्तार

## पीड़ित बिजनेसमैन की कंपनी में अकाउंटेंट है युवती, वेबसीरीज देखकर रची थी पूरी साजिश

- बिजनेसमैन को धमकी भरे पत्र भेजकर बदनामी का डर दिखा रहा था आरोपी युवक
- 26 लाख रु. ऐंठने के बाद भी 23 लाख और मांग रहा था बदमाश, पुलिस ने कागजी नोट बैग में भरकर बताई गई जगह पर रखकर आरोपी को दबोच लिया



वीकेआई पुलिस ने बिजनेसमैन को ब्लैकमेल करने वाले आरोपी युवक-युवती को गिरफ्तार किया।

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में बिजनेसमैन को ब्लैकमेल कर 26 लाख रुपये ऐंठने वाले सीए फाइनल ईयर के छात्र व उसकी गर्लफ्रेंड को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक-युवती ने कई धमकीभरे पत्र लिखकर बिजनेसमैन को बदनाम करने की धमकी दी थी। मामला विश्वकर्मा थाना इलाके का है। पीड़ित ने जब पुलिस की मदद मांगी तो उन्होंने बदमाशों द्वारा मांगे गए 23 लाख रुपये के बदले कागजी नोट बैग में भरकर ट्रैप रचा, जैसे ही आरोपी राहुल बैग उठाने आया तो पुलिस ने उसे दबोच लिया।

डीसीपी (वेस्ट) वंदिता राणा ने बताया कि ब्लैकमेलिंग के मामले में 26 साल के राहुल बोहरा निवासी जगदीश कॉलोनी निवारू रोड झोटवाड़ा और उसकी 27 साल की गर्लफ्रेंड प्रियंका निवासी डीडवाना नागौर हाल निवारू रोड करधनी को अरेस्ट किया है।

आरोपी राहुल बोहरा सीए फाइनल ईयर का स्टूडेंट है। प्रियंका बिजनेसमैन की कंपनी में ही अकाउंटेंट है। दोनों युवक-युवती 2 साल से रिलेशनशिप में है। पूछताछ में आरोपियों ने वेब सीरीज देखकर ब्लैकमेलिंग का प्लान बनाया था।

थानाधिकारी रमेश सैनी ने बताया कि मुखर्जी कॉलोनी शास्त्री नगर निवासी दीपक माहेश्वरी (47) गुरुवार को ब्लैकमेलिंग की शिकायत लेकर थाने पहुंचा था। दीपक का विश्वकर्मा में रोड नंबर-9 पर साइन बोर्ड बनाने का बिजनेस है।

दीपक की कंपनी में ही प्रियंका करीब 4 साल से जॉब कर रही है। उसकी ही कंपनी में राहुल बोहरा की बहन भी जॉब करती है। इसके चलते राहुल का कंपनी में आना-जाना था। करीब 2 साल पहले प्रियंका राहुल के कॉन्टैक्ट में आई थी। प्रियंका ने राहुल को बिजनेसमैन की डिटेल उपलब्ध करवाई। पता चला कि बिजनेसमैन करोड़पति है तो उसने ब्लैकमेल करने का प्लान तैयार किया। गत 1 नवम्बर 2022 की रात करीब 8 बजे राहुल ने एक अनजान व्यक्ति के जरिए कंपनी के गार्ड को एक बंद लिफाफा दिया। इसके अगले दिन सुबह ऑफिस जाने पर गार्ड ने लिफाफा दीपक को दे दिया। लिफाफे को खोलकर देखा तो उसमें धमकी भरा लेटर मिला। इसमें उसका और कंपनी की महिला कर्मचारी का नाम लिखा था। दोनों के एक साथ गए स्थानों के बारे में लिखा हुआ था। लेटर में लिखा था कि आप मुझे 10 लाख रुपए दे दो। नहीं तो मैं आपकी निजी जानकारियां उजागर कर दूंगा। लेटर में शाम 7 बजे 10 लाख रुपए से भरा बैग विद्याधर नगर स्थित कपड़ों के शोरूम के सामने छोड़ने के लिए लिखा था। बदनामी के डर से बिजनेसमैन रुपए दे आया।

इसके 15 दिन बाद आरोपी ने दुबारा एक लिफाफा गार्ड के जरिए बिजनेसमैन दीपक को दे दिया। उसमें लिखा था जो रुपए दिए गए, उसमें 7.50 लाख रुपए ही मिले हैं। 2.50 लाख रुपए कम दिए है। उसके एवज में 4.50 लाख रुपए देने होंगे। अगर कंपनी के उस व्यक्ति की जानकारी चाहिए तो 10 लाख रुपए और लगेंगे। इस पर 14.50 लाख रुपए उसी जगह पर उसी तरीके से पहुंचा देना। इसके साथ ही 25-25 हजार के तीन लिफाफे भी बैग में रखना। कहे अनुसार दोबारा 15.25 लाख रुपए ब्लैकमेलर तक पहुंचा दिए।

कंपनी के व्यक्ति की जानकारी के लिए ब्लैकमेलर के लेटर का बिजनेसमैन इंतजार करता रहा। गत 26 दिसम्बर को दीपक को गार्ड ने एक और लिफाफा पकड़वाया। उसमें कुछ प्रश्न-उत्तर लिखकर कंपनी के व्यक्ति के नहीं मिलने और जानकारी नहीं होने के बारे में लिखा। उसके बारे में बताने के लिए 23 लाख रुपए की डिमांड की। पीड़ित ने ब्लैकमेलर की बताई जगह पर रुपए की जगह एक लेटर लिखकर डाल दिया। लेटर में कंपनी के युवक के बारे में जानकारी मांगी। गत 2 जनवरी 2023 को धमकी दी कि अगर आप मुझे पैसे नहीं दोगे तो मैं आपकी सभी प्राइवेट जानकारियां आउट कर दूंगा।

आपकी चालाकी पर हम घटना को अंजाम देने में एक मिनट नहीं सोचेंगे, जान गंवा बैठोगे। इसलिए 25 लाख रुपए का बैग 4 जनवरी को उसी जगह रखने को कहा। लगातार ब्लैकमेलिंग से तंग बिजनेसमैन दीपक ने 5 जनवरी को पुलिस से मदद मांगी। पुलिस ने ब्लैकमेलर को ट्रैप की प्लानिंग की। उन्होंने बिजनेसमैन को 23 लाख के कागजी नोट बैग में भरकर 5 जनवरी को भेजा । रुपए का बैग रखकर बिजनेसमैन दीपक वहां से चला गया। कुछ देर बाद बैग उठाने आए राहुल को पुलिस ने पकड़ लिया।

## 'मासिक धर्म के दौरान महिलाओं को वर्क फ्रॉम होम'

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान राज्य समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष डॉ.अर्चना शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को राजस्थान राज्य समाज कल्याण बोर्ड की द्वितीय साधारण सभा का आयोजन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अंबेडकर भवन स्थित सभागार में हुआ।

बैठक में राज्य बोर्ड द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का संचालन प्रारम्भ करने के लिए गुड टच- बैड टच कार्यशाला, महिलाओं के मासिक धर्म के दौरान वर्क फ्राम होम के प्रावधान , परिवार परामर्श केन्द्र, वृद्धाश्रम संचालन, यशोदा पालना गृह योजना, अन्तर्राष्ट्रीय भाषा शिक्षण केन्द्र की स्थापना आदि विभिन्न प्रस्ताव प्रशासनिक विभाग के माध्यम से स्वीकृति हेतु राज्य सरकार को भिजवाये जाने का निर्णय लिया गया।

डॉ.शर्मा ने कहा कि बोर्ड का गठन राज्य में विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं, महिला एवं बच्चों के कल्याण एवं उत्थान के लिए प्रभावी नीति का निर्धारण एवं उनके सामाजिक कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से किया गया है। इस संबंध में बोर्ड समय-समय पर अपने सुझाव भी देते रहा है।

उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ बढ़ते यौन अपराधों में कमी लाने के उद्देश्य से राज्य में संचालित सभी कॉलेजों, विद्यालयों में राज्य स्तर, जिला स्तर एवं पंचायत समिति स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे, जिसमें उन्हें गुड टच-बैड टच एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

## सार-समाचार

### 8वीं तक के बच्चों का अवकाश 14 तक

**जयपुर** । जयपुर जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने एक आदेश जारी कर जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 वीं तक 14 जनवरी तक अवकाश घोषित किया है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में तापमान गिरने से सर्दी बढने और शीतलहर चलने की संभावना जताई गई है, जिसके चलते जयपुर जिला कलक्टर ने अवकाश के आदेश जारी किये हैं। हालांकि इस दौरान शिक्षकों एवं अन्य संचालित परीक्षाओं का समय यथावत रहेगा। इस दौरान सवाई मान सिंह स्टेडियम में गणतंत्र दिवस पर प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थी पूर्वाभ्यास के लिए उपस्थित रहेंगे। आदेश की अवहेलना करने वाले राजकीय एवं निजी विद्यालयों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आदेश की अवहेलना करने वाले विद्यालयों की शिकायत करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

### रो.सुनील दत्त होंगे डिस्ट्रिक्ट चैयरमेन



रो. सुनील दत्त गोयल

**जयपुर** । रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 की हाल ही गठित टीम नवोदय 2023-24 के तहत डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो. डॉ. निर्मल कुनावत ने रो. सुनील दत्त गोयल को डिस्ट्रिक्ट चैयरमेन म्यूचुअल फंड एण्ड इन्वेस्टमेंट एज्यूकेशन नियुक्त किया है। रो. सुनील दत्त गोयल पिछले तकरीबन 6 वर्ष से रोटरी में सक्रिय रूप से कार्यरत हैं और वर्तमान में रोटरी क्लब जयपुर जयपुर राउंड टाउन के अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और सचिव के पद पर 2019-2021 में अपनी सेवाएं दे चुके है। रो. सुनील दत्त गोयल की इस नियुक्ति के लिए रोटरी क्लब जयपुर राउंड टाउन के वरिष्ठ सदस्य रोटेरियन डॉ.अशोक गुप्ता, अजय काला, रमेश अग्रवाल व आलोक अग्रवाल ने शुभकामनाएं दीं।

### डॉ.नीलम भारद्वाज का स्वागत



**जयपुर** । राजधानी के चाँदपोल स्थित जनाना हॉस्पिटल में शुक्रवार को डॉक्टर्स, नर्सिंग ऑफिसर्स व पैरा मेडिकल स्टॉफ ने नवनियुक्त विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम भारद्वाज का बुके देकर किया स्वागत व अभिनंदन किया। ओपीडी प्रभारी रमेश सैनी ने बताया कि इस दौरान डॉ. नीलम भारद्वाज ने कहा की नर ही नारायण सेवा है। गर्भवती महिलाओं और सामान्य मरीजों को और बेहतर सेवाओं के लिये हर सकारात्मक प्रयास किये जायेंगे। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. लता रतनू ,नर्सिंग अधीक्षक शैलेशा सोलोमन, सारिका शर्मा, डॉ. अदिति, डॉ. सुषमा, डॉ. दिव्याश्री, डॉ. गीतिका, डॉ. ज्योति, डॉ. शिवांगी, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रमेश सैनी, समन्वय समिति अध्यक्ष विनीता शेखावत, इंचार्ज सारम्मा नैनन, देवेन्द्र पन्त, राकेश शर्मा, सूजा वर्गीस, श्रीराम गोदारा, रामसिंह यादव, रवि शर्मा, डेज़ी मोल सहित कई चिकिसक, नर्सिंग ऑफिसर्स व पैरा-मेडिकल्स उपस्थित रहे। सभी ने नये एचओडी डॉ. भारद्वाज को बधाई व शुभकामनाएं दी।

### नर्सिंग अधीक्षक मीना का सम्मान

**जयपुर** । राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन की ओर से राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार-2021 से सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के नर्सिंग अधीक्षक राम प्रसाद मीना को सम्मानित किया गया। नर्सेज़ नेता मनोज दुब्बी ने बताया कि समारोह में राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष श्याम सिंह व जयपुर जिला अध्यक्ष बलदेव सिंह चौधरी तथा एसोसिएशन की कार्यकारिणी के सदस्यों तथा वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी व नर्सिंग अधिकारी मौजूद रहे। समारोह की अध्यक्षता एसएमएस अस्पताल के मुख्य नर्सिंग अधीक्षक सुरेश कुमार मीणा ने की। बलदेव सिंह व अस्पताल संयोजक-रोशन लाल यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### राटो के अध्यक्ष बनें महेंद्र सिंह राठौड़

**जयपुर** । राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (राटो) के चुनाव शुक्रवार को जयपुर में निर्विघ्न सम्पन्न हुए। महेंद्र सिंह राठौड को 21 वोटों से राटो का अध्यक्ष नियुक्त किया गया और दविपाल सिंह 20 मतों से वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुए। सुखदेव सिंह उपाध्यक्ष, मोहन सिंह मेडतिया महासचिव और यतीश धाबाई संयुक्त सचिव नियुक्त हुए। इसी प्रकार दिलीप चौहान को निर्विरोध आयोजन चेयरमैन निर्वाचित किया गया। गौरतलब है कि राटो के 35 योग्य सदस्यों में से कुल 21 सदस्यों ने वोटिंग की थी। इसके अतिरिक्त कार्यकारी समिति के सदस्य भी चुने गए, जिसमें कुंदन सिंह, करणी सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, राजेन्द्र सिंह राठौड, राजेन्द्र सिंह जोधा, नरेंद्र सिंह राठौड, वंश प्रदीप सिंह और नरेंद्र सिंह सदस्य निर्वाचित हुए।

### दिव्यांग शिविर 8 जनवरी को होगा

**जयपुर** । अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री गोपाल गुप्ता ने बताया कि नारायण सेवा संस्थान एवं अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 8 जनवरी को प्रातः 10 बजे जवाहर लाल नेहरू मार्ग पर स्थित होटर रेड फोक्स के समीप सेलिब्रेसन गार्डन में एक विशाल दिव्यांग शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें नारायण सेवा संस्थान उदयपुर के सौजन्य से दिव्यांग व्यक्तियों को उपकरण वितरण करने के साथ आवश्यकतानुसार कृत्रिम हाथ पैर की व्यवस्था की जायेगी। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष एन के गुप्ता ने बताया कि इस शिविर में मंगलम प्लस मेडिसिटी हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया जा रहा है जिसमें इच्छुक व्यक्तियों की निःशुल्क जांच की जायेगी एवं आवश्यकता होने पर हॉस्पिटल में इलाज करवाया जायेगा। प्रदेश प्रभारी ध्रुवदास अग्रवाल ने बताया कि दुर्घटना में हाथ पांव खो चुके भाई बंधुओं को कृत्रिम हाथ पैर एवं केलीपर की व्यवस्था की जायेगी। उक्त शिविर को सफल बनाने के लिए गत कई माह से तैयारियां की जा रही है।

### परशुराम कुंड यात्रा का रथ जयपुर में

**जयपुर** । विप्र फाउंडेशन की कांचीपुरम से अरुणाचल के लिए रवाना हुई परशुराम कुंड आमंत्रण यात्रा शनिवार को जयपुर पहुंच रही हैं जहां शोभायात्रा व गोविंद देव जी मंदिर में महाआरती के बाद यात्रा के प्रथम चरण का विराम होगा। विप्र फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष राजेश कर्नल एडवोकेट ने बताया कि जयपुर में जलेब चौक से 7 जनवरी को प्रातः 10 बजे शोभायात्रा बडी चौपड, हवामहल, काले हनुमान जी मंदिर होते हुए गोविंद देवजी मंदिर प्रांगण पहुंचेगी। यहां महाआरती होगी। उन्होंने बताया कि जन-जन के परशुराम का देशभर में संदेश प्रसारित करने को निकला आमंत्रण यात्रा के अमृत भारत रथ की पूजा-अर्चना, स्वागत - अभिनंदन के लिए सर्व समाज को भी आमंत्रित किया गया है ताकि यात्रा के माध्यम से आपसी भाई चारा और मजबूत हो सके। गौरतलब है विप्र फाउंडेशन की इस यात्रा ने 61 दिनों से लगातार यात्रा कर तमिलनाडू, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान में सभी जिलों के कुल 12462 किमी का सफर तय किया है।

### रामबाग पैलेस होटल को नोटिस

**जयपुर** (कासं)। जेडीए ने शुक्रवार को रामबाग पैलेस होटल को दीवार ऊंची करने पर नोटिस दिया है। जेडीए प्रवर्तन शाखा ने रामबाग पैलेस होटल प्राइवेट लिमिटेड को रामबाग सर्किल की तरफ पहले से बनी 5 फीट ऊंची दीवार को बढ़ाकर 11 फीट ऊंची करने पर करने पर यह नोटिस दिया है। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि जोन-1 क्षेत्राधिकार में स्थित रामबाग पैलेस होटल की पूर्व से निर्मित 5 फीट ऊंची चारदीवारी पर लगभग 600 फिट की लंबाई में 6 फीट और नवीन चारदीवारी का निर्माण कर उसे 11 फीट की ऊंची बना दिया गया। अवैध चारदीवारी का निर्माण किए जाने पर धारा 32, 33 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी किए गए है। अवैध चारदीवारी के निर्माण में प्रयोग लिए जा रहे औजारों को जब्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि दो दिन पहले अवैध चारदीवारी बनाने पर समझाइश की गई थी, लेकिन काम नहीं रोका गया। इस पर प्रवर्तन शाखा ने नोटिस दिया है। जवाब देने के लिए 3 दिन का समय दिया गया है।

## फिल्म "हू एम आई" को मिला सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म अवॉर्ड



**जयपुर** । जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (जेआईएफएफ) 2023 में राइट क्लिक प्रोडक्शन की फिल्म 'हू एम आई '(कोअहम) को बेस्ट फीचर फिल्म के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। जयपुर के महाराणा प्रताप सभागार में रेड कार्पेट ओपनिंग सेरेमनी एन्ड अवार्ड सेरेमनी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर हू एम आई के डायरेक्टर शिरीष खेमरिया ने सुप्रसिद्ध एजुकेशनिशट जयश्री पालीवाल के हाथों से अवॉर्ड ग्रहण किया। इस दौरान हू एम आई की पूरी टीम मौजूद थी। फिल्म के प्रोड्यूसर शिरीष प्रकाश, मुख्य एक्टर अभिनेता चेतन शर्मा और ऋषिका चांदनी के अलावा फिल्म के क्रिएटिव एडवाइजर डॉ. आलोक प्रकाश और एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर डॉ हेमेंद्र शर्मा मौजूद थे।

फिल्म के क्रिएटिव एडवाइजर डॉ आलोक प्रकाश ने बताया की पांच दिन तक चलने वाले इस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हू एम आई 9 जनवरी को जीटी सैंट्रल स्थित आयनॉक्स में स्क्रीनिंग की जाएगी। और 27 जनवरी को देशभर में रिलीज होगी। फिल्म के डायरेक्टर शिरीष खेमरिया ने बताया कि हू एम आई अब तक लंदन, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, स्पेन, कनाडा, इस्त्राइल और जर्मनी के प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में प्रदर्शित हो चुकी है या फिर स्क्रीनिंग के लिए चयनित की जा चुकी है, जहां इसे तारीफ के साथ कई पुरस्कार मिले है।

## भवानी मंडी की 19 बीघा भूमि के बेचान पर रोक

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट ने भवानी मंडी की 19 बीघा भूमि विवाद से जुड़े मामले में कब्जा धारी तीन दर्जन लोगों को पाबंद किया है कि वह भूमि का बेचान नहीं करेंगे। यदि भूमि सरकारी पाई गई और याचिका का फैसला याचिकाकर्ता के पक्ष में हुआ तो वे अपने खर्च पर निर्माण तोड़ेगे। इसके अलावा वे निर्माण के आधार पर कोई दावा भी नहीं करेंगे। सीजे पंकज मित्थल और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश अविनाश जायसवाल की जनहित याचिका पर दिए। अदालत ने आदेश में कहा कि पूर्व में राज्य सरकार इस जमीन को सरकारी बता रही थी। वहीं अब इसे निजी भूमि बता रही है।

याचिका में अधिवक्ता डॉ. अभिनव शर्मा ने अदालत को बताया कि भवानी मंडी की इस भूमि को प्रभावशाली लोगों के नाम भू-रूपान्तरण कर पट्टे जारी कर दिए गए और उस पर निर्माण की अनुमति भी दे दी। याचिकाकर्ता ने बताया कि वर्ष 2014 में राज्य सरकार और स्थानीय नगर परिषद ने याचिका दायर कर भूमि की 90बी की कार्रवाई पर आपत्ति जताई थी और भूमि को राज्य के नाम दर्ज कर लिया था। इसके बाद सरकार ने याचिका को वापस ले लिया और जमीन को निजी बताकर उस पर पट्टे और निर्माण की स्वीकृति जारी कर दी। दूसरी ओर राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि वर्ष 1932 में इस भूमि को तत्कालीन महाराज राजेन्द्र सिंह ने तेल मिल के लिए सेठ पेस्टोन को दान में दी थी। जिसे बाद में जयपुरिया ब्रदर्स कंपनी ने खरीद लिया और 90बी की कार्रवाई के लिए समर्पित कर उस पर पट्टे जारी कर दिए।

## अफ्रीका भेजी जा रही 12 नेपाली लड़कियों का एयरपोर्ट पर रेस्क्यू

### अलग-अलग टैक्सी लेकर जयपुर एयरपोर्ट पहुंची थी युवतियां, पहले से तैनात पुलिस ने हिरासत में लिया

**जयपुर** (कासं)। सांगानेर एयरपोर्ट पर एक बार फिर मानव तस्करी (ह्यूमन ट्रैफिकिंग) का मामला सामने आया है। पुलिस ने एयरपोर्ट से 12 नेपाली लड़कियों को रेस्क्यू किया गया है। इन्हें अफ्रीका महाद्वीप के इथियोपिया ले जाया जा रहा था।

दरअसल, एयरपोर्ट थाना पुलिस को नेपाल एंबेसी के जरिए इन लड़कियों के बारे में जानकारी मिली थी। इसके बाद डीसीपी राजीव पचार ने शुक्रवार को एयरपोर्ट पर एक टीम तैनात की। टीम तत्काल प्रभाव से नेपाली लड़कियों से पूछताछ कर उन्हें थाने ले आई। इन लड़कियों ने बताया कि वह नेपाल से पैसा कमाने के लिए दिल्ली आई थी। यहां उन्हें कुछ लोगों ने विदेश भेजने और वहां पैसा कमाने की बात कही। इस पर सब राजी हो गई। सभी लड़कियां नेपाल के अलग-अलग जिलों की रहने वाली हैं। इन्हें अभी जयपुर के महिला निकेतन में रखा जाएगा, बाद में सीनियर ऑफिसर्स के साथ नेपाल भेज दिया जाएगा। एयरपोर्ट थाना पुलिस ने बताया कि जैसे ही उन्हें लड़कियों की तस्करी की जानकारी मिली, तब सादी वर्दी में पुलिस ऑफिसर एयरपोर्ट के आसपास तैनात किए गए। सभी लड़कियां अलग-अलग टैक्सी से अकेली एयरपोर्ट पहुंचीं। सभी से पूछताछ में पुलिस को ह्यूमन ट्रैफिकिंग की जानकारी मिली। लड़कियों के अकेले होने से पुलिस उन लोगों तक नहीं पहुंच पाई, जो इन्हें विदेश भेज रहे थे। एयरपोर्ट थाने के सब इंस्पेक्टर दिगपाल सिंह ने बताया कि यह लड़कियां हिंदी और इंग्लिश नहीं जानती हैं। इन्हें केवल नेपाली भाषा आती है, इसलिए एंबेसी से संपर्क कर रहे हैं। उन्हीं लोगों के डायरेक्शन पर इन लड़कियों का रेस्क्यू किया गया। ज्ञात रहे कि करीब एक महीने पहले भी जयपुर एयरपोर्ट पर दो युवतियों को रेस्क्यू किया गया था। दोनों युवतियों को जबरदस्ती दुबई ले जाया जा रहा था। दोनों को नेपाल से दिल्ली नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाया गया था।

दिल्ली एयरपोर्ट पर सख्ती होने के कारण इन्हें जयपुर लाया गया था। उन दोनों युवतियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया था कि वे दिल्ली में नौकरी के लिए पहुंची थी। जहां उन्हें नौकरी के लिए दुबई भेजने की बात कही गई, इस पर कुछ युवतियों ने अपने परिवार से संपर्क करने की कोशिश की थी। तब पूरा मामला सामने आया था।

## 8 डकैत पुलिस के हत्थे चढ़े

**जयपुर** । जवाहर नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम पूर्व ने कार्रवाई करते हुए डकैती की योजना बनाते हुए आठ बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से पुलिस ने तीन देशी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस, अधिक मात्रा में लोहे के पाइप सरिया सहित एक कार बरामद की है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व डॉ. राजीव पचार ने बताया कि जवाहर नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम पूर्व ने कार्रवाई करते हुए डकैती की योजना बनाते हुए सीताराम मीणा दयानंद नगर झालाना डूंगरी, सुरेन्द्र शर्मा उर्फ बंटी निवासी शिव कॉलोनी झालाना डूंगरी,देवेन्द्र सिंह निवासी झालाना डूंगरी, अमित बोहरा निवासी मान-टाउन जिला सवाई माधोपुर हाल जगतपुरा, शाहनवाज उर्फ सोनवाल निवासी झालाना डूंगरी जयपुर, टिंकू उर्फ देवा मीणा निवासी आमेर जिला जयपुर, मोहन चौधरी निवासी चौमू जिला जयपुर और राज मीणा उर्फ देवकी निवासी विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने तीन देशी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस, लोहे के पाइप सरिया समते कार बरामद की है।

## मांझे से कटकर तीन लोग घायल

- तीनों को एसएमएस के ट्रोमा सेंटर में इलाज के बाद घर भेजा

**जयपुर** । राजधानी जयपुर में चाइनीज मांझा अपना कहर बरपाने लग गया है। इसके चलते शुक्रवार को इससे घायल होकर तीन लोग एसएमएस अस्पताल के ट्रोमा सेंटर इलाज के लिए पहुंचे।

ट्रोमा सेंटर से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में पिंक स्क्वायर मॉल के सामने से बाइक सवार किशन मीणा जा रहा था। इस दौरान पंतग के साथ चाइनीज मांझा उसके गले से होकर निकला। इससे उसका हाथ और गला कट गया। उसने इलाज के लिए तुरंत एसएमएस अस्पताल के ट्रोमा सेंटर ले जाया गया। जहां उसके गले और हाथ पर टांके लगाकर डॉक्टरों ने उसे छुट्टी दे दी। वहीं इसी तरह शाम को पंतग के मांझे से घायल होकर दो और मरीज आए। इनमें मांझे से एक की नांक पर तथा दूसरे का गला कट गया। दोनों के टांके लगाकर घर भेज दिया गया। उधर जिला प्रशासन ने चाइनीज मांझे की खरीद-फरोख्त पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी है।

# '100 करोड़ की अवाप्तशुदा सरकारी भूमि पर जेडीए के अफसरों ने जारी कर दिए पट्टे'

## 'गृह निर्माण सहकारी समिति पर अफसरों की मेहरबानी ऐसी कि नियमन के लिए 50 फीसदी बसावट के नियम को नकारा, खातेदार के कोर्ट केस और आपत्तियों को भी दरकिनार किया'

- प्रशासन शहरों के संग अभियान में अवाप्तशुदा जमीन पर बसी कालोनी के पट्टे दिए जा सकते हैं, हमने इसी आदेश की पालना की है। किसी को आपत्ति है तो वह कोर्ट जा सकता है : उपायुक्त शैफाली कुशवाहा




विद्याधर नगर क्षेत्र की पूनियां कॉलोनी का जेडीए ने पिछले दिनों नियमन किया हैं, लेकिन यहां आबादी की कोई बसावट ही नहीं।

**जयपुर** (कासं)। जेडीए के अफसरों ने 100 करोड़ रुपये की अवाप्तशुदा सरकारी भूमि पर बसी अवैध कॉलोनी के पट्टे तक दे डाले। विद्याधर नगर क्षेत्र में यह गड़बड़झाला 'प्रशासन शहरों के संग' अभियान की आड़ में हुआ है। जेडीए प्रशासन ने भूमाफिया पर ऐसी मेहरबानी दिखाई कि नियमन के लिए आवश्यक 50 फीसदी बसावट के नियम को भी नकार दिया। साथ ही खातेदार के कोर्ट केस व आपत्तियों की भी कोई परवाह नहीं की।

जमीन के खातेदार पीड़ित जनता कॉलोनी निवासी दिलीप सिंह ने बताया कि विद्याधर नगर के खसरा नंबर 51 और 52 की भूमि को जेडीए ने 1983 में अवाप्त कर रखा है। इस जमीन पर गुलाबबाड़ी गृह निर्माण सहकारी समिति ने 10 पट्टे दिए हुए हैं। जमीन के खातेदार स्व. विजेन्द्र सिंह के पुत्र दिलीपसिंह ने अपने पिता के साथ जमीन बेचान के इकरारनामे को लेकर न्यायालय में केस कर रखा है। पुलिस थाने में भी एफआईआर भी दर्ज करा रखी है। जेडीए ने इस अवाप्तशुदा जमीन का मुआवजा भी कोर्ट में जमा करा रखा है। इस जमीन पर बसाई गई अवैध ''पूनियां कॉलोनी'' के नियमन के लिए गुलाबबाड़ी गृह निर्माण सहकारी समिति ने जेडीए के अफसरों से सांठगांठ कर फाइल लगाई थी। जोन उपायुक्त ने गत 16 दिसंबर 2022 को नियमन कैंप लगा कर पट्टे भी जारी कर दिए। जबकि खातेदार के वारिस दिलीपसिंह ने उपायुक्त शैफाली कुशवाहा के सामने स्वयं उपस्थित होकर इस नियमन कैंप को लेकर आपत्ति दर्ज कराई थी और वस्तुस्थिति की जानकारी दी थी। इसके बाद भी जोन उपायुक्त शैफाली ने इन आपत्तियों को दरकिनार कर पट्टे जारी कर दिए।

पीड़ित दिलीप सिंह का कहना है कि राज्य सरकार का आदेश है कि प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत अवाप्तशुदा जमीन पर उसी स्थिति में पट्टे जारी हो सकते है जब मौके पर 50 फीसदी बसावट हो, लेकिन मौके पर किसी तरह का कोई मकान नहीं बना हुआ है। सिर्फ कुछ प्लॉटों पर व्यावसायिक गतिविधियां हो रही है। जेडीए उपायुक्त शैफाली कुशवाहा को नियमन शिविर लगाने के लिए भी जेडीए आयुक्त व सचिव से अनुमति लेना आवश्यक है, लेकिन जोन उपायुक्त ने इसकी भी अनुमति नहीं ली है। सोसायटी अधिनियम के तहत एक परिवार में एक ही व्यक्ति को पट्टा जारी किया जा सकता है, लेकिन जेडीए उपायुक्त ने इसका भी ध्यान नहीं रखा। एक ही परिवार के सदस्यों के नाम पर पट्टे जारी कर दिए। उधर इस पूरे प्रकरण में जोन-2 की उपायुक्त शैफाली कुशवाहा का कहना है कि नियमन कैंप नियमानुसार हुआ है। प्रशासन शहरों के संग अभियान में अवाप्तशुदा जमीन पर बसी कालोनी के पट्टे दिए जा सकते हैं। हमने इसी आदेश की पालना की है। किसी को आपत्ति है तो वह कोर्ट जा सकता है।

## शिमर वेडिंग एंड गिफ्ट एक्सपो शुरू

**जयपुर** । उभरते फैशन डिजाइनर्स के स्टाइलिश और यूनिक कलेक्शन से सजी शिमर वेडिंग एंड गिफ्ट एक्सपो का उद्घाटन शुक्रवार को इनकम टेक्स कमिश्नर रोली अग्रवाल ने किया।

वैशाली नगर स्थित केसर बाग में संजोई गई इस दो दिवसीय एग्जीबिशन में देश के कई राज्यों से आए फैशन डिजाइनर्स ने अपना खास क्रिएशन शोकेस किया है। इनमें पार्टी वियर ड्रेसेज, शिफॉन व सिल्क ड्रेसेज, पशमीना शॉल, सटोल्स और कोट्स, ज्वेलरी की क्लासिक जडाऊ कुंदन, सेमी प्रेशियस, पर्ल, गोल्ड, सिल्वर, रजवाडा ज्वेलरी की विशाल रेंज डिस्प्ले की गई है। फेस्टिव सीजन व मकर संक्रांति के मद्देनजर एक्सपो में विभिन्न गिफ्ट्स आइट्म्स की भी विशाल रेंज देखने को मिली। साथ ही घर को तरोताजा लुक और पॉजिटिविटी फील देने के लिए लाइव प्लांट्स, होम डेकोर प्रोडक्ट्स इको फ्रेंडली, सस्टेनेबल, नेचुरल डाई की फैब्रिक्स के साथ पार्टी वियर, जिनमें राजपूती पोशाक, डिजाइनर साडी, इंडोवेस्टर्न फयूजन कलेक्शन भी विजिटर्स को लुभा रहे हैं।

एग्जीबिशन में देश के कई शहरों जैसे उदयपुर, जोधपुर, रामगढ, सहारनपुर, किशनगढ आदि के कॉपर, ब्रास, मीनाकारी, वुडन, क्रिस्टल के एक्सक्लूसिव हैंडीक्राफ्ट आइटम भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।



## Orthodox Christmas Day

Orthodox Christmas Day is a religious holiday celebrated by Orthodox Christians around the world. It is a celebration of the birth of Jesus Christ, who is considered the Son of God and the saviour of the world in Christianity. It's typically celebrated on January 7th-according to the Julian calendar which is used by many Orthodox churches-and is also referred to as "Old Calendar Christmas" or simply "Old Christmas." Orthodox Christmas Day marks the beginning of the Christmas season, which culminates in the celebration of Epiphany on January 19th.

#BATTLEFIELD

# Breakdancing is heading to the Olympics

Breaking is burgeoning in popularity across the globe and will soon be an Olympic sport. But as it crosses over into the mainstream, the practice risks losing its subcultural edge.




Breakdancing (or breaking, as its practitioners prefer) is standing at a crossroads. Considered part of the "four elements" of hip-hop, alongside rapping, graffiti and DJing, it first emerged in the 1970s on the streets of the Bronx. The first B-boys and B-girls were typically Black and Puerto Rican youth, who lived on the margins of New York City. Requiring no expensive equipment or technical training, it was an art form that emerged out of poverty and oppression - people often got into breaking because there was nothing else to do. Today, it's a global industry and, as of 2024, will be an Olympic sport.

The dance itself has evolved, too, becoming more athletic and elaborate - at the top level, it now resembles gymnastics more than anything. While most breakers welcome this mainstream recognition represented by the Olympics, some fear that the practice risks losing its counter-cultural edge and becoming divorced from its hip-hop roots.



While hip-hop culture and breaking have always been entwined, the first breakers weren't dancing to hip-hop - simply because it didn't exist yet. To begin with, it was mostly carried out to funk music; the name derives from the "break" in, say, a James Brown song, when all the instruments cut out except for the beat.

While breaking developed within Black culture, the dance itself drew on a wide range of influences. It was heavily inspired by 'uprocking', a 1960s style of dance built around foot shuffles, body drops and hand gestures, known as 'burns', which were intended to convey a kind of metaphorical aggression. While uprocking was a multiracial and city-wide phenomenon, it was associated with Latin Americans as well as the Black community.

In the early days of breaking, moves from 1970s Kung-Fu films were another source of inspiration.

It wasn't until the early 1980s that breaking, alongside hip-hop music, fully exploded in popularity in New York. At the time, people from outside of the scene often misinterpreted it as being literally violent. On one occasion, a newspaper photographer was called out to shoot a "riot" that had broken out in Washington Heights, only to arrive and discover a group of Black teenage boys who had been arrested for dancing.

Writing in the Village Voice in 1981, dance critic Sally Banes argued that, "Breaking is a way of using your body to inscribe your identity on streets and trains, in parks and high school gyms, it is a physical version of two favour-ite modes of street rhetoric, the taunt and the boast. It is a public arena for the flamboyant triumph of virility, wit, and skill. In short, of style."

The early 1980s were a furtive time for queer nightlife in New York, and breaking played a generative role in this subculture too. Today, the role that breaking played in queer culture is typically under-acknowledged, which perhaps reflects a bias towards the histories of white gay men.

Breaking began to spread out from the Bronx and became popular in the nightlife scene of downtown New York, where B-Boys and B-Girls would perform at the coolest parties and gallery openings by artists like Jean-Michel Basquiat. It came to be viewed as a symbol of irrepressible urban vitality.

From its subcultural roots in New York, breaking eventually became a nationwide craze. One of the first big crossover events was when B-Boy Richard "Crazy Legs" Colo?n starred in Flashdance, a wildly successful film that helped to turn breaking into a fully-fledged cultural phenomenon.

Throughout the 80s, the increasing commercial success of hip-hop music and the rise of MTV took breaking from inner-city New York to the suburbs of white America. Since then, even if it's less a common fixture in hip-hop videos, it has maintained a place within the culture, whether that's reality TV shows across the world.

The reason the Paris Olympics committee decided to include it was precisely because they wanted to appeal to younger viewers, which is testament to its continuing relevance. Whether it's still a subculture is hard to say: on the one hand, it still largely exists outside of the mainstream, and there are breaking scenes in some of the most volatile and oppressed areas in the world.



Niranjan Arya decided against that spot, he said that the pond should not be disturbed and the 60,000 litres capacity water tank should be shifted to some other place. He also ordered that the pond should be made part of the jamboree venue area. He also asked us to expand the pond and put more water in it. We restored the pond and expanded it to make it look like a man-made lake. It really looked nice. The lake area was demarcated. It was decided to use the lake for water-based adventure activities.

# Making Of The National Scouts Jamboree in Raj



Prakash Bhandari
*The writer is a senior journalist*



A 1956 picture of the National Jamboree when it was held in Jaipur.

Eight months ago when the decision to hold the 18th National Scouts & Guides national jamboree at the Nimbli Bramhnan village, 220 hectares of land belonging to the RIICO, there was nothing except the barren land, dunes, and uneven surface where unhappy cattle grazed looking for some green grass. The village comes under Rohat tehsil, so the jamboree's venue is described as Rohat.

This was the place which has to be turned into a national jamboree venue with all the facilities that one expects to see during Olympiads where the Olympic village is specially created for athletes of the world. In modern days, an Olympic village is created with buildings that have apartments, which after the completion of the Olympics are sold as dwellings, normally they fell in urban areas.

But, for the national jamboree all structures like tents, toilets, bathrooms, kitchens, dining areas, office spaces, recreational centres, the arena, stage, and the area for various scouting activities like adventure etc have to be created from scratch. Various agencies providing the tenting and other facilities and also creating seating stands were to be hired.

Apart from this, roads, electricity, water supply, water tanks sewerage facilities, etc also were needed.

Niranjan Arya, the state chief commissioner of the Rajasthan Bharat Scouts & Guides was a man who had a dream like Martin Luther King. Arya is a former Chief Secretary and currently an Advisor to the Chief Minister, the man behind the show. The state government has provided budgetary support of Rs 25 crore for this event. The venue for the national jamboree was carefully chosen so that the expenditure on creating the infrastructure could be used in the future for building the industrial area falling under the Delhi-Mumbai Industrial Corridor. Thus a lot of planning was required and the RIICO engineers worked out a good plan for the whole area like building gravel roads, pipelines, water tanks, etc.

#EVENTS

### Gigantic Task

Rohat will soon thrive under the Delhi-Mumbai Industrial Corridor as its part of the Jodhour-Pali Marwar Industrial Corridor (JPMIA) project area and is located equidistant (30km) from Jodhpur City and Pali town, while it is just 60km from Marwar Junction on the Dedicated Freight Corridor line connected with Jodhpur Marwar Indian Railway line, which passes through the project site, whereas Jodhpur Railway Station is located at a distance of about 30km on the north-western side. The site is very well connected by road with NH 62 and SH 64 (Jalore Road) passing through the site and the Jodhpur International Airport (30 km) by air.

All the work was to be executed by RICCO and state government departments like the PWD, PHED, and the JVVNL and a lot of coordination was required. The requirements for the national jamboree had to be executed under the norms given to the hosts by the Bharat Scouts & Guides.

Govind Meena of the Rajasthan Scouts & Guides was the man, who was involved in the project from the very beginning. A well-meaning and devoted person, he coordinated with the RIICO and other agencies and explaining the officials the requirement of the jamboree.

The officials were aghast when they came to know that a whole village with a dwelling capacity of 35,000 has to be created. It was something that was beyond their imagination. But they were willing people and they took up the challenge although with trepidation. The task was gigantic and the timeframe was just eight months. Prior to this, a national jamboree was held 67 years ago in Jaipur with only a few thousand participants.

Sundar Rathor, a young architect who was chosen as the project architect was taken to the spot by Govind Meena. "I was not sure whether I would be able to come up to expectations. But I gathered courage and was encouraged by Govind Meenaji and RICCO officials. The land looked fearfully barren. We had to measure the place that would be needed for the project. In right earnest, the land measurements were taken and areas selected which would be developed. The land area was cleared and smoothened with the use of earthmovers and as the land was cleaned, our vision grew, and we began contemplating on where every thing was to be laid out. A lot of blueprint was prepared.

> The lake area was demarcated. It was decided to use the lake for water-based adventure activities. The adventure activities expert Akhil Shukla gave us ideas as to how best it should be developed for water-based adventure activities. This was a wonderful creation and we restored the old pond to a new glory" said Rathor.

Arya was keen that the place should look vast, with no dearth of space. A total 220 hectares of land was available and was put under our disposal." said Sunder Rathor.

The foremost requirement was laying the pipeline for water supply and building a huge water tank that could supply water. When we were finalising the spot where the water tank was to come up, we discovered there was a pond at that place, which was used by the villagers for the cattle, said Rathor.

"Niranjan Arya decided against that spot, he said that the pond should not be disturbed and the 60,000 litres capacity water tank should be shifted to some other place. He also ordered that the pond should be made part of the jamboree venue area. He also asked us to expand the pond and put more water in it. We restored the pond and expanded it to make it look like a man-made lake. It really looked nice. The lake area was demarcated. It was decided to use the lake for water-based adventure activities. The adventure activities expert Akhil Shukla gave us ideas as to how best it should be developed for water-based adventure activities. This was a wonderful creation and we restored the old pond to a new glory" said Rathor.










Sundar Singh Rathor the architect of Rohat Jamboree.

### Dream Venue

"Rathor said that Arya insisted that as there was no dearth of space, the tents should look big and spacious. Thus each tent area was given a space of 3 feet by 40 feet. It's for the first time that such a large tent area was created in any national jamboree."

"We built a large podium of 1400 X 1000 feet to enable the spectators to see it from various angles. We also created an area for pitching 3500 tents, 1700 equipped toilets with water facilities and 1700 bathrooms, and provided sewerage facilities.

Barring roads leading to the VIP tent area that was made of pucca, other roads of gravel were laid. The venue also has two helipads."

It was decided that the main venue gate will be located near the National Highway to enable free and hassle-free entry. A huge gate was created at the entrance. Free entry and exits were ensured as logistics was an important issue.

We created seating stands made of wood that would have a capacity of 35,000. The entry and exit points were created keeping in view that there was no chaotic situation."

This is how the dream venue was created in which 90 percent of the material was locally procured and local labourers were hired providing them employment.

What turned out was a dream venue that would see various competitions – adventure valley, global village development, integration games, march past, folk dance, rock climbing, parasailing, and water activities among others will be organised in the seven-day jamboree. Truly, it's going to be a mini Kumbh of the youth of the country.

A huge entrance gate has been erected at the jamboree site decked with Rajasthani colourful mandanas showcasing the rich culture of the state. The gate will welcome the guests with the signage "Padharo Mhare Desh"

Shortly after the start of Scouting in 1908, its rapid and unexpected spread in countries outside the British Isles caused Lord Robert Baden-Powell, the Founder of Scouting, to realise that a get together of Scouts of all nationalities must sooner or later be organised. But any ideas he may have had were stifled by the outbreak of War in 1914. In 1917, the Tenth Anniversary of the first Scout camp on Brownsea Island, it had been hoped to hold some kind of celebration to mark the event. Things being as they were it was decided that an "Imperial and International Jamboree" be held as soon as circumstances would permit. As the War finished in 1918 it was decided to hold it two years later in 1920. Incidentally, a similar position was reached when it was decided to hold the 6th World Scout Jamboree in 1947, two years after the Second World War.

One must understand the meaning and importance of Jamboree. Jamboree is a word with a fairly complex etymology Based on the most popular belief, it traces its root to the Swahili word Jumbo, meaning Hello. In the world of Scouting, "a Jamboree is a large gathering of Scouts, at a national or international level".

The first World Scout Jamboree was held in 1920 in the United Kingdom and the latest 24th edition was celebrated in West Virginia in 2019.

### World Jamboree

The sixth World Scout Jamboree was held in 1947 and was hosted by France at Moisson, a village on the outskirts of Paris. It was a retired shooting range of the World War II era, located on the bank of Seine. This was the first Jamboree held after the devastating World War II and was aptly named the Jamboree of Peace

The Boy Scout movement had already gained momentum across undivided British India by then. After 1911, the program was opened for native Indians and started gaining prominence in Calcutta, Mysore, Jabalpur, Allahabad, Shimla, and Madras. In the province of Western Punjab, the Scouting program was introduced in the towns of Lahore and Ghora Gali. For the Jamboree Mondial de la Paix in 1947, 165 Boy Scouts were selected from all parts of undivided India with Danmal Mathur of Ajmer's Mayo College as the Scoutmaster, to be led by G.J.J. Thadeus, a staunch Christian from Kerala. Four boys from Jaipur, Jasdev Singh Hari Narayan Nigam, P P Singh and S. N. Kaul, and boys from Ajmer's Mayo College were part of the Indian contingent.

After the first time when India took part in the World Jamboree in Paris, the idea of holding an Indian jamboree was also born. It a gigantic task then to hold a national jamboree. But the start was made with the active initiative of the Andhra Pradesh unit.

After independence, the first All-Indian Jamboree was held from 27th December to 31st December 1953 in Secunderabad, Andhra Pradesh. It was inaugurated by the first Prime Minister of India Pandit Jawaharlal Nehru. About 7,340 Scouts and Guides participated in this Jamboree. 719 Scouts & Guides from Rajasthan participated in this Jamboree. On 31st December 1953 Dr. Rajendra Prasad their President of India presided over the closing ceremony of the jamboree.

The second jamboree was held in Jaipur in 1956 and it was the second biggest event to be held in the Pink City after 1948, Indian National Congress session that was held at Gandhi Nagar where facilities were created to hold the mega event with minimal resources.

writetoarbit@rashtradoot.com



Niranjan Arya, State Chief Commissioner of Rajasthan Scouts ( extreme left) with President Draupadi Murmu when he met her to extend invitation to grace the National Jamboree at Rohat.

#LIFE-GOALS

# A Letter To Yourself

Resolutions are overrated. Here's a better method to start the New Year off right.



The beginning of the year is a natural time for reflection. Many of us look back at the year that's passed and think about the year ahead. While you can make changes at any time, the New Year is the best time to commit to leading your best life. Goals and resolutions, however, can be impersonal, says Scott Simon, author of Scare Your Soul: 7 Powerful Principles to Harness Fear and Lead Your Most Courageous Life.

"A study from 2016 indicated that only 9% of people feel that their New Year's resolutions were successful at the end of the year," he says. "People are left feeling like they didn't hit the mark."

To encourage people to hit the core of their goals and values, Simon suggests taking time to write yourself a letter.

"This is a letter that nobody else will see," he says. "It's not about resolutions; it's about feelings and values, and it comes from your heart. Most people have probably never taken the opportunity to write a letter to themselves, but when you do it, magical things start to happen. You start to lead your life according to your own set of goals and wishes that that come from within."



### How to Write Your Letter

*Your letter should talk about the year you want to have ahead. Simon says the letter should answer five questions:*

- What are the fears you plan to tackle, those things you believe are holding you back?
- What are adventures you will embrace in the year to come?
- How will you connect or reconnect with others in your life?
- How will you plan to grow?
- What can you do to serve others?

### Reviewing Your Letter

Once you write your letter, refer to it over the course of the year. Reading your letter over again will become a key motivator throughout the course of the year. Since it's personal to you, it will remind you what your key values and goals are.

"It really keeps you on track with what are the most important aspects of your life," says Simon, who suggests keeping your letter nearby, such as in your nightstand. "Don't be afraid to revise it. This is a living document."

Be sure to review your letter at the end of the year before you write the one for the next year. "When you take a look at that letter after a year there is something really special about that moment," says Simon. "You are talking directly to yourself, saying, 'This is what I cared about a year ago. How did I do? Did I hit those values?' I make reading it at the end of the year a big deal."

When you go through the process of reviewing it, look at where you hit the mark and where you don't. Give yourself grace and the ability to be human. "Know that there are times when you will miss the mark," says Simon. "You won't always do exactly what you think that you will do; life intervenes sometimes and sometimes we fall short."

For those things you failed to do, say to yourself one of two things, suggests Simon: 'Yes, I want to do this better, and I'm going to recommit to it," he says. "Or it turns out that this wasn't really what I needed to do. It wasn't that important to me now that I've been through the year.'"

It can be an incredible upward spiral where one thing will lead to another, then all of a sudden you are leading your best life.




## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय खेल स्टेडियम का जयपुर से आई कमेटी ने निरीक्षण किया

## 12 करोड़ की लागत से बनेगा निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय खेल स्टेडियम

**सादुलपुर, (निसं)।** कस्बे में पिलानी रोड रेफरल अस्पताल के पास 12 करोड़ की लागत से बनने वाले निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय खेल स्टेडियम का शुक्रवार को जयपुर से आई हुई कमेटी ने निरीक्षण किया। वहीं इसी दौरान राजस्थान के मुख्य खेल अधिकारी द्रोणाचार्य अवॉर्डी कोच वीरेंद्र पूनिया एवं सहायक अभियंता मनीष बाजिया ने निर्माणाधीन सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक निर्माण एवं विकास कार्य की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही जयपुर से आई कमेटी ने खेल से जुड़ी निर्माणाधीन आधारभूत संरचनाओं का निरीक्षण किया। वहीं इस कार्य का निरीक्षण के दौरान राजस्थान के मुख्य खेल अधिकारी कोच वीरेंद्र पूनिया ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय खेल स्टेडियम परिसर में दो करोड़ की लागत से पवेलियन भी बनेगा।



कस्बे में पिलानी रोड रेफरल अस्पताल के पास 12 करोड़ की लागत से बनने वाले निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय खेल स्टेडियम का निरीक्षण करती जयपुर से आई कमेटी के अधिकारीगण।

साथ ही कहा कि खेल और खिलाडिय़ों को प्रोत्साहित करने को लेकर विभाग गंभीर है। तथा राज्य में खेल से जुड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर पर तेजी से काम किया जा रहा है। इस दौरान कोच वीरेंद्र पूनिया ने कहा कि स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सिंथेटिक ट्रेक जल्द तैयार हो जाएगा। इसके अलावा बास्केट बॉल कोर्ट, बॉलीबाल कोर्ट, टेनिस ग्राउंड, कबड्डी व खो-खो के ग्राउंड बनाए जायेगे। इसी तरह बच्चों को ट्रेनिंग करवाने के लिए जिम हॉल बनाया जाएगा। जिसमे फ्री वेट ट्रेनिंग की सुविधा मिलेगी और प्रदेश में सर्वाधिक राष्ट्रीय खिलाड़ी राजगढ़ से ही निकलते हैं। इसके साथ ही प्रदेश व निकटवर्ती हरियाणा राज्य के खिलाडिय़ों को भी इसका लाभ मिलेगा। स्टेडियम के लिए सादुलपुर विधायक एवं राजस्थान क्रीड़ा परिषद अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. कृष्णा पूनिया ने भी अपने कोटे से एक करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं।

इस दौरान राजस्थान मुख्य खेल अधिकारी कोच वीरेंद्र पूनिया के साथ अशोक चौहान सहायक अभियंता, आरएसआरदडी सी जयनारायण, अभियंता शिव नरेश लिमिटेड प्रकाश गोदारा, जिला खेल अधिकारी व रमेश पूनियाँ चूरू साईं के सीनियर कोच आदि उपस्थित थे।

# पी.एन.बी. बैंक में चोरी का प्रयास, 5.60 लाख रूपये बचे

## डॉग स्क्वायर्ड, पुलिस टीमों ने जुटाये साक्ष्य



घटना के बाद पुलिस और बैंक के अधिकारी मौके पर पहुंचे।

**भुसावर, (निसं)।** नेशनल हाइवे संख्या 21 जयपुर भरतपुर स्थित एवं थाना भुसावर के गांव बाछरैन में सड़क किनारे संचालित पंजाब नेशनल बैंक को बदमाशों ने निशाना बना लिया और सैंधमारी करते हुए अन्दर प्रवेश किया। जहां कैश तिजोरी को तोड़ नगदी ले जाने की कोशिश की लेकिन बदमाश अपने कारनामों में सफल नही हो पाये। उन्हें बैरंग ही वहां से भागना पड़ा जिससे तिजोरी में रखे 5 लाख 60 हजार रूपये बच गये। घटना का पता चलते ही पुलिस अधिकारी एवं बैंक कर्मचारी मौके पर पहुंचे और मामले को लेकर जानकारी ली एवं भरतपुर से पहुँची एफएसएल, डॉग स्क्वायर्ड और एमओवी टीमों ने साक्ष्य जुटाये। वहीं ग्रामीणों ने क्षेत्र में चोरी होने की मुख्य एक वजह रात्रि में लगातार हो रही विद्युत कटौती को भी बताया है और कानून व्यवस्था पर भी सवालिया निशान लगाये हैं।

मिली जानकारी के अनुसार वैर विधानसभा अन्तर्गत आने वाले कस्बा वैर में गुरूवार को पंजाब नेशनल बैंक में दिनदहाडे हथियारों के दम पर हुई 6 लाख रूपये की लूट को एक दिन भी नही गुजरा था कि अज्ञात बदमाशों ने गांव बाछरैन में संचालित पंजाब नेशनल बैंक को निशाना बना लिया और सर्दी एवं लाईट नही आने का फायदा उठाते हुए सैंध लगा दी। जहां बदमाशों ने बैंक में प्रवेश करने के लिए दीवार में होल बनाकर प्रवेश किया और अन्दर तिजोरी में रखे कैश को ले जाने का प्रयास किया। घटना का पता प्रातः बैंक के ऊपर बने कमरों में सो रहे बुजुर्ग के आने के बाद दीवार में होल देखकर हुआ। जिस पर उन्होने तुरन्त बैंककर्मियों एवं पुलिस को सूचना दी। जिस पर पुलिस सीओ निहाल सिंह एवं थानाधिकारी मदनलाल मीणा मय जाप्ता मौके पर पहुँचे।

# जमीन पर कब्जा कर रंगदारी मांगने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**चिड़ावा, (निसं)।** पुलिस ने एक हिस्ट्रशीटर सहित तीन युवकों को पिचानवां के पास जमीन पर कब्जा कर धमकी देकर रंगदारी मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीआई इंद्रप्रकाश यादव ने बताया कि चार जनवरी 2023 को किढ़वाना निवासी वीरेंद्र बसेरा ने रिपोर्ट दी। जिसमें बताया कि पिचानवां की सरहद में उनकी क्रयशुदा जमीन है। जिस पर कुछ दिन पहले हिस्ट्रीशीटर राकेश झाझडिया ने खोखा रख लिया। जिसे पुलिस में शिकायत देने के बाद हटा लिया गया था। जिसके बाद आरोपी झाझड़िया अपने आठ-दस साथियों के साथ मिलकर जान से मारने की धमकी दे रहा है।

आरोपी ने उक्त जमीन पर आने पर हाथ-पैर तोड़ने और जान से मारने की धमकी देकर रंगदारी भी मांगी। जिस पर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर झाझडिया के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने जिला स्पेशल टीम के साथ मिलकर पिचानवां निवासी हिस्ट्रीशीटर राकेश झाझडिया, दीपक और नेशल छोटी (हमीरवास) निवासी पर्पीद्र को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपियों से गहनता से पूछताछ कर रही है।

टीम में थानाधिकारी इंद्रप्रकाश यादव, एसआई कैलाशचंद्र, एएसआई विजय कुमार, हैड कांस्टेबल अनिल कुमार, कांस्टेबल अमित सिहाग, सुरेंद्र कुमार, डीएसटी हैड कांस्टेबल शशिकांत शर्मा, कांस्टेबल महेंद्र, हरिश, संदीप बोराण शामिल थे।



पुलिस ने रंगदारी के आरोप में हिस्ट्रीशीटर सहित तीन को गिरफ्तार किया।

## आदतन बाइक चोर गिरफ्तार

**मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)।** मदनगंज थाना पुलिस ने दोपहिया वाहन चोर को गिरफ्तार कर बाइक बरामद की है। पुलिस की गिरफ्त में आये आदतन बदमाश गांधीनगर निवासी जीतू उर्फ जितेन्द्र साहू (25) पुत्र जगदीश व बाइक खरीददार गांव होशियारा गेंगल निवासी सुरेश रेगर (32) पुत्र मूलचंद रेगर शामिल है।

थाना प्रभारी नेमीचंद चौधरी ने बताया की चार जनवरी को राजारेड्डी निवासी मुकुल पुत्र कल्याण ने मुकदमा दर्ज कराया की अज्ञात बदमाश बाइक चुराकर चम्पत हो गया। पुलिस द्वारा की गई तफ्तिश में जीतू तेली संदेह के दायरे में आ गया। काफी मशक्कत के बाद इसे पकडकर हवालात में डाल दिया। पूछताछ के दौरान इसने गुनाह में संलिप्तता स्वीकार करते हुए कहा की बाइक सुरेश रेगर को ओनेपौने दाम में बेच दी। जानकारी मिलने के बाद इसे भी धरदबोचा। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर मोटर साईकिल बरामद कर अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ कर रही है।

# बमनुमा वस्तु मिली

■ पुलिस ने आस-पास रखवाए मिट्टी के कट्टे

**सूरतगढ़, (निसं)।** ग्राम पंचायत राजपुरा पीपेरन क्षेत्र के एक खेत में एक बमनुमा वस्तु मिलने पर हड़कंप मच गया। किसान ने इसकी सूचना सिटी थाना पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मिट्टी के कट्टे लगाकर बम को सुरक्षित रखवाया।

थाना के सहायक उप निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि राजपुरा पिपेरन क्षेत्र के किसान लालचंद पुत्र अंतराम स्वामी अपने खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान उसे बमनुमा वस्तु जमीन में दिखाई दी। इस पर उसने पुलिस को मामले की सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर बम के चारों ओर मिट्टी के कट्टे लगवाकर उसे निगरानी में लेते हुए सुरक्षित रखवाया।

एएसआई ने बताया कि करीब 2 फीट लंबी और 3 इंच व्यास की जंग लगी बमनुमा वस्तु के बारे में पुलिस और सेना के उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया गया है। जिनके आने के बाद इसके निस्तारण की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि दो दशक पूर्व बिरधवाल स्थित आयुध डिपो में लगी आग के बाद उस समय अनेक बम आस-पास के गांवों में गिर गए थे। जो आज भी खेतों में कृषि कार्य करने के दौरान जमीन से बाहर निकल आते हैं। वहीं इंदिरा गांधी नहर की बंदी के दौरान नहर में भी बम दिखाई दे जाते हैं।

## शिविर में 721 यूनिट रक्त संग्रह

**खेतड़ी, (निसं)।** कस्बे के ऐतिहासिक पोलो ग्राउंड में शुक्रवार को रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री सलाहकार व खेतड़ी विधायक डॉ. जितेंद्रसिंह, विशिष्ट अतिथि निशा, डॉ. एसपी यादव, डॉ. महेंद्र, फतेहसिंह थे। पूर्व प्रधान बजरंगसिंह चारावास, पूर्व प्रधान मदनलाल गुर्जर, महेंद्रसिंह निर्वाण, पालिका ईओ सुरेश कुमार थे। जबकि अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष गीता सैनी ने की। कार्यक्रम के संयोजक ओबीसी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष लीलाधर सैनी रहे। सर्वप्रथम अतिथियों ने विधिवत फीता काटकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। रक्तदान शिविर में 721 यूनिट से अधिक रक्तदान किया।

# शतायु पार हुकमचंद बजाज का निधन

**करौली, (निसं)।** करौली की सायनाथ खिडकिया के निकट शतायु पार हुकमचंद बजाज का शूक्रवार को प्रातः निधन हो गया। वे सज्जनता की प्रतिमूर्ति थे इनकी सादगी एवं सहजता से परिपूर्ण जीवन ब्राह्मण समाज में एक मिशाल था। गोलीराम बजाज के भ्राता नारायण लाल के पुत्र हुकम चंद की शिक्षा मात्र पढ़ने लिखने तक ही सीमित रही। मात्र 12 वर्ष की आयु में ही मासलपुर क्षेत्र के खेडिया गांव के रणछोड़ पाराशर की पुत्री तीजो देवी से विवाह सम्पन्न हुआ।



हुकमचंद बजाज

शादी के बाद बाल्यकाल से ही पिता के साथ कपड़े की दुकानदारी में सहयोग करने लगे। पिता के देहांत के बाद वे आराध्य मदन मोहनजी के मंदिर में सेवाएं देने लगे। तीन पुत्रियों का विवाह सुयोग्य वरों से करके दायित्व मुक्त हुए। तीन पुत्रों में से दो निजी व्यवसाय से जुड़े हैं तथा एक राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग में कर्मचारी रहे। जीवन के उत्तरार्ध में पुत्र रमेश के साथ रहकर अपना अधिकांश समय हरि स्मरण में व्यतीत कर रहे थे तथा अपना दैनिक कार्य स्वयं सम्पन्न करते हुए सुखमय जीवन बिता रहे थे। विश्व वृद्ध दिवस पर जिला प्रशासन ने इनको सम्मानित भी किया।

शतायु पार कर चुके बजाज का सम्पूर्ण जीवन नयी पीढ़ी के लिए आदर्श रहा। उनका शुक्रवार को प्रातः निधन हो गया, जिनकी शव यात्रा चकडोल के रूप में बैंड बाजे के साथ शहर के प्रमुख मार्गों से निकालकर मासलपुर गेट स्थित मोक्षधाम में उनके ज्येष्ठ पुत्र बली प्रसाद शर्मा ने मुख आग्नि दी। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के प्रमुख लोगों के अलावा सर्व समाज के प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## ट्रेन के एसी डिब्बे के पहियों में लगी आग

**निवाई, (निसं)।** जोधपुर से इंदौर जाने वाली ट्रेन में शुक्रवार की सुबह चनानी स्टेशन के पास एसी डिब्बे के पहियों में अचानक आग लग गई। जिससे करीब आधा घण्टा गाडी रूकी रही। चनानी स्टेशन मास्टर ने बताया कि शुक्रवार को सुबह करीब 11:45 बजे फाटक संख्या एलसी 50 के गेटमैन ने जोधपुर से इंदौर जाने वाली गाडी के पहियों से धुआं निकलता देखा। गेटमैन ने तत्काल इसकी सूचना पर वाकी-टॉकी पर लोको पायलट को दी। ट्रेन के लोको पायलट ने सूचना मिलते ही चनानी स्टेशन से आगे निकलते ही एमरजेंसी ब्रेक लगाकर गाडी रोक दिया। लोको पायलट अग्निशमन यंत्र लेकर आग लगे डिब्बे के पास पहुंचे और आग पर काबू पाया।

# चालक से लूट के चार आरोपी बापर्दा गिरफ्तार

**खेतड़ी, (निसं)।** एक सप्ताह पूर्व जसरापुर-तातीजा मार्ग पद वाहन चालक से लूट की वारदात को अंजाम देने के चारों आरोपियों को पुलिस ने बार्पदा गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी हरिकृष्ण तंवर ने बताया कि तीन जनवरी को खालेटा रेवाड़ी हरियाण निवासी संजीव कुमार पुत्र सोमदत्त जांगिड़ ने रिपोर्ट दी कि 30 दिसंबर को बालाजी से दिल्ली के जिए गाड़ी भर कर जा रहा था। जसरापुर से तातीजा मार्ग पर पीछे से चार युवक दो मोटर साईकिल पर सवार होकर आए और गाड़ी के आगे लगा कर रोक लिया।

जबरदस्ती गाड़ी में चढकर पास में रखे हुए 10-11 हजार रूपए छीनकर ले गए। थानाधिकारी हरिकृष्ण तंवर ने बताया कि आरोपियों की तलाश के लिए क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरे व संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी गई। एचसी राजेश कुमार, कांस्टेबल चंद्रपाल व नेमीचंद को मुखबिर के जरिए सूचना मिली की वाहन चालक के साथ लूट की वारदात को अंजाम देने वाले चारों आरोपी माकड़ो से देवता रास्ते पर बैठे हुए हैं। सूचना पर दबिश देकर देवता निवासी सुरेश उर्फ सांपला (21) पुत्र प्रसादाराम गुर्जर, सचिन उर्फ पोलार्ड (20) पुत्र शीशराम गुर्जर, कमल उर्फ चीनू (19) पुत्र बंशीधर मेघवाल व अशोक उर्फ जोनी (20) पुत्र शीशराम गुर्जर को बार्पदा गिरफ्तार किया। थानाधिकारी हरिकृष्ण तंवर ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।



पुलिस की गिरफ्त में लूट के आरोपी।

# पेपर लीक मामले में कड़े कानून और सी.बी.आई. जांच की मांग



पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच की मांग को लेकर नोखा के युवाओं ने सीएम के नाम का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।

**नोखा, (निसं)।** नोखा के युवाओं ने राजस्थान की भर्ती परीक्षाओं में लगातार हो रहे पेपर लीक पर कड़ा कानून बनाने एवं पिछले 10-15 सालों में हुए सभी भर्ती परीक्षा पेपर लीक की न्यायिक अथवा सीबीआई जांच करवाने को लेकर युवाओं द्वारा मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन के दौरान तहसीलदार कार्यालय के बाहर युवाओं को संबोधित करते हुए पूर्व छात्रसंघ के राम सिंह चरकड़ा ने कहा कि राजस्थान में पिछले10-15 सालों से भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होने से हर भर्ती परीक्षा अपनी विश्वसनीयता खोती जा रही है। राजस्थान में पिछले 12 सालों में आधिकारिक रूप से 17 पेपर ऑउट हुए हैं। इसी के साथ बहुत सारे पेपर ऑउट होने के बावजूद भी आयोग व सरकारों ने अपनी नाकामी छुपाने के लिये उन्हें स्वीकार नहीं किया जिससे हजारों अयोग्य व्यक्तियों का सरकारी नौकरियों में चयन हो गया है।

राजस्थान में लगातार हो रहे पेपर लीक की वजह से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं में भारी आक्रोश एवं निराशा व्याप्त है। आज प्रदेश में एक भी भर्ती परीक्षा ऐसी नहीं हो रही जिस पर युवाओं को भरोसा रहा हो कि वो पारदर्शी तरीके से बिना पेपर ऑउट हुए पूर्ण हुई होगी। ऐसे अविश्वास के समय युवाओं को लगता है कि उनकी कड़ी मेहनत से की गई परीक्षाओं तैयारियों की कोई सार्थकता नहीं बची है।

## 18 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त

**अजमेर, (कासं)।** दरगाह क्षेत्र में रसद विभाग द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए 18 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किए गए। जिला रसद अधिकारी अरविंद शर्मा ने बताया कि जिला कलैक्टर अंश दीप के निर्देशानुसार रसद विभाग द्वारा घरेलू गैस सिलेण्डर के दुरूपयोग को रोकने के लिए शुक्रवार को कार्यवाही की गई। विभाग के जांच दल द्वारा दरगाह क्षेत्र धानमण्डी, सोलह खम्भा, त्रिपोलिया, बताशा गली आदि क्षेत्रों में घरेलू गैस सिलेण्डर के दुरूपयोग पाए जाने पर 18 सिलेण्डर जब्त किए गए। जांच दल में प्रवर्तन अधिकारी नीरज जैन, प्रवर्तन निरीक्षक योगेश मिश्रा, अंकुश अग्रवाल, अंकिता जैन एवं शीला बेनीवाल सम्मिलित रहे। उन्होंने बताया कि दरगाह क्षेत्र के तैमूर टी स्टॉल से एक अप्रमाणित, कोठारी भवन से 2 घरेलू, एकेफूड पोईन्ट से 5 घरेलू, 6 अप्रमाणित तथा 3 एनडी सिलेण्डर 5 किलोग्राम क्षमता के एवं आशीर्वाद पैलेस से एक अप्रमाणित एलपीजी गैस सिलेण्डर जब्त किया गया। यह कृत्य एलपीजी ऑर्डर-2000 का उल्लंघन है। प्रकरण ईसी एक्ट 1955 की धारा 6 ए में सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जांच दल द्वारा आगे भी लगातार कार्यवाही जारी रखी जाएगी। समस्त व्यापारियों को चाय, नाश्ता, खाना आदि के व्यवसाय में केवल 19 किग्रा क्षमता वाले व्यावसायिक सिलेण्डर का ही प्रयोग करने के लिए पाबंद किया गया है।

# भारत जोड़ो यात्रा में नरेगा श्रमिकों व स्कूल के बच्चों को लाकर भीड़ की गई: डॉ. किरोड़ी

## जनाक्रोश यात्रा में भाजपा पदाधिकारियों ने कांग्रेस सरकार पर जमकर प्रहार किये

■ प्रदेश महामंत्री मदन दिलावर ने कहा कि 28 लाख बेरोजगारों के रजिस्ट्रेशन किए, लेकिन सरकार ने 2 लाख युवाओं को भी रोजगार नहीं दिया

**महुवा, (निसं)।** राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस सरकार के विरुद्ध जनाक्रोश महासभा आयोजित की गई। इस दौरान कस्बे के मीन भगवान मंदिर से जनाक्रोश यात्रा निकाली गई जो कस्बे के मंडावर रोड स्थित गोमती मैरिज गार्डन पर पहुंची। जहां विशाल सभा का आयोजन करते हुए कांग्रेस सरकार के खिलाफ भाजपा पदाधिकारियों ने जमकर प्रहार किया।

महासभा के दौरान भाजपा पदाधिकारियों का माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान राज्यसभा सांसद डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि महुवा की जनता से उनका दिली लगाव है। उनके विधायक से लेकर सांसद तक का सफर तय करने में महुवा की जनता का अहम योगदान रहा है। उनके द्वारा जनहित में किए गए सभी आंदोलनों में यहां के लोगों ने अपनी पूरी भागीदारी निभाई है। कांग्रेस सरकार के राज में किसान से लेकर आम जनता पूरी तरह से पस्त है। किसानों को समय पर ना तो बिजली मिल पा रही है ना ही उनके सरकार द्वारा किए हुए वादे के अनुसार कर्जा माफ किया जा रहा है।



महुआ में आयोजित जन आक्रोश सभा को राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने सम्बोधित किया। इस दौरान मंच पर भाजपा के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

जिसके चलते मजबूरन किसानों को आत्महत्या करनी पड़ रही है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के नेता अपनी-अपनी कुर्सी बचाने की जद्दोजहद में लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि हमारे द्वारा पूर्वी राजस्थान चंबल नदी का पानी लाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं। आगामी भाजपा सरकार के दौरान यह सपना भी पूर्ण हो जाएगा। जिसके चलते पूरी राजस्थान में पानी की किल्लत से लोगों को हमेशा के लिए छुटकारा मिल पाएगा। राहुल गांधी द्वारा निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा में उनके द्वारा जबरदस्ती नरेगा श्रमिकों व स्कूल के बच्चों को लाकर भीड़ की गई थी। लोगों को यात्रा के नाम पर भ्रमित किया गया। जबकि असल में कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने से पूर्व किए गए एक भी वादे को पूरा नहीं किया है।

आगामी चुनाव में इसका जवाब देने के लिए जनता तैयार हैं। उप प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि गहलोत सरकार अपने पूरे कार्यकाल में पूरी तरह से असफल रही है। राजस्थान में आयोजित होने वाली सभी परीक्षाओं के पेपर पहले से ही लीक हो जाते हैं। प्रदेश महामंत्री मदन दिलावर ने कहा कि 28 लाख बेरोजगारों के रजिस्ट्रेशन किए गए हैं। लेकिन कांग्रेस सरकार ने 2 लाख युवाओं को भी रोजगार नहीं दिया। इस मौके पर पूर्व प्रधान राजेंद्र मीणा, भूपेंद्र सैनी, जिला अध्यक्ष डॉ.प्रभु दयाल शर्मा, जिला महामंत्री लाखन सिंह पांचोली, जिला संगठन सह प्रभारी मोहन मोरवाल, विधानसभा प्रभारी सौरभ सारस्वत, विस्तारक वेदांश पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष घनश्याम बालाहेड़ी व टीकम सिंह सहित सैकड़ों महिलाएं व पुरुष मौजूद थे।

# कानून व्यवस्था की जर्जरता से आम आदमी दहशतगर्दी के साए में : राजेन्द्र राठौड़

■ पेपर लीक करने में सरकार के विधायत व मंत्री भी शामिल : किरोड़ी लाल मीणा

■ जन आक्रोश सभा को राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा एवं विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने संबोधित किया

**रामगढ़ पचवार,** (निसं)। उपखंड मुख्यालय पर आयोजित जन आक्रोश सभा को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद डॉ. किरोडी लाल मीणा एवं विधानसभा उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस की गहलोत सरकार ने पिछले चार साल में केवल खुद को बचाने की जद्दोजहद की है एवं इस आपाधापी में प्रदेश में भय भूख भ्रष्टाचार को पनपाया है।

भाजपा उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है, कानून व्यवस्था की जर्जरता से आम आदमी दहशतगर्दी की जिंदगी जीने को मजबूर है ये बात उन्होंने रामगढ़ पचवारा में आयोजित भाजपा जन आक्रोश महासभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों के नाम व फोटो उजागर नहीं करने का सरकार का ताजा फरमान भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने वाला है।

सरकार में परीक्षाओं के पेपर एक के बाद एक लीक हो रहे हैं। युवाओं को रोजगार मिल नहीं रहा है, बेरोजगारी में राजस्थान का देश में दूसरा स्थान है, भ्रष्टाचार की भट्टी में पूरा प्रदेश पथक रहा है, प्रदेश की जनता ने बदलाव का मन बना लिया है। राठौड़ ने कहा कि दौसा



रामगढ़ पचवारा उपखंड मुख्यालय पर आयोजित जन आक्रोश सभा में लोगों की भीड़ उमड़ी।

जिले के मंत्री जनता का सुख दुख बांटने की बजाए चांदी कूटने में लगे हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व भाजपा ने कांग्रेस को राम का नाम लेने पर मजबूर कर दिया।

वहीं राज्यसभा सांसद डॉ. किरोडीलाल मीना ने कहा कि आए दिन परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं जिसमें सरकार के विधायत व मंत्री भी शामिल है।

उन्होंने कहा कि अगर पश्चिमी बंगाल की तरह राजस्थान में इडी घोटालों की जांच करे तो पांच एमएलए व तीन मंत्री बहुत सारे नेता जेल में होते, लेकिन अब प्रधानमंत्री की इडी आ रही है जो मुंह से खाया नाक से निकाल लेगी। सांसद मीना ने कहा कि राहुल गांधी ने राजस्थान दौरे के दौरान दस दिन में किसानों का कर्जा माफ करने की बात कही थी लेकिन आज तक किसानों का कर्ज माफ नहीं हुआ, बिजली आपूर्ति की स्थिती नई दुल्हन जैसी हो रही है जिसके चलते प्रदेश के किसान परेशान है, उन्होंने कहा कि प्रदेश में पेट्रोल के दाम सबसे महंगे है।

उन्होंने ईआरसीपी का मामला उठाते हुए कहा कि कांग्रेस 13 जिलों के लोगों को गुमराह कर रही है। कांग्रेस को ईआरसीपी के नाम पर चुनावों में फसल नहीं कांटने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जनता कांग्रेस के बहकावे नहीं आवे एवं भाजपा के पक्ष में मतदान कर सरकार बनाने की अपील की। इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री मदन दिलावर, वरिष्ठ भाजपा नेता रिटायर्ड आईएएस बृजमोहन मीणा, भाजपा नेता रामविलास मीणा, सतपाल मीणा, जयसिंह मीणा मंडावरी, सुमन मीणा खूर्रा, मुकेश रामगढ़ सहित कई भाजपा नेता एवं आमलोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### फायरिंग में घायल महिलाओं की कुशलक्षेम पूछी

**बहरोड़/ नीमराना,** (निसं)। राजकीय जिला अस्पताल बहरोड़ में हुई गैंगवार फायरिंग में घायल दो महिलाओं इमरती देवी व भूतेरी देवी निवासी नांगलखोड़िया से विधानसभा बहरोड़ के कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रत्याशी डॉक्टर आरसी यादव ने उनके घर जाकर हालात जानकर ढांढस बंधाया। कांग्रेस नेता डॉक्टर यादव ने फायरिंग में घायल हुई महिलाओं की चोटों का निरीक्षण कर डॉक्टरों से मिल रहे इलाज की जानकारी ली। जानकारी के मुताबिक एक महिला के गोली पैर की हड्डी से आरपार हो गई जिससे हड्डी का फ्रेक्चर हो गया अत: प्लास्टर बंधा हुआ तथा दूसरी महिला के पैर के मांस में से गोली आर पार होने से मांस फट गया। दोनों महिलाएं करीब 1 महीने तक चल फिर नहीं सकेंगी व सामान्य जीवन नहीं जी सकेंगी। वहीं उन्होंने भिवाड़ी एसपी शांतनु कुमार व बहरोड़ थाना इंचार्ज वीरेंद्र विश्नोई से बात कर फायरिंग केस की जानकारी लेने के साथ ही बहरोड़ क्षेत्र में बढ़ते अपराधों व गैंगवार पर रोक लगाने के पुख्ता इंतजाम करने को कहा जिससे क्षेत्रवासियों की जान माल की सुरक्षा हो सके।

### प्रदेशाध्यक्ष योगी का किया सम्मान

**बोराज,** (निसं)। राजस्थान नाथ समाज के प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर योगी का शुक्रवार को ग्राम पंचायत बोबास आने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्राम वासियों ने साफा व माला पहनाकर सम्मान किया । प्रदेश महामंत्री रणवीर योगी ने बताया कि इस मौके पर जोबनेर पंचायत समिति प्रधान शैतान सिंह ,बोबास सरपंच रूप रामनारायण रूंडला ,दिनेश कुमार शर्मा , दुलीचंद योगी लछुनाथ ,कैलाश ,बाबूलाल , मालीराम ,सांवरमल योगी ,देवी नाथ ,जगदीश , कालूराम आदि मौजूद रहे ।

### प्रकाश पर्व का आयोजन आज़

**खैरथल,** (निसं)। सिख समाज के द्वारा शनिवार को जसोरिया कालोनी स्थित गुरुद्वारा कलगीधर साहिब में गुरु गोबिंद सिंह महाराज का 356 वॉ पावन प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा।

## मंदिरों में पौषबड़ा महोत्सव की धूम

**चाकसू,** (निसं)। शुक्रवार को पूर्णिमा के अवसर पर उपखंड क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। कस्बे के वार्ड नंबर 26 खीचींयों की ढाणी में स्थित श्रीबाबा रामदेव मंदिर में मंदिर समिति की ओर से बाबा रामदेव और भरतरी महाराज के पौषबड़ों और हलवे का भोग लगाकर हजारों लोगों को पंगत प्रसादी जिमाई गई। इस दौरान मंदिर समिति भजन मंडली एवं महिला मंडल की ओर से भजन कीर्तन हुए। इस अवसर पर भगवान की आकर्षक झांकी सजाई गई और आरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर भाजपा विधायक प्रत्याशी रामअवतार बैरवा, भाजपा जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष उमा शर्मा, पार्षद राधा देवी, राजू टोलटैक्सवाले, पूरणमल खींची, नाथूलाल माली, शंकरलाल माली, लालाराम माली, जगन्नाथ सैनी, शंकर ट्रेलर, हरफूल खींची, रमेश चंद शर्मा सहित हजारों श्रद्धालुओं ने भागीदारी निभाई।

# आशा सहयोगिनियों का मानदेय 10 हजार करने की मांग

■ ए.एन.एम. का दर्जा दिलाने की भी मांग को लेकर प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन

**टोंक,** (निसं)। राजस्थान प्रदेश आशा सहयोगिनी कर्मचारी संघ ने आशा सहयोगिनियों का मानदेय दस हजार रुपए करने एवं एएनएम का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर रैली के रुप में गांधी पार्क से कलेक्ट्रेट तक प्रदर्शन करते हुए जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया।

संघ के संस्थापक संयोजक अजमल खान देवपुरा, प्रदेशाध्यक्ष विद्या टेलर, प्रदेश मंत्री माया शर्मा, अनिता मीणा, पार्षद ताबिश, सीमा स्वामी, अनिता बैरवा, नफीसा, मंजू बैन, रिजवाना, शीला, समोता, गायत्री शर्मा, सारा, विजय लक्ष्मी, सुगना चौधरी आदि महिलाओं ने प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को दिए ज्ञापन में बताया कि आशा सहयोगिनियां केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार सहित चिकित्सा एवं




आशा सहयोगिनियां रैली के रूप में प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचीं।

स्वास्थ्य विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जो भी कार्यों के निर्देश दिये जाते हैं उन्हें पूरी मेहनत, लगन एवं ईमानदारी के साथ 17-18 वर्ष करती आ रही हैं। परन्तु आशाओं की गंभीर समस्याओं पर कई बार लिखित में देने के पश्चात् भी समाधान नहीं होना दु:ख का विषय है। उन्होंने मांग करते हुए बताया कि आशा सहयोगिनियों का मानदेय 10 हजार रुपए करने, हर माह का मानदेय सही समय पर अन्य कर्मचारियों की तरह 1 तारीख को खाते में डलवाने, 10 दिन का शीत कालीन एवं ग्रीष्मकालीन मीणा अवकाश दिया जाता है, पूर्व की भांति निर्देशित कराने की मांग की की। जिससे की आशा सहयोगिनियों को समय पर अवकाश मिल सके। कई आशाओं के पास 4जी मोबाईल नहीं होने के कारण विभाग द्वारा दिया गया एप डाउनलोड टोंक नहीं हो पाता है। समय रहते आशा सहयोगिनीयों की गंभीर समस्याओं का समाधान कराया जाएं।

# विकास प्रजापत मौत मामले में आरोपियों का पॉलीग्राफ टेस्ट शुरू

■ परिजन अब भी सीबीआई जांच पर अड़े

**कोटपूतली,** (निसं)। विकास प्रजापत मौत मामले में पुलिस ने सभी 7 आरोपियों को पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए एफएसएल भिजवाया है। पुलिस को अब पॉलीग्राफ टेस्ट के जरिए जानकारी मिलने की उम्मीद है।

दूसरी ओर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग के साथ गत 2 माह से आंदोलनरत परिजन भी 17 दिन से धरने पर बैठे हैं। गौरतलब है कि विकास प्रजापत मौत मामले में पुलिस के द्वारा अभी तक किसी भी नतीजे पर नहीं पहुंचने के कारण परिजनों सहित शहर के आमजन में आक्रोश है। बड़ी संख्या में लोगों ने इस मामले में न्याय की गुहार लगाते हुए कैंडल मार्च, थाने का घेराव व प्रदर्शन किए हैं। दूसरी ओर गृहराज्य मंत्री राजेन्द्र यादव का क्षेत्र होने के बावजूद 'अनसुलझी मौत की गुत्थी' पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठा रही है।

**क्या है मामला :** शहर के बड़ावास निवासी 20 वर्षीय विकास प्रजापत 4 नवम्बर की शाम दोस्तों संग किसी शादी समारोह में जाने की बात कहकर घर से निकला था। लेकिन अगले ही दिन उसका शव परिजनों को बीडीएम अस्पताल में लावारिस हालत में मिला था। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि 4-5 नवम्बर की रात विकास के दो दोस्त ही विकास को मरणासन्न हालत में बीडीएम अस्पताल की मोर्चरी में छोड़कर फरार हो गए थे।

मौत की सूचना पर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने हत्या की आंशका जताते हुए विकास का शव, आरोपियों की गिरफ्तारी ना होने तक लेने से मना कर दिया। जिसके बाद कोटपूतली थाना पुलिस ने दो आरोपियों को थाने बुलाकर बिठा लिया, साथ ही परिजनों को बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी हो गई है। जिस पर परिजनों ने मृतक विकास का अंतिम संस्कार कर दिया।

**फिर क्यों पनपा आक्रोश :** मृतक विकास प्रजापत के अंतिम संस्कार के बाद दोनों आरोपियों को पुलिस ने देर शाम छोड़ दिया। जिसके बाद अगले ही दिन सुबह भारी संख्या में परिजन, मौहल्लेवासी व कई जनप्रतिनिधि थाने पहुंच गए। परिजनों ने आरोप लगाया कि 'पुलिस ने विकास के हत्याआरोपियों को बिना किसी पूछताछ के छोड़ दिया। आरोपियों के द्वारा मृतक के घर जाकर परिजनों को डराने - धमकाने की बात भी सामने आई।

इससे खफा सैकड़ों लोग कोटपूतली थाने पर लगभग 4 घण्टे तक डट रहे, तब थानाधिकारी सवाईसिंह ने आरोपियों की गिरफ्तारी कर पूछताछ करने का आश्वासन दिया, जिस पर परिजनों में सहमति बनी। 17 दिन से सर्व समाज धरने पर : विकास प्रजापत की मौत को 2 माह से अधिक का समय गुजर गया है, लेकिन पुलिस आरोपियों से ना कुछ उगलवा पाई है और ना ही मामले का खुलासा कर पाई है। परिजनों ने बाकायदा पुलिस प्रशासन को 18 सवालों की सूची सोंप रखी है, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने अभी तक किसी सवाल पर परिजनों को संतुष्ट नहीं किया है। परिजन अब आरोपियों की गिरफ्तारी व मामले की सीबीआई जांच की मांग के साथ धरने पर बच्चों व महिलाओं के साथ सर्दी में ठिठुरने को मजबूर हैं।

**पुलिस को पॉलीग्राफ टेस्ट से उम्मीद, परिजन अब भी सीबीआई जांच पर अड़े :** पुलिस ने अब सभी 7 आरोपियों का पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। डीवाईएसपी गौतम कुमार ने बताया कि प्रक्रिया 7 जनवरी तक चलेगी। इसके बाद लगभग 1 सप्ताह में पॉलीग्राफ टेस्ट रिपोंट प्राप्त हो जाएगी। उम्मीद है 'दूध का दूध-पानी का पानी' होगा। डीवाएसपी ने कहा है कि मृतक के परिजन पुलिस पर भरोसा रखें, न्याय होगा।

## पत्रकार संगठन पीड़ित दम्पति से मिला

**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। एनएच 52 स्थित टाटियावास टोल टैक्स पर पत्रकार दम्पति के साथ टोलकर्मियों की ओर से धारदार हथियार से अंगुली काटना, मारपीट और छेड़छाड़ के मामले को लेकर पुलिस की ओर से मात्र एक ही कैमरे के फुटेज जुटाए गए हैं, जिससे पुलिस की भूमिका भी संदेह के दायरे में आ गई है।

एसीपी चौमूं राजेन्द्र सिंह निवार्ण ने पत्रकारों को फुटेज दिखाए, जिस पर पत्रकारों ने एतराज जताया और कहा कि क्या टोल पर एक ही कैमरा लगा हुआ था। टोल पर हर लाइन को कवर करने के लिए कम से कम तीन-चार अलग-अलग एंगल से कैमरे लगे होते हैं। शुक्रवार को पीड़ित पत्रकार कन्हैयालाल कुमावत व उनकी पत्नी कांता कुमावत से मिलने पत्रकार अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित दाधीच, राष्ट्रीय महासचिव शिव शंकर, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पूजा शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष पवन शर्मा, प्रदेश महासचिव कमल अग्रवाल, प्रदेश कोषाध्यक्ष रेखा गौड़, प्रदेश संगठन मंत्री दिनेश सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष गोविन्द गोपाल सिंह व दीपेन्द्र सिंह नरुका एवं कार्यकारिणी सदस्य घनश्याम मिश्रा व कपूरचन्द बैरवा आदि पदाधिकारी पहुंचे। उन्होंने पीड़ित दम्पति से बातचीत और मामले की सारी जानकारी जुटाई।

इसके बाद पत्रकारों का शिष्टमंडल चौमूं थाने पर पहुंचा लेकिन यहां पर न तो थानाधिकारी विक्रांत शर्मा मिले न ही मामले का अनुसंधान कर रहे एएसआई मोहन लाल मिले। बाद में शिष्टमंडल एसीपी चौमूं से मिला। प्रेस क्लब के महामंत्री बी.एल भंडारी, निखिल तिवारी, भंवरलाल सैनी, दीपक सैनी, एहसान पठान, रामावतार शर्मा, नवीन शर्मा, सीताराम कुमावत, अजय पारीक, शंकर जांगिड़, दिनेश कुमावत, राम गोपाल कुमावत, मदन लाल सैनी, इकराम कुरैशी, कैलाश तिवारी आदि लोग पत्रकार साथियों ने भी एसीपी से पीड़ित दत्पति को न्याय दिलवाने की गुहार लगाई।

### बुजुर्ग ने फांसी लगा आत्महत्या की

**टोंक,** (निसं)। सदर थाना क्षेत्र में गुरुवार को बुजुर्ग व्यक्ति ने अपने घर पर पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार सदर थाना क्षेत्र के ग्राम बम्मोर निवासी जगदीश पुत्र कजोड जांगिड़ ने शुक्रवार तडके अपने ही घर में पंखे पर फांसी के फंदे पर लटकर आत्महत्या कर ली। जब सुबह परिजन उठे तो जगदीश जांगिड़ अपने ही घर पर फंदे से झूलता मिला। जिस पर परिजनों की सूचना पर सदर थानाधिकारी घनश्याम मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे और शव को सआदत अस्पताल पहुंचाया।

### राताावत ब्लॉक अध्यक्ष बने

**पावटा।** कांग्रेस ने ढाई साल से खाली चल रहे संगठन के पदों पर अब नियुक्तियां शुरू कर दी हैं। कांग्रेस ने ब्लॉक अध्यक्षों के पदों पर नियुक्तियां करते हुए इसमें सभी खेमों को साधने का प्रयास किया गया है। पावटा ब्लॉक से महादेव यादव व विराटनगर से महेंद्र रातावत को ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है।

# वाइस चेयरमैन व पार्षदों का तीसरे दिन भी धरना जारी रहा

■ 'सुनवाई नहीं होने पर की जायेगी तालाबंदी'

**पावटा,** (निसं)। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका में पिछले तीन दिनों से कडकडाती ठंड में वाइस चेयरमैन व पार्षद अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं।

अनिश्चितकालीन धरने के तीसरे दिन भी उच्च अधिकारियों व प्रशासन ने इनकी सुध नहीं ली। नगरपालिका में विकास कार्य न होने, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंचने व फर्जी एनओसी मामले में दोषियों के खिलाफ कार्यवाही, ऑफ लाइन टेंडरों को निरस्त करने व पार्षदों के बनाये गए बोर्डो सहित अन्य कार्यो में घोटालो की जांच एवं कर्मचारियों की चल रही मनमर्जी के खिलाफ कार्यवाही की मांग व आरोप लगाते हुए वाइस चेयरमैन और पार्षद शुक्रवार को तीसरे दिन भी धरने पर बैठे रहे। पार्षदों का आरोप है कि लोगों की बातें हमें सुननी पडती है। जब तक उनकी मांगों का समाधान नहीं होगा, तब तक उनका धरना अनिश्चितकालीन होगा। इस



पावटा प्रागपुरा नगरपालिका में तीन दिनों से कडकडाती ठंड में वाइस चेयरमैन व पार्षद धरने पर बैठे हैं।

दौरान धरने पर मौजूद नागरिकों ने बताया कि वाइस चेयरमैन व पार्षदों की मांगे जायज है। इसलिए इनकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। वार्ड पार्षद संजय सैन, एडवोकेट लोकेश शर्मा, सांवरमल बंसल, मिंटू शर्मा, मनीष निमोरिया सहित पार्षदों ने कहा कि ये काफी दु:खद बात हैं कि अब तक उच्च अधिकारियों व प्रशासन की नींद नही खुली हैं। कडाके की ठंड में अपनी मांगों को लेकर पिछले तीन दिनों से धरने पर बैठे हैं, पर सरकार का रवैया उदासीन रहा है। सरकार को चाहिए कि जल्द से जल्द जायज मांगों को पूरा करें, ताकि वो अपने धरने को समाप्त कर सकें। यदि कोई भी कार्यवाही या सुनवाई नहीं होती है तो वाइस चेयरमेन व पार्षदों द्वारा पालिका की तालाबंदी की जायेगी। इस मौके पर वाईस चेयरमैन अशोक कुमार सैनी नरपत सिंह शेखावत, श्याम सिंह शेखावत, महेंद्र कुमार वर्मा, मिंटू शर्मा, संजय सैन, मनीष सैनी, सोयचंद सैनी ,साहिल खान, सुनीता जाजोरिया, राकेश मीणा, सांवरमल बंसल, लोकेश शर्मा, महिपाल सिंह ,नवरत्न सोनी, कैलाश गोठवाल, महेंद्र रेगर, गिरधारी लाल शर्मा, मनीष निमोरिया, संदीप मीणा, रामजीलाल सैनी, मुकेश सोलंकी, विक्की सोनी, सोनू शर्मा, विकास शर्मा, जगदीश ओला सहित अन्य पार्षद व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### भण्डारा व धमाल कार्यक्रम हुआ



**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पूरणनगर में शुक्रवार को अर्जुनराम महाराज के विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इस मौके पर धमाल कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ। जिसमें शिम्भु म्हासी, मुकेश म्हासी आदि लोक गायक कलाकारों ने एक से बढकर एक प्रस्तुती दी। इस अवसर पर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को धर्म के मार्ग पर चलना चाहिये। क्योंकि धर्म ही समाज को सच्चाई के मार्ग पर चलना सिखाता है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद व धार्मिक आयोजनों में भी भाग लेना चाहिये। इस मौके पर ग्रामीणों ने मुख्य अतिथि कसाना का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान इन्द्राज म्हासी, महेश फामड़ा, हजारी मुकदम, रोशन मास्टर, रामपाल, मक्खन, रोशन मास्टर, छाजुराम, रामौतार होलदार, उमराव मास्टर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### 177 छात्र-छात्राओं को जर्सियां दी

**लालसोट,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र की राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पक्का धोरा में भामाशाह द्वारा कड़ाके की ठंड में दिए गए ऊनी वस्त्रों को पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे पर रौनक नजर आई। स्थानीय भामाशाह मंगल चंद, मनोज , मनीष , अजय, सारांश, नीलम जैन आदि भामाशाह द्वारा विद्यालय में नामांकित 177 छात्र-छात्राओं को जर्सी वितरित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विनोद कुमार नौनिहाल, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भगवान सहाय शर्मा, प्रधानाचार्य मंडावरी रामप्रसाद मीणा उपप्रधानाचार्य खानपुर, राधेश्याम गुप्ता टोडाढेकला, राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के उपशाखा अध्यक्ष सुनील गुप्ता, महिला मंत्री प्रियंका त्रिवेदी ,गोविंद शर्मा, परीक्षित शर्मा ,नाथू लाल मीणा , बद राम मीणा, मुकेश पुरोहित, गोपाल शर्मा हरकेश मीणा ,अविनाश शर्मा, नेहा जांगिड की उपस्थिति में जर्सी वितरण की गई। विनोद कुमार नौनिहाल ने भामाशाह परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया व नीलम जैन व विद्यालय परिवार के कार्य एवं अध्यापन की सराहना की।

### 50 गांवों के जनप्रतिनिधियों की कार्यशाला

**मालपुरा,** (निसं)। महेश सेवा सदन मालपुरा में शुक्रवार को सिकोईडिकोन संस्था के बैनर तले सरकारी योजनाओं की जनजाग्रति को लेकर 50 गांवों के जनप्रतिनिधियों की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। खण्ड मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव चौधरी ने स्वास्थ्य बीमा योजना सहित चिकित्सा विभाग से जुड़ी दो दर्जन से अधिक योजनाओं की जानकारी दी। समाज कल्याण विभाग के भरत सिंह गुर्जर ने पालनहार, छात्रवृति, डॉ. नासीर, पीएचईडी जेईएन ज्योति, सहित अन्य विभागों के विभागाधिकारियों ने सरकारी योजनाओं की जानकारी दे समन्वय स्थापित किया।

### शहरों के संग अभियान की रिपोर्ट जांची

**मालपुरा,** (निसं)। राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे प्रशासन शहरों के संग अभियान के अन्तर्गत अभियान की समीक्षा को लेकर शुक्रवार को मालपुरा पहुंचे क्षेत्रिय स्थानीय निकाय विभाग अजमेर पर्यवेक्षक कृष्ण अवतार त्रिवेदी ने अभियान की अब तक की प्रगति रिपोर्ट जांची। नगरपालिका कार्यवाहक अधिशाषी अधिकारी देशराज मीणा,वरिष्ठ लिपिक निहाल चन्द जैन,संविदाकर्मी श्याम गुर्जर ने अभियान की प्रगति से अवगत करवाते हुए बताया कि पालिका की ओर से अभियान के तहत स्टेट ग्रान्ट,निकाय योजना,कृषि भूमि,69 ए सहित अन्य योजनाओं में पालिका द्वारा 3 हजार पट्टे जारी करने का लक्ष्य रखा गया जिसमे से अब तक 1742 पट्टों का वितरण किया जा चुका है। तो तकरीबन 1 हजार पत्रावलियों पर दस्तावेजों की पूर्ति की जा रही है।

### गणतंत्र दिवस तैयारी बैठक



**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। उपखंड कार्यालय में शुक्रवार को आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक मनाए जाने को लेकर एसडीएम दिलीप सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य समारोह स्थल राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सफाई, सजावट ,रंगोली, बैठक व्यवस्था आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। राठौड़ के अनुसार विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए समिति का गठन किया जाकर संबंधित प्रभारी अधिकारियों को समय पर कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देश प्रदान किए गए साथ ही समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को दायित्व प्रदान कर अपने अपने दायित्वों के निर्वहन हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में तहसीलदार श्रीमाधोपुर लोकेंद्र मीणा ,नायब तहसीलदार अजीतगढ़ लाल सिंह राठौड़, विकास अधिकारी पंचायत समिति श्रीमाधोपुर मुकेश यादव ,थानाधिकारी प्रकाश सिंह ,राजकीय एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों के संस्था प्रधान सहित समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी गण उपस्थित रहे ।

### विप्र शंखनाद में एकजुट होने का आह्वान

**पावटा,** (निसं)। राजनीति में विप्र समाज का नाम लेकर कई मंत्री बन गए, सांसद बन गए, नेताओं से अब हमें कोई उम्मीद नहीं। किसी ने समाज के लिए कुछ नहीं किया, अब ब्राह्मणों को ही एक मंच पर आना होगा। अगर ब्राह्मण एकजुट हो जाएं तो हर दल उनका सम्मान करेगा। ब्राह्मणों की महत्ता को समझेगा। ये विचार शुक्रवार को तहसील ब्राह्मण महासभा पावटा अध्यक्ष राजेश शर्मा ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि ब्राह्मणों को समाज की सेवा के लिए आगे आना चाहिए। 8 जनवरी को आदर्श विद्या मंदिर पावटा परिसर में आयोजित विप्र शंखनाद में समाज की एकजुटता का आव्हान किया। ब्राह्मण समाज नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने कहा लंबे समय के बाद ब्राह्मण समाज के बुद्धिजीवी लोगों द्वारा समाज के उत्थान को लेकर बहुत सुंदर पहल की जा रही है। नगर महामंत्री चंद्र प्रकाश गौड, दीपक पटेल ने कहा कि ब्राह्मणों ने सदैव धर्म व राष्ट्र की रक्षा के लिए त्याग और तपस्या की है। इस त्याग की वजह से ही हर युग में ब्राह्मण पूज्यनीय रहा है। वर्तमान में ब्राह्मण समाज को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी मानसिकता के तहत ब्राह्मणों का उत्पीड़न और शोषण हो रहा है।

### निशुल्क प्रशिक्षण कोर्स शुरू

**खैरथल,** (निसं)।कस्बे मे दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत एजुकेयर लिमिटेड संस्था द्वारा 3 माह के निशुल्क प्रशिक्षण कोर्स का शुभारंभ किया गया। कस्बे के मुरली कॉलोनी में संस्थापित प्रशिक्षण कोर्स केंद्र का उद्घाटन नगरपालिका के ईओ पवन शर्मा ने करते हुए बच्चों को निशुल्क प्रशिक्षण कोर्स के बारे में तथा उसके लाभ के बारे में जानकारियां द। कार्यक्रम में डीपीओ राजेंद्र कुमार गुप्ता , सी..चौकम शर्मा, सेंटर हेड अनूप चौधरी, दिनेश चौधरी, बबलू सैनी सोनिया कोर, बस्तीराम यादव धर्मवीर यादव ,आदि उपस्थित रहे।

### ठंड ने लोगों की दिनचर्या बदली

**सांभरझील,** (निसं)। विगत कुछ दिनों से सर्दी के तेवर तेज होने से अब लोगों की दिनचर्या में भी काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। लवणीय झील के किनारे पर बसा सांभर शहर में भी तापमान में काफी गिरावट आई है। हार्ड कॉपती ठंड की वजह से सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्गों को झेलनी पड़ रही है, वही छोटे बच्चों में भी सर्दी जुखाम व वायरल से बचाव के लिए इंतजाम करना पड रहा है। ठंड का प्रकोप इस कदर बढ़ गया है कि सुबह देर तक मार्केट कम ही खुलते हैं तो शाम को बाजारों में जल्दी सन्नाटा छा जाता है।



सर्जरी सफल नहीं होने की स्थिति में डॉक्टर बहुत तनाव और हताशा से गुजरते है और अगर मैं एक मैच नहीं जीतती तो आपको समझना चाहिये कि इसे पचाना कितना मुश्किल होता है। हमारे काम में बहुत संघर्ष होता है। - एम सी मैरीकोम

**विश्व चैम्पियनशिप मुक्केबाज, किसी भी पेशे में सफल होने के लिये मानसिक रूप से मजबूत होने की जरूरत बताते हुए।**




**आज का खिलाड़ी**



## एम प्रनेश



**एम प्रनेश** फिडे सर्किट का पहला टूर्नामेंट रिल्टन कप खिताब जीतकर भारत के 79वें ग्रैंडमास्टर बन गए। सोलह वर्ष के प्रनेश ने 2500 रेटिंग का आंकड़ा पार करके ग्रैंडमास्टर बनने के तीनों नॉर्म पूरे कर लिये। ग्रैंडमास्टर बनने के लिये खिलाड़ी को तीन जीएम नॉर्म हासिल करने होते हैं और 2500 ईएलओ अंक का आंकड़ा भी पार करना होता है। प्रनेश ने यहां आठ गेम जीते और इंटरनेशनल मास्टर कान कुकुसारी ( स्वीडन) और ग्रैंडमास्टर निकिता मेशकोव्स ( लाटविया) से आगे रहे। इस टूर्नामेंट में 29 राष्ट्रीय महासंघों के 136 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

# भारत-श्रीलंका में निर्णायक मुकाबला आज

राजकोट, 6 जनवरी। श्रीलंका को शनिवार को निर्णायक तीसरे टी20 मैच में हराने के लिये भारतीय तेज गेंदबाजों और शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को पिछले मैच की हार से उबरकर बेहतर प्रदर्शन करना होगा। पहले मैच में आखिरी गेंद पर जीत दर्ज करने के बाद भारतीय टीम दूसरे मैच में 16 रन से हार गई। युवा तेज गेंदबाजों का खराब प्रदर्शन हार का प्रमुख कारण रहा लेकिन उमरान मलिक और शिवम मावी को बखूबी पता है कि उन्हें इससे काफी कुछ सीखने को मिला है।

उनकी खराब लाइन और लैंग्थ का श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने बखूबी फायदा उठाया। चोटों से उबरकर टीम में लौटे बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अपने दो ओवरों में पांच नोबॉल डाली। वह पहले ओवर में लगातार तीन बार क्रीज से बाहर रहे और टी20 में नोबॉल की हैट्रिक लगाने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने। पहले मैच में शानदार पदार्पण करने वाले मावी और अर्शदीप दोनों ने काफी नोबॉल फेंकी। ऐसे में कप्तान हार्दिक पंड्या को स्पिनरों पर निर्भर रहना पड़ा। वैसे महज एक मैच में खराब प्रदर्शन की गाज युवाओं पर नहीं गिरेगी क्योंकि उन्हें अनुभव की जरूरत है।

मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा ,'' युवा खिलाड़ियों के कैरियर में इस तरह के मैच आयेंगे और हमें उनके साथ संयम बरतना होगा। लेकिन हमें समझना होगा कि ऐसा प्रदर्शन नहीं होना चाहिये।'' उन्होंने कहा ,''वे सीख रहे हैं। यह कठिन है।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सीखना आसान नहीं होता। हमें संयम से काम लेना होगा।''

बल्लेबाजी में शीर्ष क्रम एक बार फिर अच्छी शुरूआत देने में नाकाम रहा। शुभमन गिल लगातार दूसरी बार असफल रहे और अब राहुल त्रिपाठी की तरह ही वह कोई मौका बर्बाद नहीं करना चाहेंगे। त्रिपाठी भी अपने पहले मैच में नहीं चल सके। आधी टीम 60 रन के भीतर पवेलियन लौट चुकी थी जिसके बाद अक्षर पटेल और सूर्यकुमार यादव ने उम्दा बल्लेबाजी की। अक्षर के रूप में भारत को रविंद्र जडेजा जैसा उपयोगी हरफनमौला मिल गया है। अपने कोर खिलाड़ियों को टीम और मौके देगी क्योंकि अब उसे विराट कोहली और रोहित शर्मा के दौर से इस प्रारूप में आगे निकलना है।

निर्णायक मैच में टीम में किसी बदलाव की संभावना कम है। कोच द्रविड़ कह ही चुके हैं कि बहुत ज्यादा बदलाव उन्हें पसंद नहीं है। एशिया कप चैम्पियन श्रीलंका ने शानदार वापसी करके भारत के लिये खतरे की घंटी बजा दी है। उसे हालांकि मध्यक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। राजकोट की पिच सपाट है और बल्लेबाजों की मददगार रहने की उम्मीद है। टॉस की भूमिका भी अहम होगी और दोनों कप्तान पहले गेंदबाजी करना पसंद करेंगे।

# विश्व कप -2023 में विराट बनेंगे अन्य खिलाड़ियों के मार्ग प्रदर्शक : श्रीकांत

**एक खिलाड़ी के रूप में 1983 विश्व कप जीतना और फिर 2011 विश्व कप में एक टीम के चयनकर्ताओं का अध्यक्ष बनना एक ऐसी कहानी है जिसे मैं अपने पोते-पोतियों को बता सकता हूं, यह बेहतरीन अहसास था। 2011 विश्वकप में गौतम गंभीर ने शानदार बल्लेबाजी करने के साथ अन्य बल्लेबाजों को भी प्रोत्साहित किया। मुझे उन पर गर्व है। मैं भविष्यवाणी कर रहा हूं कि विराट कोहली हमें 2023 विश्व कप में वही वीरता दिखाएंगे।**



कोलकाता, 6 जनवरी। 1983 विश्वकप विजेता भारतीय टीम के सदस्य कृष्णमाचारी श्रीकांत का मानना है कि अगले साल होने वाले विश्वकप में विराट कोहली की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी। एक बेहतरीन बल्लेबाज के साथ साथ कोहली अन्य खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने में मदद करेंगे।

स्टार स्पोर्ट्स के शो 'क्रिकेट का महाकुंभ' पर बोलते हुए श्रीकांत ने कहा एक खिलाड़ी के रूप में 1983 विश्व कप जीतना और फिर 2011 विश्व कप में एक टीम के चयनकर्ताओं का अध्यक्ष बनना एक ऐसी कहानी है जिसे मैं अपने पोते-पोतियों को बता सकता हूं, यह बेहतरीन अहसास था। 2011 विश्वकप में गौतम गंभीर ने शानदार बल्लेबाजी करने के साथ अन्य बल्लेबाजों को भी प्रोत्साहित किया। मुझे उन पर गर्व है। मैं भविष्यवाणी कर रहा हूं कि विराट कोहली हमें 2023 विश्व कप में वही वीरता दिखाएंगे।

उन्होने कहा खिलाड़ियों को अपना खेल खेलने की आजादी दी जानी चाहिये। ईशान किशन को ही देख लीजिए, वह किस तरह गेंद को हिट करते हैं। उन्होंने हाल ही में दोहरा शतक भी जड़ा है। बस इन खिलाड़ियों को वहां जाने और अपना खेल खेलने के लिए कहें, उन्हें प्रतिबंधित न करें। इशान किशन की तरह, आपको दो या तीन और खिलाड़ियों की जरूरत है जो खुद को भिव्यक्त करने से डरते नहीं हैं।

टीम में खिलाड़ियों का संयोजन के बारे में श्रीकांत ने कहा जिस तरह गौतम गंभीर ने अतीत में एंकर की प्रमुख भूमिका निभाई है, उसी तरह इस बार विराट कोहली उस भूमिका को निभाएंगे। वह ईशान किशन जैसे खिलाड़ियों की मदद करेंगे, जैसे उन्होंने किशन के दोहरा शतक लगाने पर शतक बनाया था। यह सब स्वतंत्रता के बारे में है, अपने खिलाड़ियों को स्वतंत्रता देना, आप जो चाहते हैं वह करें, अपना खेल खेलें भले ही आप आउट हो जाएं, यही दृष्टिकोण टीम का होना चाहिए।

विश्वकप के लिये भारतीय एकादश के बारे में अपनी राय व्यक्त करते हुये उन्होने कहा दो खिलाड़ी मेरी सूची में नहीं होंगे, शुभमन गिल और शार्दुल ग्रकुर। अगर आप मेरे मीडियम पेसर चाहते हैं तो वे बुमराह, उमरान मलिक, अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज होंगे। चार मध्यम तेज गेंदबाज पर्याप्त हैं। मैं चयनकर्ताओं के अध्यक्ष के रूप में बोल रहा हूं न कि एक प्रशंसक के रूप में।

उन्होने कहा हमारे पास इस समय टीम में ऐसा खिलाड़ी है, ऋषभ पंत, उनसे निरंतरता की उम्मीद न करें। मुझे निरंतरता नहीं चाहिए। मैं मैच जीतना चाहता हूं, और अगर ये लोग अकेले दम पर ऐसा कर सकते हैं तो बहुत अच्छा। ऋषभ पंत ऐसा कर सकते हैं। श्रीकांत ने कहा कि टीम इंडिया के लिए बल्लेबाज ऑलराउंडरों की कमी है। उस समय हमारे पास युवराज सिंह थे जो एक बल्लेबाजी ऑलराउंडर थे, सहवाग एक और बल्लेबाजी ऑलराउंडर थे। सचिन तेंदुलकर भी तीन से चार ओवर फेंकते थे। हम बस उन्हें तीन से चार ओवर फेंकने की जरूरत है, 10 ओवर नहीं। इसलिए अगर हमें ऐसा गेंदबाज मिलता है तो यह टीम इंडिया के लिए अच्छा होगा। उन्होने कहा कि दीपक हुड्डा को अपना खेल दिखाने का मौका मिलना चाहिए, आईपीएल में उनका प्रदर्शन देखना चाहिए।

# युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर धैर्य बनाये रखने की जरूरत : द्रविड़

**युवा खिलाड़ियों को मौका और समर्थन की जरूरत है। निश्चित रूप से वे सुधार कर रहे हैं। हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं और हम तकनीकी रूप से उनका समर्थन करने में उनकी मदद करने की कोशिश कर रहे हैं।**

पुणे, 6 जनवरी। श्रीलंका के खिलाफ पुर्ण में खेले गये दूसरे टी20 मैच में युवा खिलाडियों के प्रदर्शन और मिली हार से विचलित नहीं होने की सलाह देते हुये भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने शुक्रवार को कहा कि टीम में भविष्य के सितारे अपने पांव जमा रहे हैं,ऐसे में युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन को लेकर संयम बरतने की जरूरत है।

श्रीलंका के खिलाफ दूसरा टी20 मैच भारत 16 रन से हार गया था। कप्तान दासुन शनाका को आलराउंड प्रदर्शन के चलते प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था। श्रृंखला का निर्णायक मैच शनिवार को राजकोट में होना है। इस मैच में भारतीय गेंदबाजों ने वाइड



और नो बाल की झड़ी लगा दी जिसके चलते श्रीलंका छह विकेट पर 206 रन बनाने में सफल रहा। जवाब में भारत के चार विकेट 34 रन पर गंवा दिये थे हालांकि सूर्यकुमार यादव (36 गेंदों में 51) और अक्षर पटेल (31 गेंदों में 65) ने भारत को मैच में वापस लाने में सफलता हासिल की मगर अंततः हार का सामना करना पड़ा। अर्शदीप सिंह ने अपने पहले ओवर में लगातार तीन नो-बॉल फेंकी। उन्होंने डेथ-ओवर में दो और नो बाल फेंकी जिसका श्रीलंका के बल्लेबाजों ने जम कर फायदा उठाया। द्रविड़ ने कहा कोई भी खेल के किसी भी प्रारूप में वाइड और नो-बॉल नहीं डालना चाहता, लेकिन टी 20 में नो बाल का जोखिम खतरनाक रूप ले सकता है। मेरा मानना है कि नवोदित खिलाडियों के साथ धैय बनाये रखने की जरूरत है। वे सीख रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सीखना आसान नहीं है। आपको काम करते हुए सीखना होगा।

अमेरिका और वेस्ट इंडीज में 2024 टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए भारत ने मौजूदा टी20 श्रृंखला के पहले दो मैचों में तीन खिलाड़ियों को पदार्पण का मौका दिया है। उन्होने कहा अच्छी बात यह है कि इस साल 50 ओवर के विश्व कप और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप पर काफी ध्यान दिया जा रहा है। हमारे पास जो टी20 मैच हैं, उससे हमें काफी कुछ आजमाने का मौका मिलेगा। द्रविड़ ने कहा, युवा खिलाड़ियों को मौका और समर्थन की जरूरत है। निश्चित रूप से वे सुधार कर रहे हैं। हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं और हम तकनीकी रूप से उनका समर्थन करने में उनकी मदद करने की कोशिश कर रहे हैं।

## हॉकी विश्व कप के इतर भुवनेश्वर में होगी एमओसी की बैठक

नयी दिल्ली, 6 जनवरी। खेल मंत्रालय एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) पुरुष हॉकी विश्व कप के इतर 20 जनवरी को भुवनेश्वर में अपने मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की बैठक आयोजित करेगा। विश्व कप का आयोजन 13 से 29 जनवरी तक भुवनेश्वर और राउरकेला में होगा। एमओसी के सदस्य आमतौर पर टॉप्स एथलीटों के चयन के लिए अपनी मासिक बैठकों के लिए दिल्ली में मिलते हैं। यह पहली बार होगा जब वे किसी अन्य शहर में बैठक करेंगे। एमओसी के सदस्यों में पूर्व एथलीट अंजू बॉबी जॉर्ज, अंजलि भागवत, वीरेन रसकिन्हा, योगेश्वर दत्त, तृप्ति मुरगुंडे और मोनालिसा बरुआ शामिल हैं। सदस्यों के 19 जनवरी को वेल्स के खिलाफ भारत के अंतिम पूल मैच को देखने की भी उम्मीद है। अंजू बॉबी जॉर्ज ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) द्वारा जारी एक बयान में कहा, " यह पहली बार होगा जब एमओसी सदस्य के रूप में हम सभी खिलाड़ियों को मैदान पर खेलते देखेंगे। इससे हमें उनके प्रदर्शन को प्रत्यक्ष रूप से परखने और साथ ही उनकी यात्रा का हिस्सा बनने का मौका मिलेगा।''

## बोंजी नेजेंडशल्प को हराकर किया उलटफेर, पहली बार एटीपी टूर के फाइनल में

पुणे, 6 जनवरी। फ्रांस के बेंजामिन बोन्जी ने टाटा ओपन महाराष्ट्र के सेमीफाइनल में शुक्रवार को यहां दुनिया के 35 वें रैंकिंग के खिलाड़ी बोटिच वान डे जेंडशल्प को तीन सेट तक चले मुकाबले में हराकर बड़ा उलटफेर किया। वह इस जीत से पहली बार एटीपी विश्व टूर स्तर के टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे है। विश्व रैंकिंग में 60वें स्थान पर काबिज बोंजी ने दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को 7-6 6-7 6-1 से शिकस्त दी। उन्होंने इस जीत के साथ ही नीदरलैंड के दो खिलाड़ियों के बीच फाइनल मुकाबले की संभावना को समाप्त कर दिया। दिन के पहले सेमीफाइनल में नीदरलैंड के टालियोन ग्रीकस्पूर ने आठवीं वरीयता प्राप्त रूस के खिलाड़ी असलान करात्सेव को 7-6 6-1 से शिकस्त दी।

## जोकोविच एडीलेड इंटरनेशनल के सेमीफाइनल में, मुकाबला मेदवेदेव से

एडीलेड, 6 जनवरी। शीर्ष वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच ने डेनिस शापोवालोव को 6.3, 6.4 से हराकर एडीलेड इंटरनेशनल टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना रूस के दानिल मेदवेदेव से होगा। आस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारी के लिये अहम माने जा रहे इस टूर्नामेंट में मेदवेदेव ने रूस के ही कारेन खाचानोव को 6.3, 6.3 से हराया। जोकोविच कोरोना का टीका नहीं लगवाने के कारण पिछले साल आस्ट्रेलियाई ओपन नहीं खेल सके थे। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में अमेरिका के सेबेस्टियन कोरडा ने छठी वरीयता प्राप्त जानिक सिनेर को 7.5, 6.1 से मात दी। वहीं जापान के योशिहितो निशिओका ने आस्ट्रेलिया के एलेक्सेइ पोपिरिन को हराया। महिला वर्ग में क्वालीफायर लिंडा नोस्कोवा ने दो बार की आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन विक्टोरिया अजारेंका को मात दी। चेक गणराज्य की नोस्कोवा ने 6.4, 6.7, 7.6 से जीत दर्ज की। दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने मरकेटा वोंड्रूसोवा को 6.3, 7.5 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

# सरफराज की शतकीय पारी से पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ ड्रॉ कराया टेस्ट

कराची, 6 जनवरी। पूर्व कप्तान सरफराज अहमद ने टेस्ट क्रिकेट में वापसी को और शानदार बनाते हुए दूसरी पारी में शतक जड़ा जिससे पाकिस्तान शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी ओवरों में रोमांचक हुए दूसरे टेस्ट मैच को ड्रॉ कराने में सफल रहा। दो मैचों की इस श्रृंखला के दोनों मुकाबले ड्रॉ पर छूटे।

चार साल के बाद टीम में वापसी कर रहे सरफराज ने 118 रन की पारी खेली। उन्होंने इससे पहले तीन पारियों में अर्धशतक लगाया था। खराब रोशनी के कारण जब अंपायरों ने खेल को रोकने का फैसला किया तब पाकिस्तान को जीत के लिए 15 रन की जरूरत थी जबकि न्यूजीलैंड को एक विकेट की दरकार थी।

जीत के लिए 319 रन का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने नौ विकेट पर 304 रन बनाये। सरफराज ने चार घंटे और 48 मिनट की पारी के दौरान 176 गेंद का सामना किया और नौ चौके तथा एक छक्का जड़ा। उन्होंने सऊद शकील (32) के साथ छठे विकेट के लिए 123 रन की साझेदारी की मैच में पाकिस्तान की वापसी करायी। इससे पहले न्यूजीलैंड के स्पिनरों ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के आखिरी दिन शुक्रवार को पाकिस्तान के पांच विकेट 80 रन पर निकाल दिये थे। ऑफ स्पिनर माइकल ब्रेसवेल (75 रन पर चार विकेट) ने बाबर आजम और शान मसूद को छह गेंद के भीतर पवेलियन भेजा। इसके बाद ईश सोढ़ी ( 59 रन पर दो विकेट) ने इमामुल हक को बोल्ड किया।

ब्रेसवेल ने दिन के आखिरी सत्र में शकील को आउट कर सरफराज के साथ उनकी तीन घंटे से अधिक की साझेदारी तोड़ी। अगा सलमान ने इसके बाद 40 गेंद में 30 रन की पारी खेली लेकिन वह मैट हेनरी (69 रन पर एक विकेट) की गेंद पर बोल्ड हुए। हसन अली (पांच) को कप्तान टिम साउदी (43 रन पर दो विकेट) ने पगबाधा किया तो वहीं ब्रेसवेल ने सरफराज को आउट कर न्यूजीलैंड की जीत की उम्मीदें जगा दी। आखिरी विकेट के लिए नसीम शाह (नाबाद 15) और अबरार अहमद (नाबाद सात) ने 21 गेंद में 17 रन की अटूट साझेदार कर टीम को हार से बचाने में अहम भूमिका निभायी।

# विश्वकप में हिस्सा लेने ओडिशा पहुंची बेल्जियम की टीम

भुवनेश्वर, 6 जनवरी। गत विजेता बेल्जियम की टीम एफआईएच हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 में भाग लेने शुक्रवार को ओडिशा पहुंची जहां प्रशंसकों ने टीम का गर्मजोशी से इस्तकबाल किया। बेल्जियम को जर्मनी, जापान और कोरिया के साथ पूल बी में रखा गया है और वह 14 जनवरी को भुवनेश्वर में कोरिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

कप्तान फेलिक्स डेनेयर के नेतृत्व में रेड लायंस एफआईएच 2018 पुरुष हॉकी विश्व कप के अपने प्रदर्शन को दोहराने और ट्रॉफी को बरकरार रखने की कोशिश करेंगे और अगर बेल्जियम यह कारनामा करने में सफल रहती है तो हॉकी विश्व कप के लगातार दो संस्करण जीतने वाली चौथी टीम हो जायेगी। इससे पहले पाकिस्तान,जर्मनी और आस्ट्रेलिया लगातार दो बार विश्वकप ट्राफी उठाने का गौरव हासिल कर चुके हैं।

पाकिस्तान ने 1978 और 1982 में हाकी विश्वकप पर कब्जा जमाया था जबकि जर्मनी 2002 और 2006 में यह कारनामा करने वाला दूसरा देश बन गया था। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया ने 2010 और 2014 के विश्वकप का खिताबी मुकाबला जीता है। बेल्जियम के कप्तान ने यहां पहुंचने के बाद कहा हम विश्वकप ट्राफी पर कब्जा बरकरार रखने की नीयत से यहां आये हैं। इससे पहले हमने स्पेन में एक प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लिया था जहां हमने अपने सभी गेम जीते हैं। हमारे खिलाड़ी आत्मविश्वास से लबरेज हैं।

### बेल्जियम की सफलता की कुंजी साबित होंगे अनुभवी खिलाड़ी : हवेल

गत चैम्पियन बेल्जियम 13 जनवरी से शुरू हो रहे एफआईएच विश्व कप में अपने अनुभवी खिलाड़ियों के सहारे खिताब बरकरार रखने के इरादे से उतरेगा। मुख्य कोच माइकल वान डेन हूवेल ने कहा कि जॉन जॉन डोमैन जैसे 400 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके खिलाड़ियों की मौजूदगी से ओलंपिक चैम्पियन टीम को फायदा मिलेगा। हूवेल ने कहा, ये सभी अनुभवी खिलाड़ी हैं और अपना खेल बखूबी जानते हैं। डोमैन यहां पहले भी खिताब जीत चुके हैं। इस बार कठिन हालात में भी उनकी मौजूदगी से टीम को फायदा मिलेगा।

### राजस्थान-झारखंड मैच ड्रॉ

जयपुर, 6 जनवरी। राजस्थान और झारखंड के बीच यहां खेला जा रहा रणजी ट्रॉफी में ड्रॉ समाप्त हुआ। झारखंड ने खेल के अंतिम अपने कल के 6 विकेट पर 330 रन से खेलना शुरू किया और 9 विकेट 470 रन बना पारी घोषित कर खेल समाप्त होने तक राजस्थान ने 4 विकेट पर 19.4 रन बना लिये थे।

## थापा, हुसामुद्दीन ने जीता स्वर्ण पदक, सेना ने राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियमनिशिप का खिताब बरकरार रखा

हिसार, 6 जनवरी। अनुभवी शिवा थापा और मोहम्मद हुसामुद्दीन ने छठी एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शुक्रवार को जीत के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया जबकि सेना खेल संवर्धन बोर्ड ने 10 पदकों के साथ टीम के खिताब को अपने पास बरकरार रखा। रिकॉर्ड छह बार के एशियाई पदक विजेता असम के थापा को फाइनल में रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड के अंकित नरवाल कड़ी चुनौती नहीं पेश कर सके।

एसएससीबी के मुक्केबाज मोहम्मद हुसामुद्दीन को 57 किग्रा भार वर्ग फाइनल में 2016 विश्व युवा चैंपियन आरएसपीबी के सचिन के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। पिछले साल के फाइनल में हार का सामना करने के बाद दो बार के राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता ने इस बार 4-1 से जीत दर्ज की। एशियाई चैंपियनशिप (2022) के कांस्य पदक विजेता नरेंद्र (92 किग्रा से अधिक) को 2022 के राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता सागर के खिलाफ अपने फाइनल मुकाबले में वाकओवर मिला। सागर मामूली चोट के कारण मैच में भाग नहीं ले सके।

हुसामुद्दीन और नरेंद्र के साथ-साथ एसएससीबी के मुक्केबाजों ने टूर्नामेंट के अंतिम दिन बेहतरीन प्रदर्शन किया। टीम ने पुरुषों की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में कुल छह स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदकों के साथ अपने ताज का सफलतापूर्वक बचाव किया। विश्वामित्र चोंगथम (51 किग्रा), सचिन (54 किग्रा), आकाश (67 किग्रा) और सुमित (75 किग्रा) टीम के अन्य स्वर्ण पदक विजेता हैं। आरएसपीबी ( दो स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य) के साथ दूसरे जबकि पंजाब (एक स्वर्ण, दो रजत और छह कांस्य) के साथ तीसरे स्थान पर रहा। स्थानीय मुक्केबाज अभिमन्यु (80 किग्रा) और नवीन कुमार (92 किग्रा) ने अपने शानदार अभियान को कड़ी टक्कर वाली जीत के साथ खत्म किया। दोनों ने अपने-अपने भार वर्ग में स्वर्ण मिला।

# पीसीबी प्रमुख का आरोप बेबुनियाद, क्रिकेट कैलेंडर 22 दिसंबर को भेज दिया गया था : एसीसी

कुआलालंपुर, 6 जनवरी। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने अगले दो साल के क्रिकेट कैलेंडर को लेकर अपने अध्यक्ष जय शाह का बचाव करते हुए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन नजम सेठी के आरोपों को बेबुनियाद करार दिया।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव और एसीसी अध्यक्ष शाह ने गुरुवार को दो साल के कार्यक्रम कैलेंडर (एसीसी) को ट्विटर पर साझा किया था।

उन्होंने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए ट्वीट किया, " एसीसी की नयी संरचना और कैलेंडर 2023-24 को एकतरफा तरीके से जारी करने के लिए जय शाह को धन्यवाद ,विशेष रूप से एशिया कप 2023 से लिए जिसका पाकिस्तान मेजबान है। जब आप हर चीज का फैसला खुद ही कर रहे हैं, तो आप हमारे पीएसएल 2023 की संरचना और कैलेंडर भी जारी कर सकते है। इसके जवाब की प्रतीक्षा है।''

एसीसी ने शुक्रवार को जारी अपने बयान में कहा कि पीसीबी के साथ अन्य सदस्य देशों को 22 दिसंबर (2022) को ही कार्यक्रम के बारे में सूचित कर दिया गया था लेकिन उनकी (पीसीबी) तरफ से कोई जवाब नहीं आया। शाह द्वारा घोषित कार्यक्रम के मुताबिक एशिया कप को सितंबर 2023 में एकदिवसीय प्रारूप में खेला जाना है लेकिन इसमें मेजबान देश का जिक्र नहीं है।

बीसीसीआई सचिव के तौर पर शाह पहले (अक्टूबर 2022) ही कह चुके है कि भारत इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगा। एसीसी ने सेठी के आरोपों का जवाब देते हुए शुक्रवार को कहा, " यह हमारी जानकारी में आया है कि पीसीबी अध्यक्ष नजम सेठी ने एसीसी अध्यक्ष (शाह) द्वारा कैलेंडर को अंतिम रूप देने और उसकी घोषणा करने पर एकतरफा निर्णय लेने पर टिप्पणी की है।

## दक्षिण अफ्रीका का सूपड़ा साफ करने की ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदों पर बारिश ने पानी फेरा

सिडनी, 6 जनवरी। खराब मौसम के कारण दक्षिण अफ्रीका का सूपड़ा साफ करके विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में जगह पक्की करने की की आस्ट्रेलिया की उम्मीदों पर पानी फिरता दिख रहा है क्योंकि तीसरा टेस्ट ड्रॉ की ओर अग्रसर है। बारिश और खराब रोशनी के कारण पहले दो दिन मैच विलंब से शुरू हुआ और शुक्रवार को कोई खेल नहीं हो सका। आस्ट्रेलिया ने पहली पारी में चार विकेट पर 475 रन बना लिये हैं और उस्मान ख्वाजा 195 के स्कोर पर क्रीज पर हैं। अब आस्ट्रेलिया दुविधा में है कि उसे बाकी दो दिन में कितने रन बनाने होंगे और दक्षिण अफ्रीका को दूसरी बार आउट करने के लिये कितना समय लगेगा क्योंकि पिच स्पिनरों की मदद नहीं कर रही है। यहां शुक्रवार की सुबह से ही बारिश हो रही है जिससे मैदानकर्मियों को फील्ड तैयार करने का मौका ही नहीं मिला। पहले दो टेस्ट के साथ आस्ट्रेलिया श्रृंखला पहले ही जीत चुका है। तीसरा टेस्ट जीतने पर जून में इंग्लैंड में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में उसकी जगह पक्की हो जाती। ख्वाजा ने बृहस्पतिवार को लगातार तीसरा शतक जमाया और अपने कैरियर का सर्वोच्च स्कोर भी बना चुके हैं।इससे पहले उनका सर्वोच्च स्कोर 174 रन था जो उन्होंने 2015 में ब्रिसबेन में न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाया था।

# टाटा ओपन के आयोजकों को अगले पांच साल तक टूर्नामेंट जारी रखने का भरोसा

पुणे, 6 जनवरी। टाटा ओपन महाराष्ट्र के आयोजकों ने शुक्रवार को कहा कि वे दक्षिण एशिया के एकमात्र एटीपी 250 टूर्नामेंट को अगले पांच साल तक पुणे में आयोजित करने को लेकर आश्वस्त हैं। भारत का सबसे बडा टेनिस टूर्नामेंट महाराष्ट्र राज्य लॉन टेनिस संघ (एमएसएलटीए) द्वारा पुणे में पिछले पांच साल से राज्य सरकार की मदद से आयोजित हो रहा है। आयोजकों और महाराष्ट्र सरकार के बीच हुए प्रारंभिक पांच साल का मेजबानी अनुबंध इस साल समाप्त हो रहा है।

टूर्नामेंट के निदेशक और एमएसएलटीए के अध्यक्ष प्रशांत सुतार ने कहा, " महाराष्ट्र सरकार राज्य में इस तरह के बडे टूर्नामेंटों की मेजबानी करने के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि राज्य में इस तरह के आयोजनों की विरासत रही है। वे इसका पूरा समर्थन करते रहे हैं इसलिए हम इस टूर्नामेंट को अगले पांच साल तक जारी रखने के प्रबल दावेदार हैं।''

उन्होंने कहा, इस से जुडे संबंधित प्रमुखों के साथ हमारी आंतरिक चर्चा भी हुई और हम इस आयोजन को जारी रखने के लिए सब कुछ करेंगे। हम इस बारे में आईएमजी के साथ भी चर्चा करेंगे क्योंकि वे भी एक प्रमुख हितधारक हैं।'' सुतार ने कहा कि आयोजक भविष्य के सत्र के लिए नोवाक जोकोविच के कद के खिलाडियों को लाने का प्रयास कर रहे हैं।

# चेन्नई में पसीना बहायेगी भारत की अंडर-20 महिला टीम

नयी दिल्ली, 6 जनवरी। सैफ चैंपियनशिप और एफसी महिला एशियाई क्वालीफायर मैचों के लिये भारत की अंडर-20 महिला टीम नवनियुक्त मुख्य कोच मेमोल रॉकी की देखरेख में यहां आयोजित प्रशिक्षण शिविर में पसीना बहायेगी।

सैफ अंडर-20 चैंपियनशिप फरवरी और एफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप क्वालीफायर के मुकाबले मार्च में प्रस्तावित है जिसके लिये 35 खिलाड़ियों को चेन्नई में नौ जनवरी से होम गेम्स स्पोर्टस एरिना में शुरू हो रहे प्रशिक्षण शिविर में बुलाया गया है। मेमोल ने कहा प्रशिक्षण शिविर के दौरान हर पल अंडर-20 लड़कियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण होने वाला है। टीम के लिये चयनित सभी लड़कियां सीनियर टीम का हिस्सा बनने की कगार पर हैं। इनमें से कुछ सीनियर टीम के लिए खेल भी चुकी हैं। हम अपने अनुभव का उपयोग टीम को सैफ और एशियाई स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम बनाना चाहते हैं। हमें इन लड़कियों को प्रशिक्षित करने के लियेलगभग एक महीने का समय मिल रहा है, जो उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिये तैयार करने में मदद करेगा। सीनियर टीम की मुख्य कोच रहे चुकी भारत की पूर्व डिफेंडर ने कहा एक बार फिर से राष्ट्रीय टीमों में कोचिंग करना एक सुखद अनुभव है। दिल में भारत का होना हमेशा एक सम्मान की बात है। भारतीय अंडर-20 टीम के लिये आयोजित प्रशिक्षण शिविर में शामिल 35 सदस्यीय दल में गोलकीपर के तौर पर तन्वी विजय मवानी, मोनालिसा देवी, अंजलि, हेमप्रिया सेराम, मेलोडी चानू कीशम हैं जबकि डिफेंडर के तौर पर पूर्णिमा कुमारी, शिल्की देवी हेमम, अस्तम उरांव, भूमिका, काजल, वार्शिका, ग्लेडिस, शुभांगी सिंह, निकिता जूडे, सनमीजा चानू को शामिल किया गया है। इसके अलावा मिडफील्डर के रूप में मार्टिना थोकचोम, पूनम, किरण, बबीना देवी लिशम, नीतू लिंडा, काजोल डिसूजा, तानिया कांटी, मधुमती, शैलजा, शेलिया अपनी प्रतिभा को चमकायेंगी। फारवर्ड में सुधा अंकिता, डेजी क्रास्टो, सुनीता मुंडा, अमीषा बक्सा, सुमति कुमारी, लिंडा कॉम सर्टो, अनीता कुमारी, नेहा, रेजिया देवी लैशराम, सोनाली सोरेन शामिल है।

## राजस्थान यूनाइटेड ने पिछड़ने के बाद मोहम्मडन स्पोर्टिंग को बराबरी पर रोका

नयी दिल्ली, 6 जनवरी। जोसबा बेइतिया के मैच में आखिरी मिनटों में किये गये गोल के दम पर राजस्थान यूनाइटेड ने आई-लीग फुटबॉल मैच में शुक्रवार को यहां मोहम्मडन स्पोर्टिंग को 1-1 की बराबरी पर रोका। मोहम्मडन स्पोर्टिंग के कप्तान मार्कस जोसेफ ने 81वें मिनट में मैच का खाता खोला लेकिन टीम की यह बढ़त सिर्फ सात मिनट तक ही रह पायी।



*कहानी किंग कैसीमीर के अभिशाप की है। कैसीमीर चतुर्थ, एण्ड्रू यैग्यलोनियन पोलैंड के सबसे सफल शासकों में से एक था उसने 13 साल चले युद्ध में कैथलिक धार्मिक व्यवस्था, ट्यूटॉनिक के योद्धाओं को हराया था और पैलैण्ड के सबसे महत्वपूर्ण शहर, बाल्टिक सी के तट पर स्थित पॉमरेनिया को वापस ले लिया था। वर्ष 1492 में कैसीमीर की मृत्यु के बाद उसे वावेल कथीड्रल के होलीक्रॉस चैपल में दफनाया गया। सन् 1565 में उसकी पत्नी एलिज़ाबैथ को भी यहीं दफनाया गया। यह मकबरा गॉथिक आर्ट के बेहतरीन नमूनों में से एक है। पत्थर का ताबूत लाल मार्बल से बना है। इसके ऊपर लाइमस्टोन की कलात्मक मेहराबदार छतरी है, जिसे सहारा देने के लिए मार्बल के स्तंभ हैं। मकबरे के ऊपर कैसीमीर की लेटी हुई आदमकद मूर्ती है। वर्ष 1975 में कैसीमीर व उसकी पत्नी एलिज़ाबैथ की कब्र खोली गई। बारह वैज्ञानिकों की एक टीम कब्रों के अंदर गई। कब्रों के अंदर जाने का लक्ष्य था, उन्हें संरक्षित करना। वैज्ञानिकों को कब्र में लकड़ी के सड़े ताबूत तथा कैसीमीर व एलिज़ाबैथ के शव मिले। मकबरे की मरम्मत के बाद 18 सितम्बर 1973 को कैसीमीर व उसकी पत्नी के शव एक समारोह में पुनः कब्र में रख दिए गए। लेकिन इसके बाद शुरु हुआ एक अजीब सिलसिला। कब्र में घुसने वाले वैज्ञानिक एक के बाद एक रहस्यमय बीमारी से मरने लगे। सबसे पहला शिकार बना वावेल का एक आर्किटैक्ट, जिसे 1974 में लकवा मार गया और फिर वह मर गया। दस महीनों के अंदर सभी 12 विशेषज्ञ और वहां काम करने वाले 15 मजदूर भी मर गए। इस घटना की तुलना तूतनखामन के श्राप से की जाने लगी। उसकी कब्र में प्रवेश करने वाले कई लोग भी कुछ वर्षों के अंतर में मर गए थे। वैज्ञानिकों का मत था कि, ये सभी मौतें ''एस्पर्जिलस फ्लैवस'' नाम की एक फंगस की वजह से हुई हैं, जिनसे कई खतरनाक रसायन निकालते हैं। शवों या सड़ रही चीजों पर मिलने वाली यह फंगस मिस्र की कई अन्य प्राचीन ममीज़ पर भी मिली है। मिस्र के चिकित्सक डॉ. एज़ेद्दीन ताहा ने कहा कि, मरने वाले अधिकांश वर्कर्स में फंगस संक्रमण मिला। तथापि, कई शोधकर्ता फंगस के कारण मृत्यु होने को विवादास्पद मानते हैं क्योंकि, उन मरीजों का ना तो पर्याप्त रिकॉर्ड है और ना ही उनका शव परीक्षण हुआ था।*

# अपने मंत्रियों के विरोध के कारण मु.मंत्री गहलोत को पीछे हटना पड़ा

## और अंततः ए.सी.बी. के डी.जी. ने विवादित आदेश वापस लिया

- **उक्त आदेश में भ्रष्टाचार के आरोपियों की पहचान गुप्त रखने का निर्देश था और मुख्यमंत्री गहलोत ने भी इस आदेश का समर्थन किया था।**
- **पर विपक्ष के नेता ही नहीं, बल्कि सरकार के मंत्री भी खुलकर इस आदेश के विरोध में आ गए।**

जयपुर, 6 जनवरी (का.प्र.)। भ्रष्टाचारियों का चेहरा और नाम छिपाने वाले एंटी करप्शन ब्यूरो (ए.सी.बी.) के ऑर्डर को भारी विरोध के कारण दो दिन में ही वापस लेना पड़ा है। इस आदेश के बाद मुख्यमंत्री और मंत्रियों के बीच के मतभेद उभरकर सामने आ गए थे। पूर्व मंत्री तथा विधायक भरत सिंह ने तो मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कार्यवाहक डी.जी. हेमंत प्रियदर्शी को ए.सी.बी. से हटाने की मांग भी कर डाली थी।

इस आदेश का बचाव करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा था, कई मामले ऐसे होते हैं, जिसमें अफसर को झूठा फंसाया जाता है, उसे बदनामी का सामना नहीं करना पड़े, इसलिए ऐसा किया जा रहा है कि, जब तक यह साबित न हो जाए कि उसने भ्रष्टाचार किया है, उसकी पहचान गुप्त रखी जाए। यह सुप्रीम कोर्ट के तीन जजों का फैसला है। जबकि मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास, भंवर सिंह भाटी सहित कई कांग्रेस नेताओं ने ही इस आदेश का विरोध किया था। भाजपा ने भी स्पष्ट रूप से चेतावनी दे दी थी कि, यह आदेश वापस नहीं हुआ तो सदन में विरोध किया जाएगा और कार्यवाही नहीं चलने दी जाएगी।

सरकार के अंदर लगातार बढ़ते विरोधाभास के बीच शुक्रवार शाम को ए.सी.बी. के डी.जी. हेमंत प्रियदर्शी ने नया आदेश जारी करते हुए पुराना आदेश वापस ले लिया है। ज्ञातव्य है कि, हेमंत प्रियदर्शी ने 2 दिन पहले ट्रैप किए गए कथित भ्रष्ट अधिकारियों-कर्मचारियों के नाम-फोटो जारी नहीं करने के ऑर्डर जारी किए थे।

ए.सी.बी. डी.जी. ने शुक्रवार शाम को इस आदेश को वापस ले लिया, लेकिन इसके दो दिन पहले उन्होंने जो आदेश जारी किया था, उसमें सुप्रीम कोर्ट के फैसले को आधार बनाकर नाम और फोटो सार्वजनिक नहीं करने की बात कही गई थी, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने भ्रष्टाचारियों का नाम छिपाने का कभी कोई आदेश जारी किया ही नहीं था।

ए.सी.बी. के डी.जी. हेमंत प्रियदर्शी ने जिस आदेश का हवाला दिया था, उसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहीं नहीं कहा कि घूसखोर की पहचान छिपानी चाहिए।

ए.सी.बी. के आदेश के खिलाफ खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा था, मेरा यह मानना है कि एंटी करप्शन ब्यूरो का चार्ज लेते ही जो ऑर्डर निकाला, वह ऑर्डर रिजैक्ट होने वाला ही है। मैं उस ऑर्डर से सहमत नहीं हूँ। कोई भी कांग्रेस का विधायक, मंत्री इस तरह की कार्रवाई का समर्थन नहीं करेगा। खुद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत क्या इस तरीके के डी.जी. के ऑर्डर को मान सकते हैं? खाचरियावास ने कहा था, सरकार इस तरह के ऑर्डर के साथ नहीं है, यह बिल्कुल गलत है। हम कोई ऐसा काम नहीं करेंगे, जिससे हमारे पूरे किए हुए काम पर पानी फिर जाए, हमने कांग्रेस सरकार की नीयत आपको बता दी।

विवादित आदेश में साफ किया गया था कि जब तक आरोपी पर अपराध सिद्ध नहीं हो जाता, तब तक उसकी फोटो और नाम मीडिया में या किसी अन्य व्यक्ति को नहीं दिया जाएगा। साथ ही, जिस भी आरोपी को पकड़ा जाएगा, उसकी सुरक्षा और मानवाधिकार की जिम्मेदारी ट्रैप करने वाले अधिकारी की रहेगी।

## भारत जोड़ो यात्रा को वैस्टर्न.....

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नरेन्द्र शर्मा, नरेश शर्मा, अंबरीश भगोत्रा, सुभाष भगत, संतोष मन्हास, बद्रीनाथ शर्मा, वरुण भगोत्रा, अनुराधा शर्मा, विजय तरग्रोत्रा तथा चन्द्रप्रभा शर्मा (डी.ए.पी. की पूर्व महिला नेता)।

रमेश ने कहा कि दो और नेता भी पार्टी में फिर से शामिल होंगे। उन्होंने कहा, ''यह पहली खेप है। ........और लोग जल्दी ही (पार्टी में) शामिल होंगे।''

वेणुगोपाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के समान विचार वाले सभी ''राजनैतिक दलों'' के लोग यात्रा, जो कि ''देश का एक बड़ा आंदोलन बन चुकी है'', में शामिल हो रहे हैं।

ताराचन्द ने कहा कि कांग्रेस छोड़ना उनके राजनैतिक जीवन की सबसे बड़ी भूल थी। उन्होंने कहा कि वह जल्दबाजी में उठाया गया एक गलत कदम था। उन्होंने कहा, ''मित्रता और भावुकता मुझे बहा ले गई थीं।''

जहाँ तक पीरज़ादा का प्रश्न है, कांग्रेस को छोड़ देने के लिये उन्होंने जम्मू-कश्मीर की जनता एवं कांग्रेस से माफी माँगी।

ताराचन्द ने कहा, ''हमने अपना पूरा जीवन कांग्रेस में गुजारा था। लेकिन इसी बीच, एक ऐसी स्थिति पैदा हो गई, जब हमने भावनाओं में बहकर, जल्दबाजी में एक गलत कदम उठा लिया। वह एक गलत निर्णय था। इस पार्टी ने मुझ जैसे एक गरीब व्यक्ति को एक पहचान दी, ... मुझे विधायक बनाया। ...मेरा मानना है कि किसी की मित्रता के प्रभाव में आकर तथा भावनाओं में बहकर कांग्रेस छोड़ देना हमारे जीवन की सबसे बड़ी भूल थी।''

# भीषण सड़क हादसे में चार की मौत, 26 अन्य घायल

## जोधपुर मथानिया रोड पर बस और ट्रक में आमने-सामने हुई भिड़ंत, तीन की हालत नाजुक

- **मंडोर के ए.सी.पी. राजेन्द्र प्रसाद दिवाकर ने बताया कि, निजी बस जोधपुर से चाडी जा रही थी और ट्रक ओसियां से जोधपुर जा रहा था।**
- **बताया जा रहा है कि, ट्रक गलत दिशा से आ रहा था और 45 सीटर बस खचाखच भरी हुई थी।**

जोधपुर, 6 जनवरी (कासं)। जोधपुर के निकटवर्ती मथानिया बाइपास रोड पर ट्रक और बस के बीच आमने सामने की भीड़न्त होने से चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में 26-27 लोग घायल हुए हैं। जिनमें तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है।

सभी घायलों को मथानिया और जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल में भेजा गया है। मृतकों में दो लोगों की देर शाम तक पहचान हो पाई जबकि दो अन्य की पहचान नहीं हो पाई है। दुर्घटना की जानकारी पर जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता और पुलिस उपायुक्त पूर्व डा्. अमृता दुहन सहित कई आलाधिकारी मौके पर पहुंचे। इधर घायलों की कुशलक्षेम पूछने के लिए ओसियां विधायक दिव्या मदेरणा भी अस्पताल पहुँची।

एसीपी मंडोर राजेंद्र प्रसाद दिवाकर ने बताया कि, जोधपुर से चाडी की तरफ चलने वाली एक निजी बस और ट्रक में यह दुर्घटना हुई है। बस जोधपुर से होते हुए चाडी जा रही थी, वहीं ट्रक ओसियां से जोधपुर की तरफ जा रहा था। प्रथम दृष्टया गलत दिशा में जाने से दुर्घटना होना पता लग रहा है। मथानिया थानाधिकारी राजीव भादू ने बताया कि मृतकों में दो की पहचान कपूरिया निवासी नरपतसिंह एवं निंबों का तालाब निवासी भंवरलाल के रूप में हुई है।

एसीपी ने बताया कि सवारियों से भरी बस जोधपुर से चांडी जा रही थी। मथानिया के पास सामने से आ रहे ट्रक से भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। हाईवे पर लोगों ने गाडिय़ां रोकीं और लोगों को बाहर निकाला।जोधपुर हॉस्पिटल में घायलों के साथ आए लोगों ने बताया कि हादसा काफी दर्दनाक था। भिड़ंत के बाद बस में आग लग गई थी। मौके पर मौजूद लोगों ने आग पर काबू पाया और बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

# कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष की दो लिस्ट जारी, पर जोशी व धारीवाल एक भी ब्लॉक अध्यक्ष नहीं ढूंढ पाए

- **कांग्रेस ने शुक्रवार को जारी लिस्ट में 88 ब्लॉक अध्यक्षों के नाम घोषित किए।**
- **अभी भी ब्लॉक अध्यक्ष के 212 पद रिक्त पड़े हैं।**
- **सूत्रों के अनुसार ब्लॉक अध्यक्ष पद के लिए विधायकों की सिफारिश को तवज्जो दी गई है।**

जयपुर, 6 जनवरी (का.प्र.)। राजस्थान में कांग्रेस के नए प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा के आने के बाद संगठन में नियुक्तियों का दौर चल रहा है और कांग्रेस ने पिछले 3 दिन में दो सूचियां जारी कर 188 ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। पार्टी ने शुक्रवार को 88 ब्लॉक अध्यक्षों की एक और सूची जारी की, जबकि दो दिन पहले 100 ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की गई थी। दो दिन में 188 ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त हो चुके हैं। कांग्रेस में कुल 400 ब्लॉक हैं, अब भी 212 ब्लॉक बिना अध्यक्षों के हैं, जिन पर नियुक्तियां होना शेष है।

इन नियुक्तियों में विधायकों या हारे हुए नेताओं की राय को ही अहमियत दी गई है।

शुक्रवार को जिन ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति हुई है, उनमें प्रमुख रूप से अजमेर के सरवाड़ में श्यामलाल बैरवा, भिनाय में गिरधारीलाल गुर्जर, मसूदा में सलीम बाबू, अलवर के कठूमर में सिब्बो गुर्जर, खेड़ली में कैलाश चंद मीणा, बांसवाड़ा के कुशलगढ़ में रजनीकांत खाबिया, सज्जनगढ़ में भरत सिंह लबाना, बाड़मेर के चौहटन में त्रिलोक चौधरी, सेड़वा में दीन मोहम्मद, बालोतरा में छगन जोगसन, पचपदरा में विक्रम सिंह, भरतपुर में दयाचंद पचौरी, देवर में दीनदयाल जाटव, भीलवाड़ा के रायपुर में कुलदीप त्रिवेदी, बूंदी में प्रेम शंकर राठौड़, तालेड़ा में राम किरण मीणा, चूरू के सादुलपुर शहर सीताराम प्रजापत, सादुलपुर ग्रामीण में अशोक पूनिया, सरदारशहर सिटी से जितेंद्र राजवी, सदारशहर ग्रामीण से इशर राम डूडी, सुजानगढ़ शहर से प्रदीप कुमार तोदी, दौसा के बांदीकुई ए से रामेश्वर प्रसाद मीणा, बांदीकुई से खेमराज बैरवा, श्रीगंगानगर के मिर्जेवाला से लालचंद मेघवाल, सादुलशहर अनंतराम खड़गवाल जयपुर के आदर्श नगर से संजय काला, रामगंज से गुलाम मुस्तफा, बगरू से रामावतार शर्मा, जगतपुरा से कैलाश चंद मीणा, चाकसू से भरतलाल मीणा, माधोराजपुरा से पवन कुमार खरोल, दूदू से शिवजीराम खुरड़िया, फागी से किशन दत्त दाधीच, आंधी से श्रवण लाल गुर्जर, जमवारामगढ़ से रामधन बेनीवाल, नारहेड़ा से गोकुल आर्य, फुलेरा से पुष्पा मेघवाल, रेनवाल से श्रवण लाल डिडेल, मानसरोवर से रतनलाल सैनी, सांगानेर राजीव चौधरी, झोटवाड़ा शहर से हरेंद्र पाल सिंह जादौन, विद्याधर नगर से बद्री नारायण कुमावत, पावटा से महादेव यादव, विराट नगर से महेंद्र रतवाल और जोधपुर के बिलाड़ा से महेश मेघवाल शामिल है।

इन दो सूचियों में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समेत 30 मंत्रियों में से 25 सितंबर की घटना के दोषी माने जाने के बाद कारण बताओ नोटिस पाने वाले दोनों मंत्री शांति धारीवाल और महेश जोशी के विधानसभा क्षेत्रों में शुक्रवार को भी ब्लॉक अध्यक्ष नहीं घोषित किए गए हैं। झालावाड़, पाली और हनुमानगढ़ की किसी भी विधानसभा क्षेत्र का एक भी ब्लॉक अध्यक्ष अभी तक घोषित नहीं किया गया है।

वहीं मंत्री भजन लाल जाटव और राजेंद्र गुढ़ा के क्षेत्र में भी ब्लॉक अध्यक्ष घोषित नहीं हुए हैं।

मंत्री रमेश मीणा और मंत्री राजेंद्र यादव की विधानसभा में 1-1 ब्लॉक अध्यक्ष के नाम घोषित किए गए हैं। इसी तरह से गुजरात के प्रभारी रघु शर्मा की विधानसभा में एक ही ब्लॉक अध्यक्ष घोषित किया गया है। दिव्या मदेरणा की ओसियां विधानसभा में भी एक ही ब्लॉक अध्यक्ष घोषित हुआ है।

## इस साल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नैरो गेज पर इस तरह की ट्रेन्स चलाने की है। भारत में हिमालयी एवं अन्य ईको सैन्सिटिव क्षेत्रों में नैरो गेज पटरियां हैं। इन जगहों पर वर्तमान में डीज़ल इंजन से ट्रेनें चलायी जा रही हैं। इनमें दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे, नीलगिरी माउन्टेन रेलवे, काल्का शिमला रेलवे, मथारन हिल रेलवे, कांगड़ा वैली रेल, बिलिमोरा-वघाई रेल और मारवाड़-देवगढ़ मडरिया रेल शामिल है।

## 44 हाई कोर्ट...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कोर्ट की समय सीमा के तहत काम करने के सभी प्रयास कर रही है। भारत में जजों की नियुक्ति प्रक्रिया कई न्यायिक फैसले का विषय रही है तथा कई याचिकाओं जजों की नियुक्ति और तबादले के महत्वपूर्ण संवैधानिक सवाल उठाए गए है। सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की एक बैंच ने फैसला दिया था कि सी.जे. आई. का रुख सरकार के लिए बाध्यकारी नहीं है।

## क्या नेपाल आतंकवादियों...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लिए दी जा रही वित्तीय सहायता का मुकाबला करना और उस पर निगरानी रखना है।

एफ.ए.टी.एफ. के एशिया पैसिफिक क्षेत्र के अधिकारियों ने नेपाल का पहले ही दौरा कर लिया है। उनकी टीम के दौरे के बाद लोगों में इसे लेकर चिंता है कि यदि नेपाल को ग्रे लिस्ट में शामिल कर लिया जाता है तो हिमालय पर्वत श्रृंखला के इस देश में बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है। एफ.ए.टी.एफ. की टीम के दौरे का उद्देश्य यह देखना था कि क्या नेपाल उसके द्वारा तय किए गए मानदंडों का पालन कर रहा है? एफ.ए.टी.एफ. का एशिया पैसेफिक ग्रुप (ए.पी.जी.) यह देखेना कि नेपाल ने 16 दिसम्बर 2022 तक इस दिशा में क्या प्रगति की है।

नेपाल यदि एफ.ए.टी.एफ. की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता है तो उसे एफ.ए.टी.एफ. की काली सूची में डाल दिया जाएगा। ब्लैक लिस्ट अथवा ग्रे लिस्ट जैसे शब्द एफ.ए.टी.एफ. की शब्दावली में शामिल नहीं है, लेकिन इन शब्दों का प्रयोग प्रायः उन देशों के लिए किया जाता है जो संगठन की सूची में शामिल है।

एफ.ए.टी.एफ. की काली सूची में ऐसे हाई रिस्क देश शामिल हैं जिन पर कार्यवाही किया जाना जरूरी होती है। वर्तमान में इस सूची में उत्तर कोरिया, ईरान और म्यांमार शामिल हैं।

ग्रे लिस्ट उन देशों के लिए होती है जिन पर एफ.ए.टी.एफ. बारीकी से निगरानी रखता है। एफ.ए.टी.एफ. की नजर में ये वे देश हैं, जो इन्टरनैशनल मनी लॉन्ड्रिंग और टैरेरिस्ट फायनैंसिंग को रोकने में विफल रहे हैं और इस तरह से अपने खराब व्यवहार को लेकर ग्लोबल वॉचलिस्ट में शुमार हैं।

ये देश हैं फिलीपिंस, सीरिया, यमन, संयुक्त अरब अमीरात, उगांडा, मोरक्को, जमैका, कम्बोडिया, बुरकीना फासो, दक्षिण सूडान और टैक्स हैवन्स माने जाने वाले बारबडोस, कैमन आयलैण्ड्स और पनामा।

एफ.ए.टी.एफ. की ग्रे लिस्ट में शामिल कर लिए जाने के बाद इन देशों को एक कार्य योजना प्रस्तुत करनी होती है, जिसमें इस लिस्ट से बाहर निकलने की एक निश्चित समय सीमा बतायी जाती है।

द काठमांडू पोस्ट ने नेपाल राष्ट्र बैंक के एक सीनियर अधिकारी को उद्धृत करते हुए लिखा है कि ''यदि नेपाल को ग्रे लिस्ट में शामिल कर लिया गया तो खतरा बहुत बढ़ जाएगा। अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि ''ग्रे लिस्ट में शामिल किए जाने का खतरा वास्तविक है क्योंकि मनी लॉन्ड्रिंग और टैरर फण्डिंग के संदर्भ में विधान और कानूनों के प्रवर्तन, दोनों में हमारे यहां त्रुटियां हैं। नेपाल ने एफ.ए.टी.एफ. के एंटी मनी लॉन्ड्रिंग मानकों के अनुकूल रहने वाले ऐसे 15 कानून चिन्हित किए हैं जिनमें संशोधन की जरूरत है। देश में मनी लॉन्ड्रिंग और टैरर फायनैंसिंग संबंधित कानून बनाना और उन्हें क्रियान्वित करना अपने आप में एक चुनौती है। एशिया फैसेफिक ग्रुप की ओर से फरवरी माह में एक प्राथमिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी, उसके बाद ही नेपाल अपना रूख स्पष्ट करेगा।

## क्या मोदी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गुजरात पुलिस ने घेर लिया और कहा कि ऊपर से आदेश है कि उन्हें अपने घर से बाहर नहीं निकलने दिया जाए।

जसोदा बेन के भाई अशोक ने मीडिया को बुलाया जिसमें जशोदा बेन ने अपना दुख बयान किया कि किस तरह उन्हें अंतिम संस्कार में भाग लेने से रोका गया। एक लोकल टी.वी. चैनल ने घटना की खबर दी और हैरानी जताई कि प्रधानमंत्री का अपनी पत्नी के प्रति यह कैसा व्यवहार है। हालांकि घटना की सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी।

# पत्नी पर तेजाब फेंका

- **बताया जाता है कि, पीड़िता प्रियंका ने पति लखपत बागरिया के कहे अनुसार अपने पिता से हिस्सा नहीं मांगा था, इसलिए लखपत ने अपनी पत्नी पर तेजाब फेंक दिया।**
- **प्रियंका व उसके पिता ने लखपत बागरिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है।**

गंगापुर सिटी, 6 जनवरी (निस)। पत्नी ने पीहर पक्ष से जमीन में हिस्सा नहीं मांगा तो नाराज पति ने अपनी पत्नी पर तेजाब डाल दिया। तेजाब के हमले में पत्नी गम्भीर रूप से झुलस गई और उसे गंगापुर सिटी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल महिला और उसके पिता ने वजीरपुर पुलिस थाने में आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। वजीरपुर थाना क्षेत्र के सेवा गांव निवासी प्रियंका की शादी करौली जिले के सोप निवासी लखपत बागरिया के साथ हुई थी। दोनों पति-पत्नी पिछले 10 साल से गुजरात के सूरत में रह रहे थे। इसी दौरान प्रियंका के पिता ने गंगापुर सिटी के पास एक जमीन खरीदी थी। आरोपी लखपत बागरिया अपनी पत्नी प्रियंका से उसके पिता द्वारा खरीदी गई जमीन में हिस्सा मांगने का दबाव बना रहा था।

प्रियंका ने ऐसा नहीं किया तो नाराज लखपत बागरिया ने गुजरात के सूरत में ही अपनी पत्नी प्रियंका पर तेजाब डाल दिया। जिससे प्रियंका बुरी तरह झुलस गई। सूचना मिलने पर प्रियंका के पीहर पक्ष के लोग सूरत पहुंचे और प्रियंका को अपने साथ गंगापुर सिटी ले आए और घायल प्रियंका को गंगापुर सिटी के अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां प्रियंका का इलाज चल रहा है।

पीड़ित महिला के पिता सेवा गांव निवासी पप्पू बागरिया ने वजीरपुर थाने में महिला के पति लखपत बागरिया के खिलाफ दहेज के लिए मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। वजीरपुर थानाधिकारी योगेंद्र शर्मा ने बताया कि 28 दिसंबर को सूरत में पति लखपत ने पत्नी प्रियंका से 50 हजार रु. की मांग करने के साथ ही उस पर पिता की जमीन में से हिस्सा मांगने का दबाव बनाया। महिला ने ऐसा करने से मना कर दिया, जिससे आरोपी पति ने महिला के मुंह पर तेजाब डाल दिया, जिससे महिला का पूरा चेहरा झुलस गया।

# दिल्ली में मेयर के चुनाव में भाजपा और आप में जबरदस्त खींचतान

- **विवाद इतना बढ़ गया कि, सदन की कार्यवाही ही स्थगित कर दी गई**
- **आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि भाजपा नामित पार्षदों को वोट करने का अधिकार देना चाहती है ताकि मनमाने तरीक़े से अपना महापौर बना सके।**

नई दिल्ली, 6 जनवरी।भाजपा और आप पार्टी के पार्षदों के बीच जबरदस्त खींचतान और हंगामे के कारण दिल्ली नगर निगम के महापौर का चुनाव शुक्रवार को नहीं हो सका। महापौर के चुनाव से पहले निगम पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में जबरदस्त हंगामा हुआ जिसके कारण सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

निगम में सदन की कार्यवाही शुरू होते ही पीठासीन अधिकारी सत्या शर्मा ने सबसे पहले उपराज्यपाल की तरफ़ से नामित पार्षदों को शपथ दिलाने के लिए एक सदस्य का नाम पुकारा जिसके बाद आम आदमी पार्टी के सबसे वरिष्ठ पार्षद मुकेश गोयल ने कहा कि यह प्रक्रिया ग़लत है। गोयल ने कहा कि सबसे पहले चुने हुए पार्षदों को शपथ दिलाई जाए उसके बाद सदन में ज़ोरदार हंगामा शुरू हो गया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आप के पार्षदों ने हंगामा शुरू कर दिया। सदन की कार्यवाही के बाद भी दोनों दलों की और से हंगामा जारी है।

उल्लेखनीय है कि निगम के 250 वार्डों में हुए चुनाव में आप ने 15 साल से दिल्ली नगर निगम में बनी भाजपा को हराकर 134 वार्डों में जीत दर्ज की थी जबकि भाजपा को 104 वार्ड में जीत मिली थी। इस बार कांग्रेस के नौ पार्षद जीतकर आए हैं।

आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नामित पार्षदों को वोट करने का अधिकार देना चाहती है ताकि मनमानी तरीक़े से अपना महापौर बना सके।

राज्य सभा सांसद संजय सिंह, विधायक सौरभ भारद्वाज और राज्य सभा सदस्य सुशील गुप्ता ने शुक्रवार को एक इस मामले में यहाँ सिविक सेंटर में संवाददाता सम्मेलन किया।

# कर्नाटक में चला पर तमिलनाडू में नहीं चल पा रहा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

याद दिलाती रहती है कि इस बिन्दु पर वर्तमान स्थिति यथावत बनी रहेगी तथा मंदिरों से सरकारी नियंत्रण नहीं हटेगा।

तमिलनाडु सरकार का ''हिन्दू रिलीजियस एंड चैरिटेबल एनडाउमेंट्स (एच.आर. एंड सी.ई.) विभाग हिन्दू रिलीजियस एंड चैरिटेबल एनडाउमेंट्स एक्ट, 1959 के तहत, राज्य के 44,000 का प्रबंधन करता है। तमिलनाडु सरकार के सूत्रों का कहना है कि ''सरकार मंदिरों को मुक्त करने के पूरे तरह खिलाफ है क्योंकि ऐसा करने से कई प्रकार के गलत तौर-तरीकों तथा मंदिर के पैसे के दुरुपयोग का रास्ता खुल जायेगा।''

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने कहा है कि सरकार किसी धर्म के खिलाफ नहीं है, जैसा कि गलत तरीके से चित्रित किया जा रहा है। बात केवल यह है कि सरकार यह चाहती है कि मंदिरों की प्रतिष्ठा समानतावादी स्थलों के रूप में, असमानता-रहित स्थलों के रूप में रहे। किसी का नाम लिये बिना, उन्होंने कहा कि जो लोग पार्टी (द्रमुक) को नापसंद करते हैं, द्रमुक को धर्म-विरोधी पार्टी के रूप में चित्रित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार किसी धर्म के खिलाफ नहीं है लेकिन धर्मान्धता या धार्मिक कट्टरता के खिलाफ है। स्टालिन ने कहा, ''यह सरकार धर्म या जाति, मंदिर या भगवान के बीच को भेदभाव नहीं करती है। हम राज्य के सभी धार्मिक संस्थाओं का ध्यान रख रहे हैं। यही कारण है कि लोग अब भी हमारी सरकार को समर्थन दे रहे हैं। जो लोग हमारी आलोचना करते हैं, वे इस क्रिया-कलाप के जरिये, यह महसूस करेंगे कि हमारे सारे प्रयास समतावादी समाज की सुनिश्चित करने के लिये हैं।''

1500 आदि द्रविड़ तथा आदिवासी मंदिरों तथा इतनीसंख्या में तमिलनाडु के गाँवों में बने मंदिरों में से प्रत्येक को मरम्मत एवं पुनरुद्वार के लिये 2 लाख रू. सरकारी अनुदान देते हुये, मुख्यमंत्री ने कहा कि वे ''हिन्दू रिलीजियस एंड चैरिटेबल एन्डाउसमेंट्स डिपार्टमैंट को, गृह विभाग जो स्वये उनके पास है, तथा उद्योग विभाग के बाद, सर्वाधिक महत्व दे रहे हैं ताकि वह बड़ी संख्या में कल्याणकारी कार्य शुरु कर सके।

एच.आर. एवं सी.ई. डिपार्टमैंट के तत्वावधान में आयोजित एक समारोह में बोलते हुये, मुख्यमंत्री ने कहा, ''मेरा लक्ष्य सभी विभागों में बराबर विकास को सुगम बनाना है। लेकिन जो लोग इस बात की समझ नहीं रखते तथा द्रविड़वाद को नापसंद करते हैं, हमें धर्म-विरोधी के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश कर रहे हैं। हम धार्मिक कट्टरता एवं धर्मोन्माद के खिलाफ हैं, धर्म के खिलाप नहीं है।''

उन्होंने कहा, ''आज सरकार ने 2500 मंदिरों के पुनररुद्धार के लिये 50 करोड़ रू. जारी किये हैं। डी.एम.के. के सत्ता में आने के बाद, मंदिरों के विकास के लिए अनगिनत कामों की शुरुआत हुई है।''

सरकार द्वारा गठित की गई एक विशेषज्ञ समिति ने सरकार को सुझाव दिया कि सरकार एच.आर. एंड सी.ई. विभाग के तहत संचालित करीब 44,000 मंदिरों की मरम्मत, पुनरोद्धार तथा भक्तों की सुख-सुविधाओं का काम शुरु कराये।

इस मार्गदर्शन के अनुसार, करीब 3,986 मंदिरों के पुनरोद्धार के लिये 100 करोड़ रू. मंजूर कर दिये गये। सरकार वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान विधानसभा में की गई 112 में से 91 घोषणाओं को क्रियान्वित कर चुकी है। स्टालिन ने जानकारी देते हुये आगे कहा कि वर्ष 2022-23 के दौरान की गई 165 में से 132 घोषणाओं पर काम चल रहा है। स्टालिन ने कहा कि द्रमुक सरकार हिन्दू मंदिरों या धर्म के खिलाफ नहीं है।

स्टालिन ने कहा, ''मंदिर हमारी कला एवं संस्कृति के प्रतीक, परिष्कृत स्थापत्य के प्रमाण एवं कलात्मक उत्कृष्टता के उदाहरण हैं।

इसलिये, हम उनका संरक्षण कर रहे हैं तथा ऐसा करना हमारा कर्तव्य है।'' उन्होंने कहा कि सरकार ने मंदिरों में अर्चना करने के लिये तमिल भाषा के प्रयोस के लिये रास्ता सुगम बनाने के काम में लगी हुई है।

मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा, ''लोगों, जिनके साथ जाति के नाम पर भेदभाव होता है, के साथ ही नहीं, बल्कि मंदिरों के साथ भी- गाँव के मंदिरों, धनवान मंदिरों, धनहीन मंदिरों के रूप में भेदभाव नहीं होना चाहिये। यह सरकार बिना किसी पूर्वाग्रह के, इन सब की मदद कर रही है।''

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908